■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 296
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
31 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




**हजारों दीयों को एक ही दिए से बिना उसका प्रकाश कम किए जलाया जा सकता है, खुशी बांटने से खुशी कभी कम नहीं होती।**

# सहकारी क्षेत्र में काफी आगे बढ़ेगा बिहार : अमित शाह

## गृह मंत्री ने सीएम के साथ 823 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने बीते दस साल में गरीबों के लिए काम किया है। मोदी जी ने गरीबों की मदद के लिए सहकारिता क्षेत्र में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होने वाला है। अमित शाह पटना के बापू सभागार में आयोजित सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन काल में बिहार चौपट हुआ। यहां की चीनी मिलें बंद हो गई। लालू यादव ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं लालू जी से पूछता हूं कि आपने गरीबों के लिए कुछ किया है तो उसका खाका लेकर आइए। अमित शाह ने कहा कि लालू -राबड़ी की सरकार को हमेशा के लिए इतिहास में 'जंगलराज' के रूप में जाना जायेगा। इन्होंने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया। उन्होंने कहा कि राजद के शासन काल में अपहरण, हत्या, लूट और नरसंहार हुआ करता था, जिससे बिहार का नाम बदनाम हुआ। अमित शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। अब यह नहीं कहा जा सकता है कि बिहार में जंगल राज है। उन्होंने कहा कि जब केन्द्र में यूपीए सरकार थी तब लालू केन्द्र में मंत्री थे। उस समय बिहार को 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए मिले थे। जबकि मोदी सरकार में बिहार को 9 लाख 23 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके साथ ही 4 लाख करोड़ की सड़क-पुल,एक लाख करोड़ की रेल और दो लाख करोड़ रुपए की एयरपोर्ट परियोजनाएं दिए। अमित शाह ने कहा कि 2025 में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनायें। भाजपा और जदयू मिल कर बिहार का विकास करेगी। उन्होंने कहा कि हम बंद चीनी मिलों को फिर से चालू करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने चार विभागों के 823 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने 100 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम भी बांटे। अमित शाह ने बापू सभागार से ही मिथिलांचल की महत्वाकांक्षी परियोजना मखाना प्रोसेसिंग सेंटर का आनलाइन उद्घाटन किया।



## मुख्यमंत्री ने दी ईद की बधाई

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पवित्र रमजान के महीने में रोजेदारों द्वारा की गयी इबादतों से उनके घर-परिवार के साथ-साथ प्रदेश और देश में शान्ति एवं समृद्धि आयेगी। मेरी कामना है कि समाज में अमन-चैन, भाईचारा पूरे तौर पर कायम रहे। ईद का दिन ईनाम का दिन है। खुदा इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को ईनाम से नवाजते हैं। खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और हम सबों का जीवन सुख, शांति, समृद्धि से भरा रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक महान देश है।

# अमित शाह की मौजूदगी में नीतीश के आवास पर हुई एनडीए नेताओं की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर एनडीए की बैठक हुई। इसमें भाजपा, जदयू, लोजपा (रा), रालोमो और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया जिसमें केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, विजय चौधरी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंगल पांडेय, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, हम अध्यक्ष संतोष सुमन आदि मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर शुरुआती रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही आने वाले समय में कैसे एनडीए जमीनी स्तर पर जनता से और बेहतर जुड़ाव स्थापित करे इस पर रणनीति तय की गई। इस बैठक में पूरी एकजुटता के साथ बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने पर एनडीए नेताओं ने अपनी सहमति दी। इस दौरान एनडीए नेताओं ने फोटो खिंचवाया और एकजुटता का संदेश दिया।

# बिहार के विकास में केन्द्र का पूरा सहयोग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सामने कहा कि मुझसे दो बार गलती हो गई थी। वे दो बार एनडीए छोड़ कर गये, लेकिन अब ऐसा कभी नहीं होगा। सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। यह मैं कैसे भूल सकता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से बड़े स्तर पर लोगों को लाभ हो रहा है। आज अमित शाह जी यहां आए हैं, मैं इनका अभिनंदन करता हूं। सहकारिता के क्षेत्र में लाभुकों को विभिन्न लाभों का वितरण किया गया है। साथ ही कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन के साथ ही सहकारी क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है, जिससे काफी लाभ हो रहा है। इसके लिए सहकारिता मंत्री अमित शाह को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता के रूप में बिहार को कई क्षेत्रों में केंद्रीय सहायता दी गई है। 2025 के बजट में मखाना बोर्ड का गठन और हवाई अड्डा के विकास की घोषणा की गई है। हाल में ही केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार से जुड़े दो बड़े प्रोजेक्ट, कोसी-मेची रिवर प्रोजेक्ट और पटना-आरा-सासाराम फोरलेन कॉरिडोर प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी है। इसके लिए पीएम मोदी का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए बहुत अच्छा काम हो रहा है।





# नए पम्बन ब्रिज के उद्घाटन से पहले सफल परीक्षण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामेश्वरम।** रेलवे, कोस्ट गार्ड, राज्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने नए पम्बन ब्रिज के उद्घाटन से पहले एक सफल पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान नए और पुराने पम्बन ब्रिज को समन्वय के साथ संचालित करने का परीक्षण किया गया। पूर्वाभ्यास के तहत सबसे पहले पुराने पम्बन ब्रिज को उसके शेरजर स्पैन के साथ खोला गया ताकि कोस्ट गार्ड का जहाज गुजर सके। इसके बाद नए पम्बन ब्रिज के लिफ्ट स्पैन को उठाकर जहाज को पार कराया गया। फिर स्पैन को पुनः नीचे लाने की प्रक्रिया पूरी कर समय को मापा गया। ट्रेन संचालन के परीक्षण के दौरान पम्बन से मंडपम और मंडपम से पम्बन तक एक ट्रेन चलाई गई, जिससे रेलवे अधिकारियों ने समय प्रबंधन और सुरक्षा मानकों की जांच की। अधिकारियों ने परीक्षण को पूरी तरह सफल करार दिया और कहा कि यह पूर्वाभ्यास नए पम्बन ब्रिज के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण था। नए ब्रिज के उद्घाटन की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं और इसके जल्द ही जनता के लिए खोले जाने की संभावना है।



# एनडीए की सरकार बनी तो पांच साल में बिहार को बाढ़ से मुक्ति : अमित शाह

## पूरी दुनिया को आकर्षित करेगा बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज/पटना।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बिहार में एनडीए की जीत पक्की करने के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गोपालगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने मोदी सरकार के विकास कार्यों को गिनाया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से एनडीए को जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि साल 2025 में विधानसभा चुनाव होना है। बिहार को ये तय करना है कि लालू राबड़ी के जंगल राज की ओर जाना है या मोदी जी और नीतीश जी के विकास के रास्ते पर जाना है।



अमित शाह ने राजद और कांग्रेस पर बिहार को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लालू ने अपनी बेटी को राज्यसभा में, पत्नी राबड़ी देवी को सदन में और अपने भाई और साले को भी राजनीति में सेट किया, लेकिन बिहार के युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। बिहार के युवाओं को नरेंद्र मोदी ने रोजगार दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार की जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि अगर एनडीए की सरकार बनती है तो पांच साल में बिहार को बाढ़ से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता से की अपील है कि प्रदेश में मोदी जी और नीतीश जी की सरकार बनानी है। एनडीए की सरकार बनानी है। अमित शाह ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि लालू जी को लाज भी नहीं है। गोमाता का चारा तक खा गए। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सबसे पहले लोगों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि, चाहे देश की स्वतंत्रता का आंदोलन हो या जयप्रकाश नारायण का आंदोलन हो, हमेशा इस भूमि ने देश को रास्ता दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब से एनडीए की सरकार बनी बिहार में विकास हुआ। बिहार ने मोदी की झोली कमल से भरने का काम किया जो काम 65 साल कांग्रेस नहीं कर पाई वह काम 10 साल में मोदी सरकार ने किया।

# बाबा साहेब के अपमान का बदला लेगा बिहार : राजेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने भाजपा और जदयू गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब भी यह गठबंधन बिहार की सत्ता में आता है, तब युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में घोटाले कर युवाओं को नौकरी से वंचित कर दिया जाता है जिससे उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने बिहार को अपराधियों के हवाले कर दिया है जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बिहार आज अवैध शराब



माफिया के कब्जे में है और भ्रष्टाचार के कारण राज्य कंगाली की ओर बढ़ रहा है। राजेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर कई बड़े सवाल उठाए जिनमें कहा गया है कि राज्यसभा में अमित शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान क्यों किया, जाति सर्वेक्षण को 9वीं अनुसूची में क्यों नहीं डाला? वक्फ संशोधन विधेयक लाकर अल्पसंख्यकों की भावनाओं के खिलाफ कदम क्यों उठाया जा रहा है, अपराधियों को संरक्षण क्यों, मोदी सरकार का पैकेज कहां गया, बालू और शराब माफिया को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बिहार ने हमेशा देश और राजनीति की दिशा तय की है और इस बार भी विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को करारी शिकस्त देगा। उन्होंने दावा किया कि जनता इस बार कांग्रेस के नेतृत्व में बिहार को भ्रष्टाचार और अपराध से मुक्त करने के लिए वोट करेगी।

# दो घरों में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** हवा के साथ आई हल्की चिंगारी ने दो घरों को अपने आग के आगोश में ले लिया और देखते ही-देखते भयावह रूप में दोनों घरों के सारे सामान जलकर खाक हो गए जहां लाखों रुपए के संपत्ति का नुकसान हुआ है। मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दूधीचक गांव की है जहां पर अगलगी में दो घरों में भारी नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसके बारे में अभी तक किसी को कुछ पता नहीं है। अगलगी में दो मोटरसाइकिल, तीन साइकिल, एक टेंपो, पटवन करने वाला मोटर, सीडी, 20 बोरा चना मसूर की फसल अन्य कपड़े भी जलकर खाक हो गए। दूधीचक गांव में सुखदेव चौधरी और रामा चौधरी के घर में आग लगी है और घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया है अगलगी में आग बुझाने के दौरान राम चौधरी के भी हाथ और पैर झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी और डायल 112 पहुंची और फिर बची हुई धुएं को बुझाने में जुटी रही। पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुटी है।

# श्रीराम का अनुसरण सफलता का मूल मंत्र : डॉ अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विष्णु अवतार श्रीराम ने अपना संपूर्ण जीवन बिना कोई चमत्कार दिखाए मनुष्य की मर्यादा में रहकर जीवन जीने की कला सिखाया है। श्रीराम का अनुसरण कर जीवन सफल हो जाता है, यह सफलता का मूल मंत्र है। राम राज्य में सभी प्रजा सुखी एवं शांतिपूर्वक जीवनयापन किये। उक्त बातें अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा पटना सिटी चौक स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव सह नववर्ष मिलन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकृति का प्रारंभ भी चैत्र




मास से ही होता है वातावरण में हरियाली छा जाती है। नई फसल आते हैं, पेड़ों पर हरे पत्ते लग जाते हैं, किसानों में खुशहाली आती है, विक्रम संवत कैलेंडर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी जीवनोपयोगी एवं सबसे पुराना है। सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार ने बताया कि विक्रम संवत थी विश्व का प्रथम कैलेंडर है।

श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव में सर्वप्रथम भगवान श्री राम को दूध, दही, मधु, गंगाजल से स्नान करा कर उनका राज्याभिषेक कर सभी लोगों ने टीका लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्राह्मणों के बीच वस्त्र दान किया गया, समाज के विभिन्न क्षेत्रों यथा स्वास्थ्य, शिक्षा, पौधारोपण, आध्यात्मिक, सामाजिक कार्य करने वाले उत्कृष्ट साठ गणमान्य व्यक्तित्व को सनातन सम्मान से सम्मानित किया गया। सैकड़ों राम भक्तों की उपस्थिति आज नववर्ष मिलन समारोह का दृश्य बड़ा ही विहंगम एवं अद्भुत रहा। सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को श्रीराम अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही हनुमान चालीसा एवं प्रसाद स्वरूप अमृत फल वितरित किया गया। समारोह को वीणा प्रकाश, विकास मौडीवाल, गौरव अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

# विश्वविद्यालय शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने राज्यपाल से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शिक्षकों ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभाजन के बाद ग्रुप बीमा की राशि सेवानिवृत्त कर्मियों को नहीं मिल पाया है। कई की वृद्धि की घोषणा के बाद भी कई एरिअर राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। विश्वविद्यालय सेवा आयोग से नियुक्त विभिन्न शिक्षकों को विगत नौ महीने से भुगतान नहीं हुआ है। राज्यपाल ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर मिथिलेश तिवारी और बी डी कॉलेज के दर्शनशास्त्र के डॉ दिवाकर कुमार पांडेय सम्मिलित थे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना जरूरी : नीतू नवगीत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने आर ब्लॉक एरिया और रविंद्र भवन के आसपास वाले क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जिसमें उन्होंने पटना के लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ लोक गायक राजेश केसरी, चंदन उगना, दिव्या श्री, डॉ परिणीता कुमारी, रीता जैन, कोमल गुप्ता, अर्चना कुमारी सहित अनेक दूसरे कलाकारों ने भी लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सभी लोगों को बताया गया कि स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूरी है। नीतू नवगीत ने अनुरोध किया कि देश की स्वच्छता रैंकिंग में पटना शहर की बेहतरी के लिए अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना चाहिए और अपना फीडबैक देना चाहिए। सभी लोगों से प्राप्त फीडबैक के विश्लेषण करने से जो नतीजे आते हैं उसे पटना शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर करने में मदद मिलती है।

# फर्नीचर दुकान में लगी आग, 12 लाख का सामान खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ थाना अंतर्गत बेढ़ना पंचायत के शांति टोला मोहल्ला में स्थित फर्नीचर दुकान में शनिवार रात्रि लगभग 12 बजे आग लग गई। इस घटना में दो गायें जलकर मर गई, वहीं तीन गायें झुलस गई। फर्नीचर के गोदाम में लगभग 12 लाख की लकड़ी से बनी पलंग व अन्य सामग्री जलकर राख हुई है। वही गोदाम से सटे द इंपीरियल एकेडमी स्कूल को लोगों ने मिलकर आग में जलने से बचा लिया। पीड़ित सुमन कुमार ने बताया कि लगभग 12 बजे रात्रि में एक पड़ोसी ने घर में जाकर आग लगने की सूचना दी जिसके बाद सभी लोग आनन-फानन में फर्नीचर बनाने की दुकान में पहुंचे। तब तक आग की लपटें तेज हो चुकी थी। हम लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया जिसके बाद अग्निशामक को इसकी सूचना दी गई। अग्निशामक लगभग 1 घंटे बाद मौके पर पहुंची, तब तक पूरा गोदाम जलकर राख हो गया। पीड़ित का कहना है कि असामाजिक तत्वों के द्वारा लगाई गई है। घटना की जानकारी स्थानीय थाने में दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

# वक्फ संशोधन बिल का लोजपा(रा) संसद में समर्थन करेगी : चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा (रा) अध्यक्ष चिराग पासवान ने वक्फ संशोधन बिल पर कहा कि हमलोगों का स्टैंड शुरू से स्पष्ट रहा है कि यह बिल कम से कम एक कमेटी में जाना चाहिए। मुझे इस बात की खुशी है कि इसको जेपीसी में भेजा गया। हमलोग चाहते थे कि कम से कम एक स्टेक होल्डर जो इससे जुड़ा हुआ है, उसको अपनी बातों को रखने का मौका मिले। जेपीसी में हर पार्टी का प्रतिनिधित्व होता है और हर पार्टी के सांसद कमेटी में मौजूद होते हैं। हमारी पार्टी के भी सांसद अरुण भारती उस कमेटी के सदस्य थे। उन्होंने



कहा कि जेपीसी के समक्ष वक्फ से जुड़े हर एक स्टेक होल्डर ने अपनी बातों को रखा। मुसलमानों में भी कई ऐसे मुस्लिम हैं जिन्होंने बिल से जुड़े सभी बिंदुओं पर अपना समर्थन देने का काम किया है। हमलोगों ने शुरू से स्पष्ट कर रखा था कि कमेटी की जो रिपोर्ट आएगी लोजपा(रा) उसका समर्थन करेगी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। संसद में इस बिल के ऊपर चर्चा होगी। लोकसभा में अगर पार्टी की तरफ से कुछ बातों को रखने की जरुरत होगी तो रखा जाएगा। वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह के बिहार दौरे और मुख्यमंत्री आवास पर एनडीए की बैठक पर उन्होंने कहा कि एनडीए की एकजुटता के लिए यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे से गठबंधन की मजबूती बढ़ेगी। हमारा गठबंधन हैंड्स एंड ग्लोव्स की तरह नहीं है। 2025 चुनाव के लिए रणनीति पर आज चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है।

# बच्चे राष्ट्र के भावी कर्णधार : एसडीपीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** अचुआरा गांव में संचालित माउंट लिट्रा जी स्कूल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार, चेयरमैन शिक्षाविद कौशल किशोर शर्मा एवं प्राचार्य संघमित्रा दास ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि बच्चे राष्ट्र और समाज के भावी कर्णधार हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही हम जीवन में बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि बाढ़ बीडीओ कुमारी अंजु ने कहा कि निरंतर मेहनत और लगन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि



वे आदर्श नागरिक बन देश और घर-परिवार का नाम रोशन करें। चेयरमैन कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि बच्चों में निहित नैसर्गिक प्रतिभा को निखारना ही स्कूल प्रबंधन का मुख्य मकसद है। बच्चों की मेधा और प्रतिभा को देखकर मन अभिभूत हो जाता है। मौके पर मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा स्कूल की वार्षिक स्मारिका 'IGNITE' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग साढ़े तीन सौ बच्चों को विभिन्न सृजनात्मक क्षेत्रों में सफलता हासिल करने वास्ते प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधे रखा। मौके पर मुनेश्वर कुमार, शिक्षक अनुज कुमार, आकाश सिंह, संगीता झा सहित बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

# 20335 करोड़ के बजट से होगा हेल्थ केयर प्रोफेशनल का कायाकल्प : प्रो रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व विधान पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति काफी गंभीर है और इस साल बिहार सरकार ने 20335 करोड़ का बजट स्वास्थ्य विभाग के लिए लाया है। इस बजट से जब बिहार में नए अस्पताल खुलेंगे और स्वास्थ्य सुविधा बढ़ेगी तब बिहार का कल्याण होगा साथ ही साथ बिहार में फिजियोथैरेपिस्ट रेडियोलॉजिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ सहित हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स का भी कायाकल्प होगा। प्रोफेसर रणवीर नंदन रविवार को राजधानी के ऊर्जा सभागार में ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के तत्वावधान में आयोजित मेडिकॉन 2025 का उद्घाटन कर रहे थे। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि शरीर के किसी भी अंग में जब दवा से सुधार नहीं होता वैसी स्थिति में फिजियोथेरेपी ही काम करती है और अब तो हर बीमारी के इलाज में फिजियोथेरेपी की सेवा ली जाती है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद के सदस्य रहते हुए सदन में



फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली हेतु सरकारी अस्पताल में करने का मामला सदन में उठाया था और उसके बाद से राज्य में बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली की गई। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार कई तरह की बदलाव कर रही है। पीएमसीएच जहां 5000 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बन गया है वहीं डीएमसीएच में 2500 बेड का अस्पताल बन रहा है जब राज्य में अस्पताल बढ़ेंगे स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास होगा तब प्रदेश में हेल्थ केयर प्रोफेशनल की भी बड़ी संख्या में जरूरत होगी।

# एलआइसी ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के बीच समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य अतिथि गृह, पटना में शुक्रवार को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पूर्व मध्य क्षेत्र ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर के बीच एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलआईसी में लागू आरक्षण नीति, रोस्टर रजिस्टर, ओबीसी कर्मचारियों के लिए उचित कार्यालय स्थान की उपलब्धता, संगठन के पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य आवश्यक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक दिशा-निर्देश दिए और समाधान के लिए आश्वासन भी दिया। बैठक में पूर्व मध्य क्षेत्र एलआईसी ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ, पटना के क्षेत्रीय महामंत्री चन्द्र प्रकाश, उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, संयुक्त सचिव राकेश कुमार, कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजय कुमार एवं ऑल इंडिया के महामंत्री अशोक कुमार समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को ओबीसी कर्मचारियों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जिससे उनकी कार्यस्थितियों और अधिकारों में सुधार की संभावना बढ़ गई है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए बारहवीं के टॉपर छात्र- छात्राएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के अग्रणी कॉमर्स कोचिंग की सूची में शामिल सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष बीएसईबी बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में 80 प्रतिशत से अधिक तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के 100 छात्रों को सम्मानित किया गया। बोरिंग रोड स्थित एकेडमी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार, निदेशक सीए विवेक कुमार एवं कार्यकारी निदेशक एचएस तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात संस्थान के निदेशकों ने बिहार बोर्ड में तीसरा स्थान लाने वाले छात्र निशांत राज को 25,000 एवं मुंगेर जिला टॉपर अंकित कुमार, जमुई जिला टॉपर राम कृपाल, सिवान जिला टॉपर किशन कुमार, बक्सर जिला टॉपर रागिनी वर्मा, बेगूसराय जिला टॉपर नमन राज, लखीसराय जिला टॉपर अभिजीत भारद्वाज को 5,000 का चेक मोमेंटो, शैक्षणिक प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

# 1312 ग्राम गांजा के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मादक पदार्थ के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत मसौढ़ी पुलिस ने मसौढ़ी के पूर्वी बस स्टैंड स्थित एक मार्केट के दुकान से 1312 ग्राम गांजे के साथ गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार, कुम्हारटोली बताया जाता है। दरअसल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कई दिनों से गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिल रही थी कि उक्त मार्केट में धड़ल्ले से वृहद पैमाने पर गंजा की बिक्री की जा रही है जिसको लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन पर टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई है जहां उस मार्केट से रंगे हाथ 1312 ग्राम गांजे के साथ गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है, इस पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही

# पूर्व मंत्री शयामल नबी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार सहित वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मंत्री एवं बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमायल नबी साहब के निधन पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि शमायल नबी के निधन से पार्टी और समाज को भारी क्षति हुई है। उन्होंने उनके निधन पर परिजनों से मिलकर ढांढ़स बढ़ाया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार उनके पार्थिव शरीर का दर्शन करने भी पहुंचे। दुःख व्यक्त करने वालों में कांग्रेस विधानमंडल दल नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में पार्टी के नेता डॉ मदन मोहन झा, राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, एआईसीसी के पूर्व महासचिव व सांसद तारिक अनवर, कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन राजेश राठौड़, मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, अजय चौधरी, आनंद माधव, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ सिंहा, शशि रंजन यादव, अरशद अब्बास आजाद, राजीव मेहता, मंजीत आनंद साहू सहित अन्य नेतागण शामिल रहे।

# घर में घुस कर तोड़फोड़, मारपीट व महिलाओं के साथ अश्लील हरकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पत्थरहट पंचायत के मधुबन गांव में एक घर में घुसकर दो दर्जन से अधिक असामाजिक तत्वों द्वारा घर में न केवल तोड़फोड़ की बल्कि घर में महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए अश्लील हरकत भी करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल इस पूरे मामले में एक वादिनी ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है जिसमें चार नामजद समेत 30 अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वादिनी के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में बताया है कि घर में सुमन कुमार पिता दिनेश यादव, राहुल कुमार पिता नागेंद्र यादव, गुंजन कुमार पिता ईश्वरी यादव, रंजन कुमार पित मल्लु यादव सभी साकिन पत्थहर घर में हथियार के साथ घुसकर मारपीट करने लगे, तोड़फोड़ किए और बचाने आए रूबी देवी, विनोद यादव का लोहे के रॉड से पिटाई कर दिए। इसके अलावा नेहा कुमारी पिता गोपाल बिंद को हाथ पर रॉड से वार किया गया। पूनम कुमारी राजनंदन को भी चोट लगी है यहां तक कि अंबिका बिंद को कमर और पैर में भी चोट लगी है और मेरे साथ कपड़े फाड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की गई है, हो हल्ला करने पर दर्जनों राउंड फायरिंग कर भाग निकले। थानाध्यक्ष ने बताया कि उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है।

# मसौढ़ी गांधी मैदान में पढ़ी जाएगी सामूहिक नमाज

## मसौढ़ी अनुमंडल में 37 जगहों पुलिस मजिस्ट्रेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ईद उल फितर पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसे में गांधी मैदान मसौढ़ी में सामूहिक नमाज पढ़ी जाएगी जिसको लेकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा कई प्रशासनिक तैयारियां की गई है। मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 37 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट और आठ वरीय दंडाधिकारीयों की तैनाती की गई है। पुलिस पेट्रोलिंग हर चौक-चौराहे पर किया जाएगा। अतिसंवेदनशील जगहों में मसौढ़ी के संघतपर और पुनपुन के डुमरी को चिन्हित किया गया है जहां पर पुलिस की कड़ी मुस्तैदी होगी और सभी मस्जिदों के आसपास के इलाकों को रास्तों को अलर्ट मोड में रखा गया है। इसके अलावा 13 संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए पुलिस की सख्त पहरा लगाया जायेगा। मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के सभी मस्जिदों जहां पर नमाज पढ़ी जाएगी। इसके अलावा अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जहां पर तीन पालियों में कुल 20 कर्मचारी ड्यूटी पर मुस्तैद होंगे, पूरे विधि व्यवस्था का वरीय प्रभार वरीय उपसमाहर्ता कोमल किरण को सौंपा गया गया है। वहीं गांधी मैदान में सामूहिक नमाज के दौरान अंचलाधिकारी के नेतृत्व में तीन पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# डिहरी नगर परिषद बोर्ड ने 1.79 अरब रुपये के बजट की दी मंजूरी

## भवन के लिए 12 करोड़ व सड़क व ब्रिज पर 22 करोड़ खर्च होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी डालमियानगर के बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने ध्वनिमत से करीब 1 अरब 79 करोड़ 69 लाख के भारी-भरकम बजट को मंजूरी दी है। यह पिछले वित्तीय वर्ष से अधिक है। शनिवार की दोपहर बैठक आहूत की गई थी जिसमें शहर के सौंदर्यीकरण को खासा तवज्जो दी गई है। इसके साथ ही बुनियादी सेवा पर भी जोर दिया गया है। नप की मुख्य पार्षद शशि कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में खर्च होने वाली राशि और आमदनी के विभिन्न स्त्रोतों को मंजूर किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के मुताबिक राजस्व प्राप्ति के रूप में करीब 64 करोड़ 47 लाख रुपए और पूंजीगत प्राप्ति 95 करोड़ 89 लाख रुपए का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राजस्व भुगतान करीब 87 करोड़ 20 लाख रुपए रखा गया है जिसमें स्थापना मद में 9 करोड़ 36 लाख रुपए, प्रशासनिक खर्च 3 करोड़ 63 लाख रुपए, ऑपरेशन मेंटेनेंस पर 54 करोड़ 54 लाख रुपए वहीं कार्यक्रम पर 14 करोड़ 50 लाख रुपए निर्धारित है। पूंजीगत भुगतान के रूप में 92 करोड़ 50 लाख रुपए के करीब खर्च किए जाएंगे जिसमें भवन पर 12 करोड़ 27 लाख रुपए, सड़क और पुल पर 21 करोड़ 95 लाख रुपए, नल और नाली निर्माण पर 11 करोड़ तथा जल प्रणाली पर एक करोड़ 49 लाख रुपयों के साथ ही पब्लिक लाइट पर 7 करोड़ 12 लाख रुपए पूंजीगत खर्च किए जाएंगे। अंतिम अवशेष के रूप में 3 करोड़ 99 लाख रुपए है। अधिकारी के मुताबिक टैक्स से 4 करोड़ 61 लाख रुपए और स्टांप ड्यूटी एवं प्रोफेशनल तरीके से 9 करोड़ 25 लाख रुपए वसूलने को भी मंजूरी मिली है। नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि पार्षदों ने नागरिक सुविधाओं सहित शहर के सौंदर्यीकरण, शहरी गरीबों के लिए आवास सहित विशेष स्वच्छता को बल दिया है। इसके साथ ही नव निर्माण के कई रास्तों को मंजूरी दी है जिससे शहरी जीवन को उन्नत बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने सबके सहयोग के लिए उन्हें बधाई दी है। कहा कि केंद्र सरकार से करीब 34 करोड़ एवं राज्य सरकार से करीब 59 करोड़ 45 लाख रुपए से ज्यादा पूंजीगत प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। शहरी क्षेत्र के लिए कुल 1 अरब 79 करोड़ 69 लाख रुपए से अधिक का बजटीय प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी जल जीवन हरियाली, स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने के प्रयास हैं। कबीर अंत्येष्टि, आजीविका मिशन के लिए रुपए खर्च करने को प्रावधानित किया गया है। बजट बैठक के दौरान नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, पूर्व उप मुख्य पार्षद बिंदा देवी, पार्षद नेहा देवी, रंजना श्रीवास्तव, धर्मशीला देवी, ऋतु हजारिका, कलावती देवी, रवि शेखर, मीरा गुप्ता, मीना देवी अनिता देवी, रोशनी देवी, मुजिबुल हक, आनंद चौधरी, सोनू चौधरी, आरती देवी, मंजू देवी, समीर आलम, विशाल कुमार, राजेश कुमार, श्याम बिहारी प्रजापति, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# ईद व रामनवमी को लेकर डालमियानगर थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को डालमियानगर थाना परिसर में ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। जय भारती सेवा संस्थान के सचिव विनय बाबा उर्फ विनय मिश्रा ने कहा कि एकता चौक के ट्रैफिक की मांग की। नंद यादव ने कहा कि हाई स्कूल के रास्ते गुजर रहे ट्रकों से स्कूली बच्चों को बचाई। थानाध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी की जुलूस निकालना है तो सबसे पहले लाइसेंस लेना होगा। ललित सिन्हा ने कहा कि समय-समय से थाना क्षेत्रों में गश्ती कराने की मांग किया। थानाध्यक्ष ने कहा ईद और रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी तरह की सूचना हो तो हमें सूचित करें हम आपके सेवा में हर समय तत्पर हूं। उपस्थित समाजसेवियों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। बैठक में उपस्थित समाजसेवी चंदन यादव, राजु यादव, प्रमोद महतो, ललित सिन्हा, ललन सिंह, बिक्की हजारिका, गंगौली पंचायत के मुखिया देवा नंद सिंह, मनीष कुमार, नागदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।




### आर एस के पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम पीटीएम के रूप में आयोजित

# 300 से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में रविवार को 2025 के सत्र (2024- 25) का वार्षिक परीक्षा का परिणाम पीटीएम के रूप में आयोजित किया गया जिसमें कक्षा प्ले से नवीं तथा 11वीं के करीब 1700 बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित हुए। वार्षिक परीक्षा के परिणाम पी टी एम का मुख्य आकर्षण ये रहा जिसमें करीब 300 से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। उनमें 150 से अधिक बच्चों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके अभिभावकों की खुशी देखते बन रही थी जिनके बच्चों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। डे केयर में बच्चे विद्यालय परिसर में सुबह 7 से शाम 7 बजे तक शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का लाभ प्राप्त करेंगे जिसमें 2 घंटे की डाउट क्लास, मोटिवेशनल क्लास, संगीत क्लास तथा स्पोर्ट्स एक्टिविटी इत्यादि शामिल है। डे केयर की यह सुविधा विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह की दूरगामी सोच का परिणाम है जिसका लाभ विशेष रूप से उन बच्चों को मिलेगा जो आर्थिक तंगी के कारण बड़े शहरों की शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते थे। पीटीएम के दिन सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों का डे केयर के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन तथा अनुशासित व्यवहार के लिए नियमित उपस्थिति को सबसे आवश्यक बताते हुए कहा कि जो विद्यार्थी स्कूल या डे केयर में 80 से 85 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज करेगा ऐसे विद्यार्थी का 100 प्रतिशत विकास संभव है। वार्षिक परीक्षा के सफल प्रदर्शन पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में इससे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह ने सह शैक्षणिक गतिविधियों की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब आर एस के पब्लिक स्कूल रोहतास जिले में शिक्षा के हर क्षेत्र में अपने सर्वोच्च विशिष्ट स्थान के लिए पहचाना जाएगा।

# चैत नवरात्रि के शुभारंभ पर निकली शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** विक्रम संवत 2982 नववर्ष प्रतिपदा व चैत नवरात्रि के शुभ अवसर पर हवन यज्ञ के लिए भव्य शोभायात्रा यात्रा निकली। सकरी के सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग भवन में आयोजित कार्यक्रम से चारों तरफ उत्साह का माहौल हो गया। कार्यक्रम में कैमूर व रोहतास जिले के काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग भवन सकरी से प्रारम्भ हुआ जो सकरी का भ्रमण करते हुए आरओबी से हिट हुए पुनः सत्संग भवन पहुंचा। श्रद्धालु सिर पर स्वर्वेद ग्रंथ व हाथ में अ अंकित झंडा लिए हुए थे। अधिकांश श्रद्धालु सफेद कपड़े पहने थे। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्वेद विहंगम योग का अमूल्य ग्रंथ है जिसे सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने काफी तपस्या के बाद लिपिबद्ध किया है जिसमें मनुष्य के भौतिक व आध्यात्मिक कल्याण के विभिन्न पहलुओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। इसका प्रचार-प्रचार विश्व के कई देशों में तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम संयोजक पीएन शर्मा, योगेंद्र प्रसाद सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रो. दामोदर शर्मा, नंदलाल सिंह, मुकेश कुमार, जवाला प्रसाद, रामनारायण जी, नथुनी कुमार, राजेश कुमार, उमा कुमार, राजेन्द्र शर्मा, उषा देवी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।






# पिता की हत्या कर कर्ज से छुटकारा पाने की थी साजिश, बेटा समेत छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गाड़ी के 18 लाख रुपये बकाया कर्ज से बचने के लिए एक बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने ही पिता की हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा नवादा पुलिस ने किया है। मामले में पुत्र समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**लिंक रोड पर मिला था शव, जांच में हुआ बड़ा खुलासा**

नवादा पुलिस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार ने बताया कि 28 मार्च की सुबह रजौली थाना क्षेत्र के अंधरवारी मोड़ के पास लिंक रोड पर एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। जांच में यह मामला हत्या का निकला। पुलिस ने शव की पहचान मृतक सुरेंद्र पंडित के रूप में की




और परिवार को इसकी जानकारी दी।

**पुलिस ने जब बढ़ाई सख्ती, तो खुल गई हत्या की परतें**

हत्या के बाद नवादा पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और एसडीपीओ रजौली के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम बनाई गई। जांच के दौरान मृतक के बेटे के साढ़ू (बहनोई) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पहले वह गुमराह करता रहा, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद मृतक के छोटे बेटे गोविंद पंडित से भी पूछताछ की गई, तो उसने भी हत्या की साजिश रचने की बात कबूल कर ली।

**18 लाख की किस्त से बचने के लिए रची गई थी हत्या की साजिश**

एसडीपीओ ने बताया कि मृतक सुरेंद्र पंडित के नाम पर दो गाड़ियां थीं, जिन पर 18 लाख रुपये की किस्त बकाया थी। इन गाड़ियों का संचालन उनके बेटे गोविंद पंडित और लक्ष्मण पंडित करते थे। लेकिन किस्त भरने में दोनों को परेशानी हो रही थी। हर बार जब किस्त का समय आता, तो गोविंद अपने पिता से पैसे की मांग करता, जिससे अक्सर झगड़े होते थे। इसी तनाव के कारण गोविंद ने अपने पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उसने कुछ लोगों को पैसे का लालच देकर अपने साथ मिलाया और वारदात को अंजाम दे दिया।

**पुलिस ने 6 लोगों को किया गिरफ्तार, हथियार और बाइक बरामद**

पुलिस ने इस हत्या कांड में शामिल गोविंद पंडित, लक्ष्मण पंडित, सुबीन कुमार (नेमदारगंज थाना क्षेत्र), निरंजन कुमार, सोनू कुमार और सुनील यादव (नालंदा के सिकंदरा गांव) को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो देसी कट्टा, दो बाइक और सात मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से जूता-चप्पल की दुकान में भीषण आग, ढाई लाख की संपत्ति जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** थाना क्षेत्र के अमावां बाजार स्थित एक जूता-चप्पल की दुकान में रविवार सुबह शॉर्ट-सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखे करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के जूते-चप्पल जलकर राख हो गए। पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार मेहता ने बताया कि वे रोज की तरह रविवार सुबह दुकान खोलकर बैठे ही थे कि करीब 8 बजे अचानक आग लग गई। आग लगते ही पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग बुझने तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। दुकानदार ने बताया कि आग लगने की वजह शॉर्ट-सर्किट थी, जिससे दुकान में रखे मूल्यवान जूते-चप्पल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए।

## कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं, समय से पहचान कर इसे ठीक किया जा सकता : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** संसद को कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण प्रैक्टिशनर बहुत ही बेहतर कार्य कर रहे हैं इनका कार्य संतोषजनक है। इन्हें कुछ मानदेय और पेंशन मिले इस बात को मैं लोकसभा में रखनें का काम करूंगा। उक्त बातें रविवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ग्रामीण प्रैक्टिशनरो के एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आरएमपी के कार्यों का सराहना करते हुए कहा कि आप ग्रामीण प्रैक्टिशनर चिकित्सा जगत का रीढ है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बनाए रखने में आपकी हम भूमिका है। मौके पर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है सही समय पर इसका पहचान कर इलाज शुरू करें तो इसका 100 प्रतिशत इलाज संभव है। परंतु अधिकांशतः केस में मैरिज चौथे स्टेज में ही बड़े




अस्पताल का शरण लेते हैं। तब तक मामला काफी क्रिटिकल हो जाता है। उन्होंने कहा कि कैंसर मुख्य रूप से चार प्रकार का होते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में कितने भी कैंसर के बड़े अस्पताल खुल जाएं इसे जड़ से समाप्त करना संभव नहीं है। परंतु ग्राउंड लेवल पर सही इलाज से इसे समाप्त किया जा सकता है। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनिल अकेला ने कहा कि ग्रामीण चिकित्सकों का कोरोना काल के समय काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। वरिष्ठ संरक्षक डॉ श्याम नारायण प्रसाद ने कहा कि आरएमपी गांवों में काफी लोकप्रिय होते हैं। सम्मेलन में नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद, शेखपुरा सहित अन्य जिलों से अच्छे संख्या में आरएमपी चिकित्सक ने भाग लिया। सम्मेलन को प्रसिद्ध चिकित्सक कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर बीबी भारती, यूरोलॉजी सर्जन स्त्री डॉ पवन कुमार भारती, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ किरण कुमारी, डॉ अनिल कुमार, डॉ राजेंद्र प्रसाद भारती, डॉ श्याम नारायण प्रसाद, डॉ भोला प्रसाद, डॉ संजय कुमार, डॉ यदुनंदन प्रसाद, डॉ ओमप्रकाश, डॉ श्याम किशोर प्रसाद, आदि ने संबोधित किया।

## हिंदू नववर्ष पर स्वयंसेवकों ने लिया सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संगत परिसर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह पथ संचलन संगत परिसर से शुरू होकर संपूर्ण बाजार, जगजीवन नगर, पुरानी बस स्टैंड और ड्योढ़ी होते हुए पुनः संगत परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और वाद्य यंत्रों व ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे नगर में भ्रमण किया।

**बाल कलाकारों की झांकी ने मोहा मनः** विद्यालय के बाल कलाकारों - अंशिका भदानी, स्वीटी कुमारी, हर्षित, शिवम, रजनीश और विभान ने राम,



लक्ष्मण, सीता और बजरंगबली की जीवंत झांकी प्रस्तुत की, जो आकर्षण का केंद्र रही।

संघ के संस्थापक को दी श्रद्धांजलि, नववर्ष को बताया सामाजिक जागरूकता का अवसर

खंड कार्यवाहक विजय कुमार आर्य ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा न केवल संघ के संस्थापक डॉ. बलिराम हेडगेवार की जयंती है, बल्कि यह विक्रमी संवत के नववर्ष की शुरुआत भी है। उन्होंने इसे ऋतु परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस समय नई फसलें पकती हैं और चारों ओर पीले फूलों की सुगंध फैलती है।

**पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का आह्वान**

कार्यवाहक ने स्वयंसेवकों को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और परिवार प्रबोधन पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर हमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्या मंदिर के बौद्धिक कर्ता जितेंद्र कुमार ने नववर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत और आर्य समाज स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अमावां में डॉ. सतीश कुमार के नेतृत्व में स्वर्वेद यात्रा भी निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अध्यात्म के माध्यम से मानव मन पर नियंत्रण स्थापित कर परमात्मा से जुड़ना था। डॉ. सतीश कुमार ने कहा, आज हमारा जीवन दुःख और तनाव से भरा हुआ है। हमें इसे आध्यात्मिकता से जोड़कर शांति और सुख प्राप्त करना चाहिए। इस यात्रा में गुरु के शिष्य अमावां के साधु शरण प्रसाद, फतेहपुर के सुरेश प्रसाद, नवादा के विकास कुमार व शैलीग्राम सहित दर्जनों श्रद्धालु, महिला और पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में खंड संचालक दिलीप कुमार, नगर कार्यवाहक धीरज कुमार सोनी, दिलीप कुमार दीप, पवन पांडेय, प्रमोद सिंह, विमल राजवंशी के अलावा हिंदू जागरण मंच के नगर संयोजक आशीष भदानी, संजीव सिंह, उज्ज्वल कौशिक, सूरज चौधरी और पीहू साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जन जागृति फाउंडेशन के संयोजक ने लोगों से मिलकर किया जनसंवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के चहुंमुखी विकास के लिए चलाए जा रहे जन जागृति फाउंडेशन के द्वारा जन संपर्क अभियान के तहत नवादा नगर के खरीदी बीघा में वहां के स्थानीय नागरिक योगेंद्र पासवान एवं अन्य लोगों से मिलकर नवादा का विकास के लिए एक चिंतन शिविर का आयोजन किया। इसमें डॉ अनुज सिंह ने जनसंवाद किया। जहां खरीदी बीघा के आसपास के गांव के लगभग 500 से अधिक बुजुर्ग, युवा, महिलाएं शामिल रहें। लोगों से मिलकर अपनी बात रखते हुए समाजसेवी डॉ अनुज ने कहा कि यह जन संवाद आप तमाम नागरिकों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार एवं सुरक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवादा आज भी बिहार के पिछड़ा क्षेत्र में गिना जाता है। आज तक जो भी यहां के जन प्रतिनिधि हुए हैं, उन्होंने केवल अपनी सुख सुविधा लेने का काम किया। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किसी ने नहीं किया है। हमने यह जन जागृति अभियान आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चलाया है, ताकि आप सभी एक ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनकर विधानसभा भेजें जो आपके बीच का हो जो आपकी परेशानियों को समझे। हम कुछ वैसा करेंगे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। स्वास्थ्य का समुचित उपाय हो, कृषि समस्याओं का समाधान हो, साथ ही साथ नवादा के जन-जन की सुरक्षा हो। उन्होंने अपने संवाद में मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से आने वाले विधानसभा चुनाव में साथ देने की अपील की ताकि एक सशक्त जनप्रतिनिधि के रूप में नवादा विधानसभा का प्रतिनिधित्व मजबूती से कर सके। हम नवादा को राष्ट्रीय स्तर पर एक विकसित जिला के रूप में देखना चाहते हैं और यह तभी संभव होगा जब जनता जनार्दन का हमें सहयोग मिलेगा।हमारा काम जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास होगा। आज नवादा की बदहाली के लिए यहां के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है। मैं जनता जनार्दन को यह विश्वास दिलाता हूं कि अगर आपका सहयोग हमें मिला तो निश्चित आपके विश्वास पर खड़ा रहूंगा। मेरा प्रयास है कि हम नवादा के हर गांव जाकर लोगों को जगाने का काम करें, इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी निवासी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हम तमाम बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं से अपील करते हैं कि आने वाला चुनाव मे पूरे तन मन से सहयोग करें ताकि आपकी क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। अंत में सभी ग्रामीणों में एक सुर में आने वाले विधानसभा चुनाव में सहयोग करने की बात कही। मौके पर कृष्ण मुरारी सिंह, सोनू कुमार, अंबुज कुमार, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह कोसला के पूर्व मुखिया रविन्द्र सिंह, कोसला के चुनचुन सिंह, पचाढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार, अनुज सिंह समर्थक सोनू कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, विपिन कुमार, अरुण कुमार, पारस कुमार, डॉ संजय कुमार, मनोज कुमार, विपुल कुमार, इस कुमार, अभय सिंह, सुनील कुमार, अनीता देवी सहित सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## टॉप टेन में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के टॉप टेन में शामिल अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सारे थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव निवासी चंदन कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि रहुई थाना अंतर्गत टॉप टेन में शामिल अभियुक्त चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है इस आर्म्स एक्ट, चोरी की गाड़ी के खरीद बिक्री करने के आरोपी था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

## डॉ. कपिलदेव चौधरी बने राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के प्रख्यात चिकित्सक और राजद के वरिष्ठ नेता डॉ. कपिलदेव चौधरी को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) चिकित्सा प्रकोष्ठ का बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देशानुसार, राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित कुमार यादव के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. कपिलदेव चौधरी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। मनोनयन पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित यादव ने कहा कि डॉ. कपिलदेव चौधरी लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान और समर्पित नेता रहे हैं। उनके उपाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी



और संगठन का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अनुभवी और कर्मठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, ताकि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाई जा सके।

अपने मनोनयन के उपरांत डॉ. कपिलदेव चौधरी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वे राजद संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में हर स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प लिया। डॉ. चौधरी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, पूर्व विधायक भोला यादव, डॉ. तनवीर हसन, गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान, मगध प्रभारी संजय यादव और अशोक कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इस मनोनयन से नवादा जिले में राजद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, और पार्टी आगामी चुनाव को लेकर अपनी रणनीति को मजबूत करने में जुटी हुई है।

## एफओजीएसआई ने की मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सुधार के लिए 'अधुना' परियोजना शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** देश की प्रमुख स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ संस्था भारतीय प्रसूति एवं स्त्री रोग संघ ने 'परियोजना अधुना' की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और ओडिशा के 29 चयनित जिलों में निजी स्वास्थ्य केंद्रों में माताओं एवं नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाना है। इस पहल के तहत, एफओजीएसआई ने डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए निरंतर पेशेवर विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन सत्रों में *मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों, प्रमाण-आधारित उपचार और आपात स्थिति प्रबंधन पर जानकारी दी जा रही है।



**नवादा में पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित**

नवादा, जो इस परियोजना के तहत चुने गए 29 जिलों में शामिल है, ने 30 मार्च 2025 को अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अगुवाई एफओजीएसआई की अध्यक्ष डॉ. सुनीता तांडुलकर और परियोजना निदेशक डॉ. जयदीप टांक ने की। इसमें 70 से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान मातृ एनीमिया प्रबंधन, प्रसव के बाद होने वाले रक्तस्राव की रोकथाम, स्तनपान और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

**एफओजीएसआई का लक्ष्य: समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा**

एफओजीएसआई के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जयदीप टांक ने कहा, 'परियोजना अधुना हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हर महिला और नवजात शिशु को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा मिले। यह परियोजना राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 1101 भव्य कलश के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गिरियक निचली बाजार में नव रात्र एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 1101 कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, लड़कियां, बच्चे एवं पुरुष शामिल हुए। भव्य कलश शोभायात्रा गिरियक निचली बाजार से चलकर सिकंदरा बाजार होते हुए मंगरबीघा, गिरियक विष्णुपद मंदिर के सामने पंचाने नदी गयी जहां कलश में जल भरा गया। कलश में जल भरकर वापस दुर्गा स्थान बेदी पहुंची और गंगाजल कलश को रखा गया। बताया जाता है कि बहुत दिनों के बाद आज मां दुर्गा का नवरात्रि के नौ दिवसीय नवरात्र एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंडित नीरज शास्त्री के द्वारा श्री श्री 1008 महामंत्र के साथ यज्ञ का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें व्यवस्थापक के रूप में विजय पासवान, मुन्ना कुमार सहयोगी विजेंद्र कुमार उर्फ विजय यादव, पप्पू पहलवान उर्फ अविनाश कुमार, मुन्ना कुमार, नीरज कुमार, मुन्ना कुमार साव, सरवन पासवान, मुन्ना यादव, शिवलाल यादव, बालमुकुंद यादव, कुणाल कुमार एवं ग्रामीण जनता शामिल रहे। इस नौ दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन में पहले दिन महिला श्रद्धालुओं के द्वारा 1101 कलश शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान 10 घोड़ा, दो ऊंट एवं गाजे बाजे शामिल थे।

## कलश स्थापना पूर्व निकली विशाल शोभायात्रा

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** इसलामपुर प्रखंड के खोदागंज बाजार में परम्परागत वर्षों से होने वाले चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर करीब पांच हजार महिला-युवतियों ने नये परिधान में अनुशासित तरीके से पंक्तिबद्ध होकर सिर पर कलश रखकर एक विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का नेतृत्व स्थानीय सांसद कौशलेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय विधायक राकेश कुमार रौशन, जदयू नेता रुहैल रंजन, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य पूर्व मुखिया धर्मेन्द्र चौहान, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, समाजसेवी एलआईसी मुकेश कुमार, सतीश चौधरी , पूर्व मुखिया बृजनन्दन प्रसाद अकेला सहित अन्य कई लोगों ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से समाज में भाईचारा बढ़ता है। विधायक राकेश कुमार रौशन ने कहा कि दुर्गा पूजा अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व है, इसे शुद्ध अंतःकरण से पूरे नवरात्र में मनाया जाता है। शोभायात्रा के दौरान चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार, मंत्री रिपू यादव उपाध्यक्ष संजीव कुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, उपमंत्री मुन्ना विश्वकर्मा, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, अखिलेश यादव, ऋषिकेश कुमार, संजय साव, भीम गोस्वामी, मनीष विश्वकर्मा, छोटेलाल, शम्भु प्रसाद, रौशन कंदवे यादव सहित समिति के कई सदस्य व्यवस्था इंतजाम में लगे थे।

## ग्रामीण छात्रों का मैट्रिक परीक्षा में दबदबा, शानदार प्रदर्शन से बढ़ाया गौरव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** मैट्रिक परीक्षा में इस बार हिसुआ प्रखंड के ग्रामीण छात्रों का जलवा देखने को मिला। शानदार प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि शिक्षण संस्थानों का भी नाम रोशन किया। बस्ती बिगहा ग्राम स्थित आर रंजन कोचिंग सेंटर के छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

रौशन राज (पिताः पप्पू साव) - 461 अंक, निशा भारती (पिताः वाल्मीकि प्रसाद) - 460 अंक, प्रिंस राज (पिताः प्रेम कुमार) - 455 अंक, अंकित कुमार (पिताः जयलाल यादव) - 437 अंक, वर्षा



रानी (पिताः विनोद प्रसाद) - 423 अंक। आर कोचिंग सेंटर के निदेशक राजीव रंजन सर ने बताया कि छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत से यह सफलता अर्जित की। उन्होंने कहा कि सभी सफल छात्रों को कोचिंग द्वारा सम्मानित किया जाएगा और आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। बच्चों की उपलब्धि से अभिभावक बेहद खुश हैं और उन्होंने कोचिंग संस्थान और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। इस सफलता ने साबित कर दिया कि गांव के छात्र भी किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रेरणा की जरूरत होती है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर पिलर संख्या 34 राणाबिगहा मोड़ के समीप नगर निगम के ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के कथौली गांव निवासी तारकेश्वर प्रसाद की पत्नी सावित्री देवी के रूप में की गई है। हालांकि उन्होंने विकास नगर मोहल्ले में भी मकान बना रखा है। मृतका के पुत्र मणिकांत कुमार बताया कि दोपहर को उनकी मां भाई के घर मंगला स्थान जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार वाले मौके पर पहुंचकर चालक पर कार्रवाई की मांग करने लगे।यातायात थाना अध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। आसपास के सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हुई है। जिसमें ट्रैक्टर चालक महिला को रंग कर चला गया। नंबर की पहचान कर चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

## गेहूं की फसल में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के बिक्कू गोंदरा पर गांव के बधार में गेहूं की लगी फसल में आग लगने की घटना घटी। यह घटना शनिवार को दोपहर के बाद हुई। घटना के पीछे बिजली का शॉट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है। किसान कहते हैं कि इस घटना में तकरीबन दो एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल को अग्निदेव अपनी आगोश में लेकर स्वाहा कर दिए। घटना में किसान लाख देव यादव, अरविन्द कुमार, कपिल यादव, कृष्ण यादव, अजय, सोनू सिंह, भागीरथ यादव, सुरेश सिंह, संटू यादव, अलखदेव यादव, कपिल यादव,



अजय, राजेन्द्र यादव, भगीरथ समेत अन्य किसान अग्निकांड में प्रभावित हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पहुंचे, और आग बुझाने में लग गए लेकिन तेज धूप और पछुआ हवा के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी होने पर अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के वाहन घटनास्थल पर पहुंचे, और ग्रामीणों के सहयोग से अग्निशमन विभाग के कर्मी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसानों में आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि उपलब्ध कराने की मांग विभागीय अधिकारियों से किया है।

# रामनवमी शोभायात्रा में 5 लाख श्रद्धालु होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में इस वर्ष भव्य रामनवमी शोभायात्रा के ऐतिहासिक आयोजन के लिए तैयार है। 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस विशाल शोभायात्रा में 5 लाख से अधिक श्रद्धालु सम्मिलित होंगे जिनमें 50,000 से अधिक महिला श्रद्धालु भी पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लेंगी। इस वर्ष 115 भव्य शोभायात्राएं शहर के विभिन्न हिस्सों से निकाली जाएंगी जिससे पूरा शहर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठेगा। पूरे गया को भगवा रंग में रंगते हुए, शहरभर में भगवा ध्वजों और आकर्षक सजावट के माध्यम से भक्तिमय माहौल तैयार किया गया।

कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि झंडा समिति के सदस्यों को बेवजह परेशान न किया जाए और शोभायात्रा मार्ग में आने वाली समस्याओं को तत्परता से दूर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को सभी शोभायात्राओं के दौरान पूरी रात पेट्रोलिंग की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके अलावा लाइसेंस और साउंड सिस्टम के नाम पर झंडा समितियों को तंग न किया जाए क्योंकि यात्रा पूरी तरह नियमानुसार निकाली जा रही है। महामंत्री मनीलाल बारी ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा पूरी तरह से पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुई बैठक में सभी समितियों के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई और शोभायात्रा की तैयारियों से जुड़ी सभी समस्याओं को हल करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और मंदिर परिसरों को विशेष सजावट से सुसज्जित किया गया है। हर ओर भगवा ध्वज लहराएंगे जिससे पूरा गया रामभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा। शोभायात्रा के दौरान 10 हजार से अधिक स्वयंसेवक सुरक्षा में लगायें जायेंगे। वही शोभायात्रा के दिन विष्णु पद में रात्रि को महाप्रसाद का वितरण किया गया है। रामनवमी की इस भव्य शोभायात्रा को लेकर गया के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार की शोभायात्रा कई ऐतिहासिक और भव्य झांकियों से सुसज्जित होंगे। रामनवमी शोभायात्रा को लेकर गया के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। लाखों लोग भगवा परिधान और हाथों में जय श्रीराम के झंडे लिए इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होंगे। मौके पर संरक्षक कौशलेंद्र नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, महामंत्री मणि लाल बारीक, उपाध्यक्ष चंदन भदानी, मनीष सिंह, प्रताप सिंह, हिमांशु कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन वर्मा, नगर मंत्री कमल बारीक, नवीन कुमार, विकास भदानी, मुन्ना बजरंगी, अमित मोहन मिश्र, मुन्ना सिंह, बबलू आर्य, अजय राजू, मिन्न प्रशांत कुमार, विक्रम गुर्दा, सूरज सिंह आदि प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## पांच लाख चौरानवे हजार की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बिहार राज्य कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति गया नगर दक्षिण क्षेत्र द्वारा आयोजित सम्मेलन सह चुनाव के मौके पर भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा वर्चुअल के माध्यम से मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पांच लाख चौरानवे हजार के लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही इस मौके पर गयाजी वासियों को चैत्र नवरात्र एवं चैत्र प्रतिपदा शुक्ल पक्ष के विक्रम संवत 2082 के मौके पर उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनाएं सहित सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मां जगदंबा से कामना किया। वहीं इस मौके पर द्वारका प्रसाद, जिला संरक्षक नंदलाल प्रजापति, जिला संरक्षक मोहन प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला सचिव सूर्योदय चंद्रपाल, दक्षिणी क्षेत्र सचिव इंदू प्रजापति, मीना प्रजापति, रेनू प्रजापति, विपिन कुमार, विष्णु प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति, कैलाश प्रजापति, चंद्र देव प्रसाद, राजदेव पंडित सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएसपी ने बेलागंज का किया वार्षिक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार रविवार को डीएसपी विधि-व्यवस्था के द्वारा बेलागंज थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं को अद्यतन रखने, वारंट, इश्तिहार, कुर्की एवं लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों और असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, आसूचना संकलन करने और प्रभावी पेट्रोलिंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# हर घर कांग्रेस का झंडा, पार्टी की नई रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार कांग्रेस में नई सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष उमेर खान ने हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान का आगाज अपने घर की छत से किया। उन्होंने दावा किया कि शाम होते-होते कांग्रेस का झंडा हर घर की छत पर लहराने लगेगा। इस अभियान के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की विचारधारा को मजबूत करेंगे और लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर उन्होंने ईद और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस की यह मुहिम प्रदेश की सियासत में बड़ा बदलाव लाएगी। उमेर खान ने कहा कि 1990 के बाद जन्मे युवा कांग्रेस के संघर्ष और उपलब्धियों से अंजान हैं। यह हमारी ही कमजोरी रही है कि हम अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों को जनता तक नहीं पहुंचा सके, लेकिन अब कांग्रेस इस कमी को दूर करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में कांग्रेस का संगठन और मजबूत होगा जिससे जिले तक इसका प्रभाव नजर आएगा। संगठनात्मक स्तर पर अगले 10-15 दिनों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। उमेर खान ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे अब बिना मास्क के दिनदहाड़े डकैती कर रहे हैं, हत्याएं हो रही हैं और लोग पलायन को मजबूर हैं। कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में रोजगार, उद्योग, शिक्षा और कानून-व्यवस्था को मुख्य मुद्दा बनाएगी। जनता से संवाद कर कांग्रेस इस बार मजबूत वापसी करेगी। उमेर खान ने साफ किया कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी और सीटों के सम्मानजनक बंटवारे के साथ मजबूती से मैदान में उतरेगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के मुस्लिम समाज को कठमुल्ला कहे जाने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि मांझी मानसिक संतुलन खो चुके हैं। वे स्वार्थ के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके बयान डिक्टेट किए गए टर्म्स से ज्यादा कुछ नहीं हैं। उन्होंने मांझी पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे समाज या जनता के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने परिवार के हित के लिए राजनीति कर रहे हैं।

## एएसपी ने एससी/एसटी एवं महिला थाना का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा रविवार को चंदौती स्थित एससी/एसटी एवं महिला थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना प्रबंधन से संबंधित सभी गतिविधियों और थाने में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं का गहन निरीक्षण किया तथा उन्हें अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वारंट, इश्तिहार, कुर्की एवं गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से निष्पादन करने तथा फरार/ वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 4 से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** आगामी 4 मई से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम प्रतियोगिता का आयोजन गया जिले के बिपार्ड एवं आईआईएम बोधगया के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों में भी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के आयोजन के अवसर पर सहभागी सभी खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारी एवं सहायकों के लिए गया जिले में आवासन, परिवहन एवं अन्य समुचित व्यवस्था ससमय पूर्ण कराने हेतु जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभा कक्ष में 17 कार्य समिति का गठन करते हुए कार्य समिति के नामित वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी एवं सहायक पदाधिकारी के साथ विस्तार से बैठक करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम के आयोजन पर काफी गंभीर है। स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई कमी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर स्तर पर हर प्रकार की मुकम्मल व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया गया है। सभी खिलाड़ी अंडर 18 आयु वर्ग के रहेंगे। उन्होंने कहा कि गया जिले में सात प्रकार के खेल का आयोजन होगा जिसमें चार प्रकार का खेल बिपार्ड में एवं तीन प्रकार का खेल आईआईएम बोधगया में होगा। कुल 7 खेल का आयोजन गया जिला में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता में 10 की संख्या में अति विशिष्ट व्यक्ति का आगमन भी रहेगा। लगभग चार से 5 हजार की संख्या में खिलाड़ी, सपोर्टिंग स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ एवं अन्य पदाधिकारी कर्मी शामिल रहेंगे। आवासन कोषांग के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त को बनाया गया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि खेलो इंडिया यूथ गेम प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी अतिथियों के लिए मानक के अनुरूप आवासन का निर्धारण कर लें साथ ही संबंधित आवासन स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उसकी अनुश्रवण भी करना सुनिश्चित करें। महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों एवं कर्मियों के लिए अलग-अलग आवासन की व्यवस्था चिन्हित रख लें साथ ही सभी आवासन स्थलों पर हेल्प डेस्क एवं सिंगल पॉइंट ऑफ कनेक्ट का निर्धारण कर लें।

# गुरुकुल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव 2025 के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक, डिहरी-1 कोटा किरण कुमार, डिहरी मुफस्सिल थानाध्यक्ष राकेश गोसाई, विद्यालय के निदेशक आर.पी. सिंह और प्रधानाचार्य कुमार सविनय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अनुशासन में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें, अपनी जिम्मेदारियों को समझें, किताबों से दोस्ती करें, मोबाइल से दूरी बनाए रखें। मुफस्सिल थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत झांकी की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने 'ऐगिरी नंदिनी', 'छठ पूजा' और 'राधा-कृष्ण' गीतों पर मनमोहक झांकी व उन्नत बिहार विकसित बिहार पर आधारित कई झांकियां दिखाकर जिसने सभी का दिल जीत लिया। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 85 छात्रों को मोमेंटो और मेडल देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। साथ ही 400 छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलर बॉक्स, डायरी, नोटबुक और परीक्षा बोर्ड प्रदान किए गए।'उत्कर्ष' में नृत्य प्रतियोगिता के शीर्ष 5 डांस ग्रुप को थानाध्यक्ष द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंद्रपुरी थाना के एसआई करण कुमार, एसआई प्रदीप कुमार, भोला यादव, अभिभावक प्रतिनिधि उमेश कुमार सिंह, मुखदेव सिंह, जॉइंट प्रेसिडेंट सोनी सिंह, बृजेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार सिंह, अंशुल प्रकाश, संजय सिंह, मनीष कुमार, संजय कुमार, गीता कुमारी, अरविंद कुमार, रितेश कुमार, अंकित पाठक, विवेक कुमार, मनीष, राजेश कुमार, अश्विनी करन, जितेंद्र तिवारी, अनीश, प्रमोद कुमार, निखिल, आर.के. सिंह, सदानंद कुमार, मीरा चौधरी, ज्योति शॉ, शिल्पी शरण, शिल्पी पांडे, संजीव कुमार, तेज नारायण, रंजन, नीलू कुमारी, नेहा गुप्ता, सौंदर्या कांत, अमीषा कुमारी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी, मोनिका, प्रियंका, मनोज कुमार सहित 1200 से अधिक छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा माल ढुलाई में ऐतिहासिक उपलब्धि

## 200 मिलियन टन माल ढुलाई वाले क्लब में शामिल होने का गौरव हासिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा 2024-25 में माल ढुलाई में 200 मिलियन टन तथा प्रारंभिक आय में 30 हजार करोड़ रूपए प्रारंभिक राजस्व प्राप्त करने वाले क्लब में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। वर्ष 2024-25 में पूर्व मध्य रेल की कुल प्रारंभिक आय 31,303 करोड़ रूपए रही जो अब तक का रिकॉर्ड है। माल ढुलाई के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम करते हुए 2024-25 में 200.32 मीलियन टन माल ढुलाई कर माल ढुलाई के क्षेत्र में भारतीय रेल के 04 प्रथम क्षेत्रीय रेल में शामिल होने का गौरव हासिल किया गया है। माल ढुलाई से 26,106 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जिससे माल ढुलाई से प्राप्त आय के क्षेत्र में भारतीय रेल में पूर्व मध्य रेल को दूसरा सर्वाधिक आय प्राप्त करने वाला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल हुआ है। इसी तरह यात्री यातायात से प्राप्त रेल राजस्व के क्षेत्र में भारतीय रेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 में 4580 करोड़ राजस्व प्राप्त हुए। यह राजस्व पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 4088 करोड़ रुपये की तुलना में 12.01 प्रतिशत अधिक है ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल का धूमधाम से मना स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**इमामगंज।** प्रखंड अंतर्गत रानीगंज बस स्टैंड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया जहां कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि इमामगंज विधान के क्षेत्रीय विधायक दीपा कुमारी उर्फ दीपा मांझी शामिल हुए जहां स्कूल के निर्देशक दिनेश कुमार उर्फ दिनुलाल और प्रिंसिपल स्वाति लुकस ने अंगवस्त्र, फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व स्कूली बच्चों ने मुख्य अतिथि को ढोल नगाड़ा के साथ पुष्प वर्षा कर व माला पहनकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर जलवा बिखरा। वहीं वह 8 क्लास से नेशनल गेम में 98.13 से सफल रहे फर्स्ट विजेता अनिकेत कुमार को नौ हजार रुपए का चेक और दूसरा क्लास से नेशनल 90.60 प्रतिशत से सफल रहे रन अग्रवाल को मनी विधायक के द्वारा 72 सौ रुपए का चेक दिया गया है। इसके साथी अन्य सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड मेडल देकर विधायक ने सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक दीपा कुमारी ने कहा कि स्कूल में आकर महसूस किया कि यहां के बच्चे पूरी तरह से अनुशासन में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कुमार उर्फ दिनुलाल, स्कूल के प्रिंसिपल स्वाति लुकस, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, जिला परिषद पार्वती देवी, मीना देवी, रामप्रीत भारती, मनोज पांडे, मनोज सिन्हा, शुभम पहलवान, रवि भारती सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# रोजगार मेला सह रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कोंच में रोजगार मेला सह रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बी डी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। यह कार्यक्रम कोंच स्थित संस्कार वैली स्कूल के प्रांगण में हुआ। डॉ बी डी शर्मा ने कहा कि रोजगार मेला में 50 बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार नौकरी प्रदान किया गया है। वहीं 10 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें रोहित शांडिल्य, चंदन, अमित, सुधांशु, मोहित, रौशन आदि का नाम शामिल है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। रक्तदान से हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। उक्त मौके पर मुख्य रूप से हिमांशु शेखर, मनीष कश्यप और टाटा मोटर्स फिलिप्स कार्ड नीलकमल कंपनी के पदाधिकारी सहित करीब दो सौ अन्य लोगों ने भाग लिया।

# दिव्यांग और विशेष बौद्धिक क्षमता वाले बच्चों के परिवार को दी गयी पेरेन्टल ट्रेनिंग : डॉ निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पाली रोड आदित्यालय किड्स थेरेपी। वैलनेस सेंटर में आज एक दिवसीय पैरेंटल ट्रेनिंग दी गई जिसमें लगभग 50 विशेष बौद्धिक क्षमता वाले बच्चे, लगभग 20 दिव्यांगों बच्चों को अपने दैनिक जीवन में तेजी से सुधार लाने की प्रक्रिया और उनके रोग एवं परेशानियों के प्रति जागरूक किया गया। डॉ.निषाद ने बताया कि लगभग हर 2000 बच्चों में से एक बच्चा कहीं न कहीं इस तरह की बीमारियों से ग्रसित है। जिले में इनकी तादाद सैकड़ों में है। कुछ बीमारियां जैसे जो बच्चे जन्म से नहीं बोल पाते हैं, सुन नहीं पाते हैं, पेरेंट्स का बात नहीं मानते हैं, बुलाने पर भी नहीं आते और अपने या किसी और को हानि पहुंचाते रहते हैं, ऐसे बच्चों को एडीएसडी और ऑटिज्म की समस्याएं हो सकती है। साथ ही साथ जो बच्चे जन्म से चलने फिरने में असमर्थ है, उन बच्चों को सेरेब्रल पाल्सी के नाम से जाना जाता है, ऐसे बच्चों के लिए इलाज से पहले जागरूकता बहुत जरूरी है। ताकि समय रहते इनका इलाज हो जाए ऐसे में जिले में पाली रोड में स्थित विद्यालय किड्स थेरेपी एंड वैलनेस सेंटर ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, फिजियोथैरेपी और स्पेशल एजुकेशन के साथ कई तरह के थेरेपी उपलब्ध कराई है। डॉक्टर निषाद का मानना है कि जल्दी इस तरह के थेरेपी को उसे कर जल्द से जल्द बच्चों में सुधार किया जा सकता है। डॉ सिम्पी ने बताया कि आज की इस नई इलेक्ट्रॉनिक दुनिया में मोबाइल का उपयोग बच्चों के बौद्धिक विकास को काफी तेजी से नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में परिवारों को बच्चों को मोबाइल न देने की गाइडलाइन दी गई। मौके पर आदित्यलय के टीम अंबालिका पांडे, निशा पाण्डेय, सिद्धि, चंचल, शिवम सिन्हा, स्नेहा, विक्की सोनी, पूजा सिंह, अनुष्का, उर्मिला देवी सह अन्य बच्चों के परिवार उपस्थित थे।

## नवरात्र के प्रथम दिन मां कुलेश्वरी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** अति प्राचीन शक्तिपीठ मां कुलेश्वरी धाम में वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन मां कुलेश्वरी भगवती के दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। अहले सुबह ही महिला पुरुष श्रद्धालुओं भीड़ हाथ में फूल, माला, नारियल, चुंदरी व प्रसाद लेकर दर्शन के लिए कतार में खड़े हो गए। मां के जयकारे से धाम परिसर गुंजायमान हो गया। सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के नरवन परगना व स्थानीय लोगों ने भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की। श्रद्धालु भक्त लोक कल्याण व परिवार के मंगल कामना के लिए हवन पूजन किया। उत्तर प्रदेश के जेवरी के भक्त जनार्दन सिंह, कम्हरिया के कमलेश सिंह ने बताया कि मां कुलेश्वरी के दर्शन मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। मां की महिमा अपरंपार है। भक्त सच्चे मन से मां को याद करते हैं तो मां अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करती। धाम में श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा।

# भारतीय नववर्ष पर सम्पूर्ण विश्व के सुख-शांति हेतु 'स्वर्वेद' यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय नववर्ष के अवसर पर विहंगम योग सन्त समाज द्वारा सम्पूर्ण विश्व में सुख शांति और समृद्धि की मंगलकामना हेतु विश्वव्यापी 'स्वर्वेद' यात्रा का आयोजन रविवार को सम्पूर्ण भारत के साथ ही विश्व के अनेक देशों में किया गया। अमरंजय दूबे ने बताया कि इसी कड़ी में डिहरी में भी सैकड़ों की संख्या में विहंगम योग सन्त समाज के भक्त-शिष्यों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ 'स्वर्वेद' यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कर्पूरी चौक के पास गांधी स्मारक से शुरू होकर अम्बेडकर चौक, जक्खी बिगहा, स्टेशन रोड, पाली रोड होते हुए थाना चौक के पास गांधी स्मारक में विराम लिया। इस शोभा यात्रा के अवसर पर विहंगम योग के प्रधान सद्ग्रंथ 'स्वर्वेद' के साथ ही अन्य साहित्य भी शहर के आम जन-मानस को उपहार स्वरूप भेंट किया गया। ज्ञात हो कि 'स्वर्वेद' विहंगम योग संस्थान का प्रधान सदग्रंथ है। स्वर्वेद हिमालया योगी सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की अध्यात्म के जिज्ञासुओं के लिए अमूल्य कृति है जिसमें ब्रह्मविद्या के सम्पूर्ण सिद्धांत एवं साधना का समावेश है। अध्यात्म मार्तंड सभी जीवों के उद्धारक सद्गुरुदेव ने 17 वर्षों की कठिन साधना के पश्चात अपने संपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव को स्वर्वेद के रुप में लिपिबद्ध कर सभी आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के कल्याणार्थ ब्रह्मज्ञान को महाप्रसाद के रूप में दिया है। सद्गुरुदेव ने गहन साधना के द्वारा प्राचीन काल से लुप्त ब्रह्मविद्या के ज्ञान को पुनर्जीवित कर योग के उच्चतम लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति की एवं दुर्लभ ज्ञान जनमानस को उपलब्ध करा दिया। मानव मात्र के कल्याणार्थ सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने अपने अनुभूत ईश्वरीय ज्ञान को उत्तराखंड की भूमि शून्य शिखर हिमालय की कंदरा में इस दिव्य आध्यात्मिक सद्ग्रंथ 'स्वर्वेद' को लिपिबद्ध किया था जिसमें समस्त आध्यात्मिक गुढ़रहस्य सरल रूप में जनमानस की भाषा हिंदी में उपलब्ध है। स्वर्वेद चेतन योग समाधि की अवस्था में प्राप्त आध्यात्मिक अनुभवों का संकलन है। इसमें किसी अन्य ग्रंथ का संदर्भ नहीं लिया गया है। इस सद्ग्रंथ में हम अनुभव एवं अभिव्यक्ति का अद्भुत सामंजस्य पाते हैं। इस यात्रा के अवसर पर विहंगम योग सन्त समाज के द्वारा अनेक जगह समुचित रुप से जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस पावन अवसर पर बिहार विहंगम योग सन्त समाज के संरक्षक डी एन सिंह, रामचन्द्र तिवारी, पटना प्रमण्डल के मंत्री नवल किशोर सिंह, रोहतास जिला के सचिव भृगुनाथ सिंह, अमरंजय दूबे, पियूष कुमार, श्याम बाबू सिंह, रेवती रमण, लक्ष्मण चौधरी, विनोद कुमार, जय सिंह (बबलू), कामेश्वर सिंह, नीलम सिंह, अनूपमा देवी, सुनिता देवी के साथ -साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त शिष्य-शिष्या ने इस स्वर्वेद यात्रा में हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

## छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला, तीन पुलिसकर्मी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के पांडे बीघा में एनडीपीएक्स में फरार अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ स्थानीय लोगों ने पहले चोर चोर हल्ला किया उसके बाद पुलिस वालों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। ऐसे में तकरीबन एक दरोगा समेत 3 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं। इस पूरे मामले में 11 लोगों पर नामजद एवं 20 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें तीन महिला को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि पांडे बीघा गांव के अमित कुमार जो घर में गांजा का पेड़ लगाए हुए थे उस मामले में वह फरार चल रहा था उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गई थी। बीच रास्ते में ही वह अभियुक्त दिख गया जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। इसी दौरान गांव के दो दर्जन से अधिक लोग आ धमके और उसे पकड़ कर जबरन छुड़ा लिये और ईट पत्थर बरसाने लगे ।

## अग्निशामक वाहन की सुविधा नहीं होने से प्रखंड क्षेत्र के लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र में दमकल वाहन नहीं होने से आग की घटना से आसपास के गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन तीन रोज से लगातार लालापुर, गंगापुर, अहिराव जैसे गांवों में अगलगी की घटना प्रखण्ड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। आसपास के क्षेत्र में आग की घटनाओं से खास कर किसान लोग परेशान नजर आ रहे हैं क्योंकि अभी फसल की कटाई नहीं हुई है जब भी अगलगी की घटना होती है तो 112 पर कॉल करते हैं जहां दमकल के अभाव में लाखों रुपए का नुकसान होता है। मांग के बावजूद सरकार के दमकल उपलब्ध नहीं करवाने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

किसान बताते हैं कि क्षेत्र में कहीं भी आग लगने पर ग्रामीणों को स्वयं अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के लिए इधर-उधर दौड़ लगानी पड़ती है। क्षेत्र में कहीं भी बड़ा अग्निकांड होने पर भभुआ से दमकल बुलानी पड़ती है। ग्रामीणों ने समय-समय पर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय प्रशासन अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया है। प्रखंड क्षेत्र में आए दिन अज्ञात कारणों से आग लगने की घटनाएं होती रहती है।

CMYK

संपादकीय

# अवकाश पर उठ रहे कई सवाल

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा इस बार राज्य में ईदुल फितर की सरकारी राजपत्रित छुट्टी रद्द कर उसे रस्ट्रीक्टेड (सीमित) अवकाश में बदलने के फैसले पर कई सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि सैनी सरकार ने इस बदलाव के पीछे जो तर्क दिए हैं, वो शायद ही किसी के गले उतरें। क्योंकि संविधान की सर्व धर्म समभाव की मूल भावना के तहत देश में सभी धर्मों के प्रमुख त्यौहारों पर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर गजेटेड छुट्टियां रहती आई हैं तथा इसको लेकर कभी कोई विवाद नहीं हुआ है। ईदुल फितर, जिसे मीठी ईद भी कहा जाता है, मुसलमानों का सबसे बड़ा त्यौहार है। हरियाणा में भी करीब 7 फीसदी आबादी मुसलमानों की है। इनमें से भी ज्यादातर नूह जिले में रहते हैं। हरियाणा राज्य बनने के बाद से ही प्रदेश में इस दिन शासकीय अवकाश रहता आया है। यह देश में पहली बार है कि किसी राष्ट्रीय अवकाश को किसी राज्य ने सीमित अवकाश में बदलने का काम किया है। इससे राज्य सरकार की मंशा पर ही सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि राज्य के मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना में 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश के बजाय अनुसूची-2 के अंतर्गत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना के पीछे तर्क दिया गया है कि चूंकि इस साल मार्च के अंत में लगातार तीन दिनों तक छुट्टियां पड़ रही हैं, जिनमें 31 मार्च को ईदुल फितर का त्यौहार भी शामिल है, इससे वित्तीय वर्ष समापन का कार्य प्रभावित होगा। 31 मार्च को ईयर क्लोजिंग है। इसलिए ईद की छुट्टी को सीमित अवकाश में तब्दील किया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि ईद पर अब केवल मुस्लिम ही छुट्टी ले सकेंगे। बाकी लोगों को काम पर आना होगा। हालांकि यह आदेश केवल इसी साल के लिए है या फिर स्थायी रूप से लागू होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। अगर संख्या बल के आधार पर ही देश में छुट्टियां हो तो ज्यादातर राज्यों में केवल हिंदुओं और चुनिंदा राज्यों में मुस्लिम, ईसाई, सिख अथवा बौद्धों के हिसाब से ही छुट्टियां होंगी। जैन धर्म के तो किसी भी त्यौहार पर अवकाश नहीं होगा, क्योंकि वो किसी भी राज्य में प्रभावी संख्या, में नहीं है। पारसी त्यौहार पर अभी केवल महाराष्ट्र,गुजरात में ही छुट्टी होती है, जबकि यहूदियों के त्यौहार पर कोई अवकाश नहीं होता, क्योंकि उनकी संख्या नगण्य है। हरियाणा में जो हो रहा है, वह पाकिस्तान की तरह है, जहां हिंदू, ईसाई अल्पसंख्यकों के त्यौहारों पर सीमित अवकाश ही रहता है। जहां तक हरियाणा सरकार का मार्च एंड का तर्क है तो वह बोदा है। वित्तीय वर्ष का समापन अकेले हरियाणा में नहीं है, वह पूरे देश, सभी बैंकों व वित्तीय तंत्र से जुड़ा है। इसके बाद भी ईद की छुट्टी राष्ट्रीय छुट्टी है। क्या हरियाणा सरकार केन्द्र सरकार की छुट्टी की भी अवहेलना करना चाहती है? या फिर हरियाणा में मुसलमानों के त्यौहारों की सभी छुट्टियां रद्द करने का यह कोई पायलेट प्रोजेक्ट है, जिसे पहले हरियाणा में आजमाया जा रहा है। नतीजे देखने पर पूरे देश में मुसलमानों के सभी त्यौहारों पर यह कहकर छुट्टियां खत्म की जाएंगी कि यह 18 फीसदी लोगों का त्यौहार है, इसलिए बाकी सभी लोग छुट्टी पर रहने की बजाय काम करें। वैसे भी निजी क्षेत्र में हिंदुओं के कुछ बड़े त्यौहारों के अलावा बाकी पर्वों पर पूरी तरह काम बंद नहीं होता। लेकिन अगर सरकार ऐसा करती है तो यह संविधान की उस भावना के विपरीत होगा, जिसमें सभी धर्मों को समान महत्व दिया गया है, बावजूद इसके कि कौन सा पर्व कितने लोग मनाते हैं।

# सहकारिता की नई उड़ान: विकास का एक नया युग



**डॉ उदय शंकर अवस्थी**

भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए ÷व्यापार करने में आसानी÷, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

**सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व:** माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं।

ज़ ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम।

प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना।

राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है।

सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)।

भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण।

प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)।

जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम।

बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि।

सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना।

जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है।

**सहकारिता क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां :** सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए ? 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है।

सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा।

**कृषि में इफको का क्रांतिकारी योगदान:** इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है। उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं।

खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है।

वैश्विक सहकारी आंदोलन में इफको का नेतृत्व लगातार बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के सदस्य के रूप में, इफको वैश्विक सहकारी नीतियों को आकार देने में सक्रिय रूप से योगदान देता है। इस आयोजन ने सहकारी उन्नति में भारत के नेतृत्व को सुदृढ़ किया तथा वैश्विक सहकारी नेताओं के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाया।

**त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय –सहकारी विकास का उत्प्रेरक:** सहकारी क्षेत्र में विकास का सबसे उल्लेखनीय विचार, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना रहा है। इस विश्वविद्यालय की परिकल्पना सहकारी शिक्षा, अनुसंधान और नेतृत्व विकास को समर्पित एक प्रमुख संस्थान के रूप में की गई है। इसका उद्देश्य सहकारी प्रशासन को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए सहकारी नेताओं को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। विशिष्ट प्रशिक्षण, शैक्षणिक कार्यक्रम और अनुसंधान के अवसर प्रदान करके, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय भारत के सहकारी आंदोलन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह विश्वविद्यालय नवाचार, नए सहकारी व्यापार मॉडल तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के केंद्र के रूप में भी काम करेगा।

यह विश्वविद्यालय कृषि, मत्स्य पालन, डेयरी, बैंकिंग और विपणन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तकनीकी और प्रबंधकीय शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा, विश्वविद्यालय छात्रों, सहकारी समितियों के सदस्यों और उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार करेगा। इस पहल से कौशल विकास और जागरूकता को बढ़ावा देकर सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और अंततः अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास और प्रगति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित करने से आर्थिक विकास में सहकारी मॉडल का महत्व उजागर होता है। सहकारिता मंत्रालय विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन, सतत विकास और समावेशी आर्थिक विकास जैसी चुनौतियों से निपटने हेतु इसे वैश्विक स्तर पर सहकारिता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। प्रमुख हितधारकों को शामिल करने तथा सहकारिता-आधारित समृद्धि में भारत की प्रगति को उजागर करने के लिए विभिन्न पहल, कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

अपनी रणनीतिक पहलों और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से, सहकारिता मंत्रालय ने भारत के सहकारी क्षेत्र को सफलतापूर्वक बदल दिया है। जारी सुधार और आधुनिकीकरण प्रयासों के साथ-साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना से यह सुनिश्चित होता है कि भारत सहकारी नवाचार और ग्रामीण विकास में अग्रणी है। ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाकर, डिजिटल एकीकरण और सहकारी उद्यमिता को बढ़ावा देकर, सरकार सहकारी नेतृत्व आधारित आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत और टिकाऊ मॉडल तैयार कर रही है। भारत में सहकारी आंदोलन अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंच गया है, जिससे ग्रामीण समृद्धि और राष्ट्रीय प्रगति में इसकी भूमिका मजबूत हो गई है।

**(लेखक इफको के प्रबंध निदेशक हैं)**

अध्यात्म

## अभ्यास का महत्व

प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे।. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे. और अध्ययन भी किया करते थे। वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया। वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा। लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था। गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी। इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है। उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया। गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है। अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो। अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो। वरदराज ने भी सोचा कि शायद विद्या मेरी किस्मत में नहीं हैं। और भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया। दोपहर का समय था। रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी। वह कुवे के पास गया। वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, यह निशान आपने कैसे बनाएं। तो एक महिला ने जवाब दिया, बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं। यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं। वरदराज सोच में पड़ गया। उसने विचार किया कि जब एक कोमल से रस्सी के बार-बार आने जाने से एक ठोस पत्थर पर गहरे निशान बन सकते हैं तो निरंतर अभ्यास से में विद्या ग्रहण क्यों नहीं कर सकता। वरदराज ढेर सारे उत्साह के साथ वापस गुरुकुल आया और अथक कड़ी मेहनत की। गुरुजी ने भी खुश होकर भरपूर सहयोग किया। कुछ ही सालों बाद यही मंदबुद्धि बालक वरदराज आगे चलकर संस्कृत व्याकरण का महान विद्वान बना। जिसने लघुसिद्धान्तकौमुदी,मध्यसिद्धान्तकौमुद, सारसिद्धान्तकौमुदी, गीर्वाणपदमंजरी की रचना की। अभ्यास की शक्ति का तो कहना ही क्या हैं।. यह आपके हर सपने को पूरा करेगी। अभ्यास बहुत जरूरी है चाहे वो खेल मे हो या पढ़ाई में या किसी ओर चीज़ में। बिना अभ्यास के आप सफल नहीं हो सकते हो। अगर आप बिना अभ्यास के केवल किस्मत के भरोसे बैठे रहोगे, तो आखिर मैं आपको पछतावे के सिवा और कुछ हाथ नहीं लगेगा। इसलिए अभ्यास के साथ धैर्य, परिश्रम और लगन रखकर आप अपनी मंजिल को पाने के लिए जुट जाए।

# लुप्त होती हरियाणा की अनमोल विरासत रागनी कला

**हरियाणा की लोकसंस्कृति में रागनी एक महत्वपूर्ण कला है, जो समय के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली ज़रिया भी रही है। हरियाणा की रागनी न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रही है, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लोककला सिर्फ़ संगीत नहीं, बल्कि एक आंदोलन रही है, जिसने लोगों को जागरूक किया, बुराइयों के खिलाफ खड़ा किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणवी रागनी लोकसंस्कृति का अभिन्न अंग रही है और इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणवी रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से यह लोककला आज भी जीवित है, हालाँकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की ज़रूरत है।

रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहाँ गायक अपनी आवाज़ और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर ज़ोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुँचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को ख़त्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों ने बताया कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुए और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। कलाकारों ने इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रेरक गीत गाए। उदाहरण: 'सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूँ किट्टे तै प्यारा' (एक रागनी जिसमें धूम्रपान के नुक़सान बताए गए हैं)। हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी एक ताकत बनी। इसमें किसानों की समस्याओं, मजदूरों के अधिकारों और सरकार से उनकी माँगों को जोरदार तरीके से उठाया गया। उदाहरण: कई रागनियों में किसान आंदोलनों, फ़सल के सही दाम और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं।

ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोकसंस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी गाँवों के



चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूँजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण ज़िम्मेदार हैं। पहले के समय में गाँवों में बैठकर बुज़ुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। नवीन मनोरंजन साधनों टीवी, इंटरनेट और पॉप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी लोककला से दूर होती जा रही है। आधुनिक संगीत उद्योग में रागनी को वह स्थान नहीं मिला जो अन्य संगीत शैलियों को मिला है। युवा पीढ़ी इसे करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित नहीं हो रही है। इस कला को संरक्षित करने के लिए कोई औपचारिक संस्थान या पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं। रागनी को नए संगीत वाद्ययंत्रों और आधुनिक ध्वनि तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाए, ताकि यह युवाओं को भी आकर्षित कर सके। हरियाणवी फ़िल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री में रागनी को स्थान दिया जाए। रागनी को रैप और हिप-हॉप जैसी आधुनिक शैलियों के साथ मिलाकर फ्यूज़न रागनी तैयार की जाए, जिससे यह युवाओं तक प्रभावी रूप से पहुँचे। हरियाणवी लोकसंस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी इसकी जड़ों से जुड़ सके। विश्वविद्यालयों में लोककला और संगीत की पढ़ाई के अंतर्गत रागनी पर शोध को बढ़ावा दिया जाए। बच्चों को पारंपरिक संगीत में रुचि दिलाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। सरकार और सांस्कृतिक संस्थानों को लोक महोत्सवों में रागनी को विशेष स्थान देना चाहिए। यूट्यूब, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे युवाओं तक पहुँचाया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी की शिक्षा दी जानी चाहिए। लोक कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक समर्थन दिया जाना चाहिए। रागनी केवल एक गीत शैली नहीं, बल्कि हरियाणा की संस्कृति की पहचान है। यदि इसे संरक्षित करने के लिए उचित क़दम नहीं उठाए गए, तो यह अमूल्य धरोहर धीरे-धीरे विलुप्त हो जाएगी। अब समय आ गया है कि हम इसे फिर से लोकप्रिय बनाएँ और इसकी समृद्ध परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ। रागनी केवल लोकगायन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। यह सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज़ उठाने, सुधार की ओर प्रेरित करने और बदलाव लाने की ताकत रखती है। अगर इसे सही दिशा में प्रोत्साहित किया जाए, तो यह समाज सुधार की एक मज़बूत नींव बन सकती है। 'रागनी सिर्फ़ गीत नहीं, ये समाज की आवाज़ है!', 'लोककला हमारी पहचान है, इसे बचाना हमारी शान है!'

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सहकर्मी आपकी काफी तारीफ करेंगे। विवाह को लेकर त्वरित निर्णय न लें। नव विवाहितों को पिछली बातों को लेकर बहस करने से बचना चाहिये।

**वृषभ**
पुराने अनुभव आपके काम आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन**
अचानक धन लाभ हो सकता है। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। कुछ लोग आपको गलत कार्यों की तरफ प्रवृत्त कर सकते हैं। मित्रों को अनदेखा न करें।

**कर्क**
जिद्दी रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी बड़े सत्संग में हिस्सा ले सकते हैं। जीवनसाथी से ज्यादा कठोर भाषा में बात न करें।

**सिंह**
बुजुर्ग लोग दवाइयों को लेकर लापरवाही न करें। मन में अज्ञात भय रहेगा। सहकर्मियों के साथ समझदारी भरा रवैया रखें। यात्रा के दौरान सावधानी रखनी चाहिये।

**कन्या**
विदेश में व्यापार कर रहे व्यापारियों को नये अनुबन्ध मिल सकते हैं। अपनी बातों को लोगों के सामने दृढ़तापूर्वक रखेंगे। सन्तान से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**
व्यापार वृद्धि के लिये आपको उधार लेना पड़ सकता है। परिवार का माहौल भी पहले की तुलना में सकारात्मक रहेगा। माता-पिता आपकी उन्नति से प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक**
किसी को भी बिना माँगे ज्ञान न दें। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। कोई बना-बनाया काम बिगड़ सकता है।

**धनु**
व्यर्थ भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिये। सम्पत्ति को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। किसी आवश्यक निर्णय को लेकर असमंजस में रहेंगे। मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिलेगा।

**मकर**
आपके कार्य जो रुक गये थे वो एकदम से बन सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में उत्तम लाभ मिलेगा। नये सम्पर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यापार विस्तार के लिये धन एकत्र कर सकते हैं।

**कुंभ**
शराब व्यापारियों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ आज गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**मीन**
दाम्पत्य जीवन की परेशानी दूर होगी। आप उच्च अध्ययन में काफी रुचि ले सकते हैं। आपकी कार्यशैली काफी अच्छी रहने वाली है।

# दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

## देशभर से 150 से अधिक विशेषज्ञ एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने की शिरकत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर (भोजपुर)।** श्री त्रिदंडी देव गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, गौतम नगर, शाहपुर भोजपुर एवं इक्सोरा रिसर्च एसोसिएशन, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवं 30 मार्च 2025 को मल्टी डिसीप्लिनरी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से 150 से अधिक विषय विशेषज्ञ एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने भाग लिया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अकादमिक इतिहास में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने बहुविषयक अनुसंधान के विभिन्न आयामों, चुनौतियों और अवसरों पर व्यापक चर्चा की। नेपाल की फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी से आए डॉ. मदन सिंह देऊपा ने कहा कि आने वाला समय मल्टी डिसीप्लिनरी एप्रोच का होगा। उन्होंने भारत की नई शिक्षा नीति को बहुविषयक अनुसंधान के लिए अनुकूल बताते हुए कहा कि इससे वैश्विक स्तर पर भारत की ज्ञान परंपरा और मजबूत होगी। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सीनियर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में बहुविषयक शोध आज की जरूरत है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किए गए पाठ्यक्रमों को वैश्विक पटल पर भारत की साख मजबूत करने वाला बताया।

**मल्टी डिसीप्लिनरी अप्रोच वैश्विक आवश्यकता**

तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट के फैकल्टी मेंबर डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि मल्टी डिसीप्लिनरी अप्रोच वैश्विक जरूरत बन गई है। वहीं, डॉ. मणिकांता ने कहा कि आज अध्ययन का दृष्टिकोण मल्टी डिसीप्लिनरी हो गया है और महाविद्यालयों एवं रिसर्च सेंटरों में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

प्रो. नीरज वर्मा (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग) ने कहा कि वैश्विक उन्नति के लिए बहुविषयक शोध को अपनाना अनिवार्य है। प्रो. डी. के. सिंह ने अपने वक्तव्य में शोध की विविधता पर जोर देते हुए कहा कि जब विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एक मंच पर आते हैं और विचार-विमर्श करते हैं, तो समाज की उन्नति अवश्य होती है।

**शोध पत्रों की प्रस्तुति**

इस मौके पर ऑनलाइन मोड में डॉ. पूनम, डॉ. स्मृति, डॉ. रश्मि, सिवान कुमार झा, डॉ. सारिक हैदर, विश्व ज्योति राय, श्वेता सिंह, प्रिंस कुमार, कुमारी खुशबू, देवस्मिता, कायनात रिजवी, अनुपम सिंह सहित दर्जनों प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

**इक्सोरा रिसर्च एसोसिएशन की प्रतिबद्धता**

इक्सोरा रिसर्च एसोसिएशन की मिस कल्पना ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत करने के लिए मल्टी डिसीप्लिनरी अप्रोच आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन भविष्य में भी ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करता रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गुलाब फलाहारी ने इक्सोरा रिसर्च एसोसिएशन, विषय विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की सफलता का श्रेय सभी प्रतिभागियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस अपने सामयिक विषय के कारण बेहद महत्वपूर्ण रहा। सीनेट सदस्य संतोष तिवारी ने इस प्रकार के आयोजनों को महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन महाविद्यालय का शैक्षणिक माहौल समृद्ध करने में मदद करते हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उज्ज्वल क्लासेस के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा शनिवार को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमे अनुमंडल के कई छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जगदीशपुर नगर पंचायत डीएम रोड स्थित उज्जवल क्लासेस के छात्र कुमार अंबर ने अनुमंडल स्तर पर 465 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। पवन कुमार 444 अंक, प्रिंस कुमार 409, निहारिका कुमारी 372 अंक, नंदनी कुमारी 359 अंक, धीरेंद्र कुमार 358, सचिन कुमार 350, मोध शम्मी 350 अंक, चांदनी कुमारी 344, शालू कुमारी 344, मंजीत कुमार 318 अंक, शिवम कुमार 309 अंक, मुन्ना कुमार समेत अन्य छात्र छात्रा छात्राओं ने बेहतर नंबर से मैट्रिक परीक्षा में प्रदर्शन किया। इस कोचिंग के वर्तमान संचालक दुर्गा कुमारी है।

## एकमा-रसूलपुर की बेटियों का मैट्रिक परीक्षा में जलवा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/रसूलपुर।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2025 में एकमा-रसूलपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 से अधिक अंक प्राप्त किए और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उत्क्रमित हाईस्कूल हुस्सेपुर की छात्रा पिंकी कुमारी ने 468 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में टॉप किया। पिंकी एक ट्रक चालक जगलाल यादव की बेटी है और उसका सपना आईएएस अधिकारी बनना है। इसी स्कूल की ही काजल मिश्रा (440 अंक) और वीणा यादव (387 अंक) ने भी अपनी सफलता का परचम लहराया। आर एन हाईस्कूल योगिया की छात्रा प्रिया कुमारी (457), अनिका कुमारी (422) और रणिता महतो (410) ने भी अपनी प्रतिभा से स्कूल और परिवार को गौरवान्वित किया। बेनौत प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय की छात्रा पलक कुमारी (416) ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

**छात्रों ने भी किया बेहतरीन प्रदर्शन**

बेटियों के साथ-साथ छात्रों ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। साधपुर हाईस्कूल के छात्र आयुष कुमार (463) ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए और अपनी सफलता का श्रेय इंस्पायर कोचिंग के संचालक साजिद अली को दिया। योगिया हाईस्कूल के दीप कुमार (455), रविकांत महतो (401) और आयुष्मान (404) ने भी स्कूल को गौरवान्वित किया। माधोपुर-चनचौरा हाईस्कूल के छात्र अफरोज अंसारी (418), उत्क्रमित हाईस्कूल एकसार के छात्र सत्यप्रकाश मिश्रा (447) और हाईस्कूल हुस्सेपुर के रौशन शर्मा (453) ने भी शानदार अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल मेरौड़ी देबी के प्रियांशु शर्मा (453) ने भी अपने गांव और स्कूल का नाम रोशन किया।

**योगिया हाईस्कूल के 56 छात्रों ने पाई प्रथम श्रेणी**

योगिया हाईस्कूल में इस साल कुल 56 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जिससे स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। इन शानदार परिणामों पर स्कूलों के शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मां काली एवं श्रीग्राम देवी प्रतिष्ठात्मक यज्ञ के लिए निकली जलभरी यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** मां काली एवं श्रीग्राम देवी प्रतिष्ठात्मक सतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा छिनेगांव स्थित मंदिर परिसर से शुरू हुई, जिसमें पांच हजार से अधिक श्रद्धालु रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर सिर पर कलश लिए शामिल हुए। यात्रा में हाथी, घोड़े, गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

यात्रा छिनेगांव मंदिर से शुरू होकर गजियापुर, सिन्हा बाजार होते हुए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर सिन्हा गंगा घाट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु पुनः वाहन एवं पैदल यात्रा करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे, जहां विधिपूर्वक कलश स्थापना की गई।

**30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा भव्य महायज्ञ**

सतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ 30 मार्च से हुआ, जो 7 अप्रैल 2025 तक चलेगा। यज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

31 मार्च को पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश, 1 अप्रैल को देवी पूजन एवं अरणी मंथन, 2 अप्रैलः को मंडप पूजन एवं दुर्गा पाठ, 3 अप्रैल को मूर्ति संस्कार एवं ग्राम भ्रमण, 4 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, 5 अप्रैल को मंडप पूजन, कीर्तन एवं रामायण दुगोला, 6 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं कथा प्रवचन, 7 अप्रैल को देवी जागरण का आयोजन किया जायेगा।

**धार्मिक प्रवचन और भजन संध्या से भक्त होंगे भाव-विभोर**

इस महायज्ञ के दौरान श्रद्धालु वाराणसी के श्रवण दास जी महाराज एवं हरिद्वार से पधारे बैकुंठ नाथ जी महाराज के प्रवचनों का रसास्वादन करेंगे। ये दोनों विद्वान संत 5 दिनों तक धार्मिक प्रवचन करेंगे, जिसमें भक्ति, धर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला जाएगा।

दुगोला कार्यक्रम में बलिया जिले के प्रसिद्ध गायक सुरेंद्र सिंह और आरा जिले के सुरेश तिवारी के बीच भव्य मुकाबला होगा, जिसे सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंदिर परिसर में झूला, चरखी और बड़ी दुकानों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों द्वारा मिठाई, पूजा सामग्री, खिलौने एवं अन्य वस्तुओं की अस्थायी दुकानें लगाई गई हैं, जिससे मेला क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई है।

**भक्तों को झुमाने आ रहे प्रसिद्ध भजन गायक**

7 अप्रैल को होने वाले देवी जागरण में विष्णु ओझा, बबुआ विनोद, रंजीत सिंह, रानी सिंह एवं अंजली सिंह अंजल जैसे प्रख्यात भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनके भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूम उठेंगे और मां काली की भक्ति में लीन हो जाएंगे।

**यज्ञाचार्य के सानिध्य में संपन्न होगा महायज्ञ**

यह महायज्ञ आचार्य शशि भूषण पांडेय के सानिध्य में वैदिक विधि-विधान से संपन्न होगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिसके मद्देनजर व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह भव्य यज्ञ धार्मिक आस्था, भक्ति एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का एक अद्वितीय उदाहरण बनेगा।

## सुहरत बाल शिक्षा मंदिर के छात्रों ने दिखाया जलवा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के लोहियानगर स्थित सुहृद बाल शिक्षा मंदिर के सभी विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस वर्ष परीक्षा में कुल 56 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 50 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 23 विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अमृत राज ने 468 अंक, संजना कुमारी ने 464, मोनी कुमारी ने 461 और रवि किशन ने 457 अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, पटना के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश प्रसाद ने कहा कि शिक्षा से ही समुन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## एक नजर

### सम्मानित हुए मेधावी छात्र

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मैट्रिक की परीक्षा में बिहार में छठ्ठा एवं जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार को बिक्रम नगर पंचायत की ओर से सम्मानित किया गया। बिक्रम नगर पंचायत के अध्यक्ष सरिता देवी,उपाध्यक्ष उदय शंकर मंटू एवं पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में गंगाचक गांव में पीयूष के आवास पर उन्हें और उनके पिता मधेश्वरी रविदास को सम्मानित किया गया। पीयूष के पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। नगर अध्यक्ष ने पीयूष को पठन पाठन हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया है। साथ ही भुवनेश्वरी उच्च विद्यालय के प्राचार्य मो जुबैर आलम को भी बधाई दी गई। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद छोटन तिवारी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, कैरियर मंत्रा के निदेशक मो अरमान, मो इरफान, धर्मेंद्र कुमार, नन्हें मिश्र, रवि प्रकाश, आश नारायन शर्मा आदि मौजूद थे। वहीं इंटर आर्ट्स की परीक्षा में जिला में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मनेर तेलपा ग्राम के जय प्रकाश एवं उनकी माता आंगन बाड़ी सेविका गायत्री देवी को भी नगर पंचायत की ओर से सम्मानित किया गया।

### बबुरा थाना में शांति समिति की बैठक

**कोइलवर/बड़हरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी दिनों में पड़ने वाले त्योहारों नवमी व ईद को लेकर बबुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों से शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील नागरिकों से की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने की। उन्होंने कहा, सभी त्योहारों को आपसी सहयोग व भाईचारे के साथ मनाएं। जहां जरूरत हो पुलिस का सहयोग लें और करें भी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। क्षेत्र में कोई भी समस्या हो तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ईद व राम नवमी को लेकर फ्लैग मार्च

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईद व रामनवमी पर्व को लेकर कोईलवर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। इसका नेतृत्व अंचल इंस्पेक्टर कमलजीत कुमार व थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह के निर्देशन में शहरी क्षेत्र में ईद, चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए फ्लैग मार्च किया गया था। इस दौरान कोईलवर चौक, बड़ी मस्जिद, बाजार मुहल्ला होते हुये पैठान टोली, चौक, कपिलदेव चौक, कॉलनी होते हुये पुरे नगर में फ्लैग मार्च किया गया।

### बिहार टॉपर रंजन को राजद नेता ने लैपटॉप देकर किया स्वागत

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को बिहार टॉपर रंजन वर्मा समेत उनको दो चचेरे भाइयों को राजद नेता राजीव रंजन उर्फ़ पिंकू यादव के द्वारा भविष्य में अपनी पढ़ाई अच्छे से कर सके। लैपटॉप और साथ में आर्थिक मदद और अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने मीडिया में बातचीत करते हुए कहा कि कि भविष्य में रंजन के पढ़ाई को लेकर मदद भी करेंगे। वहीं पिंकू यादव का कहना है कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा भी दहाड़ेंगा, साथ ही रंजन भविष्य में यूपीएससी तैयारी करना चाहता है। सिविल सर्विस की नौकरी कर देश की सेवा कर सके। और जगदीशपुर विधानसभा का नाम रौशन करे सके। उसने उन्हें ने उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मौजूद रहे मनीष यादव, विनोद यादव, मंटू यादव, अशोक सिंह ,प्रमोद तिवारी, ऋतिक रौशन, दीपक जी, रजनीश जी, मुन्ना जी समेत सैकड़ों ग्रामीण समेत अन्य उपस्थित थे।

### 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को लेकर अंबेडकर विचार मंच की ओर से एक हयात होटल में पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। संचालन जितेंद्र नारायण ने किया। इस अंबेडकर जयंती मनाने के लिए सभी प्रतीनिधी ने अपने अपने क्षेत्र से शांति पूर्ण ढंग से भव्य झांकी लाने के लिए सहमत हुये। अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने सभी पंचायतों से अम्बेडकर की झाकी को शान्ति ढंग से लाने को कहा। इस मौके पर लालदेव पासवान, महेश पासवान, सुनील कुमार दीप, विनोद कुमार, अशोक दास, राजेंद्र कुमार, राकेश, कमलदेव कुमार, भोला चैधरी, विजय चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, नागदेव राम, धर्मेंद्र रजक, जितेंद्र नारायण भिमसेन राम, राम प्रवेश पासवान, सुदर्शन राम, बसपा जिला महासचिव राम जीवन दास, जितेंद्र, प्रेम, राम प्रवेश, अशोक कुमार, कमलेश राज कुमार, ललन ठाकुर, दिनेश, रवी, रुप नारायण, संतोष, जितेंद्र, संजय, डा अखिलेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे टिकट में छूट बहाल करने की मांग को लेकर आरा जंक्शन पर वरिष्ठ नागरिकों ने दिया धरना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** सीनियर सिटीजन वेलफ़ेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले रविवार को आरा जंक्शन पर वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे टिकट में पूर्व में मिलने वाली छूट को बहाल करने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना दिया। धरने का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। उन्होंने रेल मंत्रालय को चेतावनी दी कि यदि वरिष्ठ नागरिकों को फिर से रेलवे टिकट में छूट नहीं दी गई तो देशभर में रेल प्रशासन के तानाशाही रवैये के खिलाफ व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। चार राज्यों के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी रविवार को इसी मांग को लेकर धरने का आयोजन किया गया। आरा जंक्शन पर धरना स्थल पर जुटे वरिष्ठ नागरिकों ने केंद्र सरकार से अविलंब रेलवे टिकट में छूट को पुनः लागू करने की मांग की। धरना को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. दिवाकर पांडेय, संरक्षक एवं पूर्व प्राचार्य कमल कुमारी सिंह, हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, वरिष्ठ जेपी सेनानी सुशील तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, राम अयोध्या प्रसाद, प्रो. अमरेंद्र कुमार, निर्मल कुमार, पत्रकार नरेंद्र सिंह, गुरुनारायण सिंह, अनंत श्रीवास्तव, भोजपुर जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, संरक्षक राघव प्रसाद सिंह, रामनारायण पांडेय, कंचन प्रभा सिंह, प्रो. रेनू मिश्रा, रवींद्र नाथ सिंह, भरत भूषण, योगेंद्र सिंह, ठाकुर प्रसाद यादव, सेवा प्रसाद, त्रिलोकी सिंह, उदय प्रताप सिंह, अशोक कुमार चौधरी, निर्मल सिंह सकरवार, ठाकुर प्रसाद यादव, शिवदास सिंह, महावीर सिंह यादव, जदयू के प्रदेश नेता कामेश्वर कुशवाहा, जदयू जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता तारकिशोर ठाकुर, बाबू चंद पांडेय और जय मंगल प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुजफ्फरपुर से आए उत्तरी बिहार के प्रभारी कृष्णा नंदन प्रसाद सिन्हा और अमरदेव चौबे ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कोरोना से पहले मिलने वाली रेलवे टिकटों पर छूट को रेलवे स्टैंडिंग कमेटी ने दो बार अनुशंसा करने के बावजूद अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस छूट को बहाल करने की मांग की।

धरने के समापन पर स्टेशन मास्टर एन.के. राय स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और धरनार्थियों से बातचीत कर उनकी मांगों को सुना। उन्होंने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्राप्त किया और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

## टीएन अग्रवाल महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/जगदीशपुर।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अमित कुमार जैन (एडीजी, बिहार), पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, शांति अग्रवाल, डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल, कृष्ण माधव अग्रवाल, धीरेन्द्र कुमार सिंह, सुनीता जी, डॉ. राहुल कुमार पांडेय, आकांक्षा सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

**शिक्षकों के सम्मान में प्रकट किए गए विचार**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि 'शिक्षक हमारे जीवन के दीपक हैं, जो स्वयं जलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।' मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने अपने संबोधन में कहा कि 'शिक्षक समाज को सुसंस्कृत और सभ्य बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनका सम्मान करना गौरव की परंपरा है।' पद्मश्री डॉ. भवेश ने कहा कि 'शिक्षक का सम्मान किसी एक दिन का नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए, क्योंकि वे हमें शिक्षा के माध्यम से ज्ञान प्रदान करते हैं।' महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि 'शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और वे छात्रों को एक उपयोगी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।'

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और कोर्स की दी गई जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान डॉ. नयन रंजन सिन्हा ने बीबीए और बीसीए कोर्स करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रशिक्षुओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम संचालन डॉ. नयन रंजन सिन्हा एवं कुमार गौरव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आकांक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर पीएम जेना, डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ. नीरज तिवारी, केवी यादव, चंदन गुप्ता, रजय कुमार, प्रमोद कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, सुनील कुमार समेत कई शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## विधायक ने स्वतंत्रता सेनानी बद्री अहीर की आदमकद प्रतिमा लगाने की उठाई मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने बजट सत्र के दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी बद्री अहीर की आदमकद प्रतिमा आरा में स्थापित करने की मांग उठाई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भी आग्रह किया है।

**महात्मा गांधी के संघर्ष में अहम भूमिका**

विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि स्वतंत्रता सेनानी बद्री अहीर, जो हेतमपुर गांव के निवासी थे, महात्मा गांधी के साथ दक्षिण अफ्रीका से चंपारण तक सत्याग्रह में सक्रिय रूप से शामिल रहे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने गांधी जी के साथ जेल भी गए। एक सामान्य परिवार से होने के बावजूद उन्होंने सत्याग्रह के दौरान महात्मा गांधी को 1000 की आर्थिक सहायता दी, जो उस समय एक बड़ी राशि थी।

महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा में बद्री अहीर को 'चरित्रवान हिंदुस्तानी' के रूप में वर्णित किया है। वे गिरमिटिया मजदूर के रूप में अफ्रीका गए थे और वहां एक सफल कारोबारी बने।

**प्रतिमा स्थापना के लिए विधायक का प्रयास**

विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कहा, 'मैंने विधानसभा सदन में यह मांग उठाई है और मुख्यमंत्री को पत्र देकर आग्रह किया है कि आरा शहर में बद्री अहीर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए।' उन्होंने कहा कि बद्री अहीर एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने बिहार को गौरवान्वित किया।

विधायक ने सरकार से इस ऐतिहासिक व्यक्तित्व के सम्मान में आवश्यक कदम उठाने की अपील की। उनके इस प्रयास से बद्री अहीर की स्मृति को संजोने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में मदद मिलेगी।

CMYK

# मोतिहारी के एफपीओ को अमित शाह के हाथों भंडारण परियोजना की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पटना में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न सहकारी योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कई सहकारी समितियों को सम्मानित भी किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा समर्थित और कौशल्या फाउंडेशन द्वारा समर्थित पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर स्थित सोमेश्वरनाथ किसान उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड (एफपीओ) को विशेष रूप से चुना गया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समिति की अध्यक्ष तेतर देवी को



1000 टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण के लिए परियोजना स्वीकृति पत्र एवं चेक प्रदान किया।

**51 लाख रुपये का ऋण और 23 लाख रुपये का अनुदान**

इस परियोजना के तहत समिति को 51 लाख रुपये का ऋण मिलेगा, जो भारत सरकार की क्रेडिट गारंटी योजना के तहत कोलेटरल-फ्री होगा। साथ ही, 23 लाख रुपये का अनुदान कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई) योजना के अंतर्गत दिया जाएगा। यह परियोजना कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के तहत स्वीकृत की गई है, जो किसानों को कृषि अवसंरचना के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराती है। इस योजना के तहत अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक का ऋण दिया जाता है, जिस पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा उपलब्ध होती है और यह ऋण अधिकतम 7 वर्षों के लिए दिया जाता है।

**एफपीओ की प्रगति और किसानों को लाभ**

गौरतलब है कि सोमेश्वरनाथ किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) वर्ष 2022 में स्थापित हुआ था। वर्तमान में यह 1015 किसानों का एक सशक्त समूह बन चुका है। संगठन उन्नत कृषि तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण इनपुट्स और वित्तीय सहायता के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। 1.04 करोड़ रुपये के वार्षिक व्यापार टर्नओवर के साथ, यह एफपीओ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, लोन सुविधाएं, फार्म मशीनरी बैंक और डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स जैसी सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह संगठन ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसलों की सुरक्षा, बकरी पालन, बीज उत्पादन, मशरूम और मधुमक्खी पालन जैसे नवाचारों को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

**सहकारिता मंत्री और सांसद ने दी बधाई**

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद राधा मोहन सिंह ने समिति को बधाई देते हुए कहा कि पूर्वी चंपारण में 25 से अधिक एफपीओ कार्यरत हैं, जो किसानों को संगठित कर प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के एफपीओ को कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा से सतत मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे वे तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर एनसीडीसी की क्षेत्रीय निदेशक स्वेता कुजूर ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम किसानों की आय बढ़ाने और उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। पूर्वी चंपारण के एफपीओ की यह प्रगति सहकारी आंदोलन को और अधिक मजबूती देगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह परियोजना किसानों को नई संभावनाओं से जोड़ेगी और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मददगार साबित होगी।

# हार्डवेयर व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** एक बार फिर अपराधियों ने गोलियों की तडतडाहट से हरसिद्धि के गायघाट में एसपी के बेहतर पुलिसिंग को खुली चुनौती देते हुए दिन-दहाड़े एक हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र को गोली मारकर जख्मी कर दिया है। बताया जा रहा है कि अपाची सवार तीन अपराधियों ने गोली मारी है और गोली मारने के बाद अपराधी तुरकौलिया की ओर भाग निकला है। बताया तो यह भी जा रहा है कि भागने के दौरान हल्ला करने पर अपराधियों ने फायरिंग भी करने लगा है। घटना की सूचना मिलते ही हरसिद्धि थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुँच स्थिति का जायजा लिया और जख्मी व्यवसायी को बेहतर इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अरेराज डीएसपी के नेतृत्व में मामले के उद्भेदन हेतु एस आई टी का गठन कर दिया है। गठित टीम द्वारा अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गयी है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संपत्ति विवाद जैसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ अपराधियों के नाम सामने आया है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जायेगा। एसपी ने कहा कि डाग स्क्वायड, एफ एस एल व तकनीकी शाखा को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।

# चौकीदार के साथ मारपीट की घटना में पुलिस अधीक्षक ने सबइंस्पेक्टर को किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के द्वारा चौकीदारों के साथ गाली गलौज मारपीट अमानवीय व्यवहार को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक मोतिहारी के यहां चौकीदारों के द्वारा सामूहिक आवेदन देकर थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में बताया कि 22 मार्च को गरीबा के चौकीदार प्रियरंजन कुमार के द्वारा सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराई गई। इसी दौरान थानाध्यक्ष ने किसी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए चौकीदार प्रियरंजन के साथ मारपीट की घटना की।जिससे गर्दन, कान, छाती,जबड़ा आदि पर गंभीर चोट लगी। इसके बावजूद भी 23 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन पर लगी ड्यूटी पर गए व अपने कर्तव्य का निर्वहन किए। आवेदन में बताया गया है कि थानाध्यक्ष के द्वारा थाना में पदस्थापित सभी चौकीदारों के साथ अमानवीय दुर्व्यवहार किया जाता है। हम लोगों से कपड़ा धुलवाने, सब्जी की खरीदारी, शौचालय की सफाई आदि कार्य मनमाने ढंग से कार्य कराया जाता है। नहीं करने पर थानाध्यक्ष के द्वारा गाली गलौज मारपीट की जाती है। आवेदन में बताया 11 मार्च की रात 12:00 बजे थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिनेमा देखकर लौट रहे थे। उसी समय प्रियरंजन कुमार एवं दिनकर भारती रात्रि गश्ती कर रहे थे तभी थानाध्यक्ष गाड़ी से उतरकर प्रियरंजन को धक्का देकर गिरा देते हैं। जिसे प्रियरंजन को गंभीर गंभीर चोट लग गया। आए दिन थानाध्यक्ष के द्वारा किसी न किसी चौकीदार के साथ अभद्र अमानवीय व्यवहार किया जाता है। जिससे हम सभी चौकीदार भयभीत एवं आतंकीत हैं तथा मानसिक प्रताड़ना सहने को विवश है। थाना अध्यक्ष के द्वारा बार-बार हाजत में बंद कर जेल भेज देने की धमकी दी जाती है। जबकि थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने मामले को सिरे से खारिज किया है।उन्होंने बताया शराब की छापेमारी को लेकर दबाव बनाया जा रहा था जिसको लेकर इन लोगों ने इस तरह का साजिश किया हैद्य वही उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने एसआई श्रीराम उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री उपाध्याय के निलंबन से पुलिस महकमे में खलबली मची है। पीड़ित चौकीदार के द्वारा दूरभाष पर घटना की जानकारी एसपी मोतिहारी को दी गई। दूरभाष पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने पीड़ित चौकीदार का पक्ष जाना। एसपी के द्वारा चकिया एसडीपीओ से मामले जांच कराई गई। जांच में श्री उपाध्याय दोषी पाए गए। वही इस बावत एसपी स्वर्ण प्रभात ने एसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अधीनस्थों के साथ गाली गलौज और मारपीट स्वीकार्य नहीं है। अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

# विश्व हिन्दू परिषद् चकिया कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् चकिया जिला कार्यालय का उद्घाटन विहिप के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, आरएसएस के गोविंद प्रसाद जी अन्य गणमान्य कार्यकर्ताओं के साथ विहिप के उत्तर बिहार प्रांतीय मंत्री राणा रणवीर सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिला विहिप कार्यालय बाबू लाल साह बालिका (+2) विद्यालय के निकट पतंजलि भवन परिसर में शुभारंभ किया गया है। विहिप जिलाध्यक्ष उमेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषंगी संगठन है जो बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी के सनातन हिंदू संस्कृति के संरक्षण और प्रसार के लिए तत्पर है। उद्घाटन के दौरान विहिप चकिया जिला सह मंत्री अजय सिंह, सह मंत्री विपिन कुशवाहा, नविन गुप्ता, भोला सिंह, राम बाबू सिंह, प्रभु प्रसाद, लखिन्द्र कुमार, सरस्वती शिशु मंदिर चकिया के प्राचार्य अनिल कुमार, बजरंग दल चकिया संयोजक मनीष खोखा, आरएसएस जिला मुख्य मार्ग प्रमुख सत्यम कार्तिकेय वत्स, चकिया खण्ड कार्यवाह दिपक शर्मा, नवीन बजाज, शम्भू तुलस्यान, भाजपा के चकिया मंडल अध्यक्ष विजय श्री, लायंस चकिया संरक्षक अनिल यादव, राजेंद्र सिंह, अमन गुप्ता, हरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 551 कुमारी कन्याओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के अजगरी मनोकामना नाथ मंदिर परिसर में बसंतिया नवरात्र के अवसर पर परंपरागत रूप से 551 कुमारी कन्याओं के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर बड़कागांव, अजगरवा, और सिसहनी गांव से होती हुई कछुआ नदी घाट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और जल भरने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद यात्रा सिसहनी होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। आचार्य वीरू पुरोहित ने बताया कि यह यात्रा मां दुर्गा की कृपा और मनोकामना पूर्ति के लिए आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का नवरात्र विशेष शुभ फलदायी है। यजमान विनोद दास ने यज्ञ को संपन्न कराया। इस अवसर पर समिति के सदस्य बमशंकर सिंह, सुनिल सिंह, अनिल प्रसाद, महेंद्र दास, रंजीत राय, संतोष सिंह, दीनानाथ प्रसाद, अवनीश कुमार, मनोज सिंह, चुनु कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### मैट्रिक परीक्षा में अभिनव ने 474 अंक लाकर चंपारण का नाम किया रोशन

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत के प्रवीण तिवारी के पुत्र अभिनव कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2025 में 474 अंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय, बड़कागांव के छात्र अभिनव ने हिंदी, संस्कृत और सामाजिक विज्ञान की तैयारी अनुपम ब्रांड कोचिंग से, जबकि गणित व विज्ञान की पढ़ाई आरडीएस कोचिंग सेंटर, लक्ष्मी रोड से की। बिहार बोर्ड ने उन्हें सत्यापन के लिए 27 मार्च को पटना बुलाया था। अभिनव बिहार टॉप-10 से मात्र पांच अंक से चूक गए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और गुरुजनों को दिया। अनुपम ब्रांड के संचालक सचिन कुमार ने बताया कि अभिनव मेहनती और अनुशासित छात्र हैं। कोचिंग के 80 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जिनमें अभिनव (474), शिवम (457), तौहीद (453), उज्जवल (443), कृष्णा कुमार ठाकुर (440) सहित कई ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए। उत्कृष्ट परिणामों पर गोदावरी विद्या संस्थान के शिक्षक रामदयाल प्रसाद, शशि भूषण शर्मा, मदन भगत, तिलक कुमार, लोटस आवासीय विद्यालय के अजीत मिश्रा, सुजीत मिश्रा, गौरीशंकर यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अभिनव व अन्य छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### आदापुर में 1585 लीटर शराब नष्ट

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना परिसर में पकड़ी गई शराब को विधिवत नष्ट किया गया। इस मौके पर सीओ अनामिका सिंह की उपस्थिति में कार्रवाई पूरी की गई। थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि नेपाल से लाई गई 35 कार्टन विदेशी शराब, जिसमें करीब 1585 लीटर अंग्रेजी शराब शामिल थी, को विनष्ट किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रणधीर कुमार सहित अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### ईद, नवरात्र और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी ईद, नवरात्र और रामनवमी को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने ईद के शांतिपूर्ण आयोजन और रामनवमी के भव्य जुलूस को लेकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। इस अवसर पर सीओ अनामिका सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार, मुखिया सफी अहमद, मुखिया मनोज कुमार, चंद्र चौरसिया, भोला मुखिया, धीरेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हिंदू नवजागरण मंच द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन

**मोतिहारी//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 के अवसर पर हिंदू नवजागरण मंच के तत्वावधान में मोतिहारी नगर सहित जिलेभर के विभिन्न मंगल मिलन केंद्रों पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान रमाकांत शर्मा शास्त्री ने जिलेवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह वर्ष सुख और शांति लेकर आए। मंच के मुख्य कार्यकारी दिनेश कुमार ने कहा कि यह सनातन संवत है, जिसे ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि रचना का प्रारंभिक दिन माना जाता है, इसलिए इसे सृष्टि संवत भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इसी तिथि को भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक, भगवान झूलेलाल एवं संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्म, साथ ही आर्य समाज एवं हिंदू नवजागरण मंच की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम में मुरारी शरण पांडे, पं. अरविंद मिश्र, उमेशचंद्र त्रिपाठी, राजेश्वर सिंह, शिवशंकर प्रसाद, वैधनाथ ठाकुर, चंद्रिका सिंह, रामेश्वर यादव, संजय पटेल, अरविंद कुमार, नागेंद्र प्रसाद, राममनोहर, अमित कुमार, दीपक कश्यप, ऋषभ मिश्रा, रुमीत रौशन, विकास कुमार, सुरेश प्रसाद, अरुण कुमार, शशिभूषण शर्मा, नवलकिशोर सिंह, कुंदन कुमार, रामविनय चौधरी, अनिल प्रसाद, नंदन कुमार, हरिवंश सिंह, संत सिंह, रामविनय कुमार, प्रभाकर मिश्र, अंजना कुमारी और माधवी देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रोच्चार और आरती के साथ किया गया।

### विष्णु महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजपुर बाजार की ब्रह्म बाबा स्थान के प्रांगण में रविवार से आयोजित श्री श्री अनंत श्री विष्णु महायज्ञ को लेकर 1101 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान कन्याओं ने यज्ञ स्थल से केसरिया सतर घाट से जल भरकर गाजे बाजे धोड़ा और वाहनों के काफिले के साथ पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। यज्ञ के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि यह रविवार से आरंभ होकर अगले 07 अप्रैल यज्ञ चलेगा। इस यज्ञ में रामलीला भी होगी जो भक्तों को भगवान के विभिन्न रुपों का वर्णन करते हुए चित्र दर्शन कराएगी। वही प्रवचन के लिए वृंदवान उत्तराखंड व काशी से प्रवचन कर्ता के अलावा कई संत महात्मा का आगमन हो गया है। इस महायज्ञ में डिजनीलैंड मेला का भी आयोजन हो रहा है। जो आकर्षण का केन्द्र रहेगा यज्ञ की सफलता को लेकर काशी से दामोदर दास महाराज, आचार्य बिपिन तिवारी, दिपक शास्त्री विकाश शास्त्री, अभय शास्त्री, शुभम शास्त्री, प्रेम शास्त्री, नंदेश्वर तिवारी आदि हजारों भक्तगण मौजूद थे।

# मंत्री राजू सिंह ने पंचायत सचिव की पत्नी की प्रतिमा का किया अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह द्वारा रविवार को भुवन छपरा गांव के टोला मधुचांई वार्ड 13 निवासी सेवानिवृत पंचायत सचिव बालकिशुन राम के पत्नी की प्रतिमा का अनावरण फीता काटकर किया गया। मंत्री का लोगो ने फूलों का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पंचायत सचिव अपने जीवन में पत्नी की बहुमूल्य योगदान को गिनाते हुए कहा कि मैं जब मजदूरी कर रहा था तो 17 साल की उम्र में 1980 में मुजफ्फरपुर जिला के बरूराज के निकट कमालपुर गांव निवासी शारदा देवी से मेरी शादी हुई। शादी होते हीं पत्नी ने घर की जिम्मेवारी अपने कंधे पर उठा लिया। पत्नी ने अपने आभूषण बेच कर हमे 1985 में मैट्रिक कराया। 1989 में उसके अथक प्रयास से सरकारी नौकरी लगी। नौकरी के दौरान हमने कभी घर का नमक तक नहीं खरीदा। चार लड़के व एक लड़की की पढ़ाई, घर, खेती समेत अन्य कार्य वहीं संभाली। मै जनवरी 2023 में सेवानिवृत होकर एक साथ दाम्पत्य जीवन बिताने वाला था। इसी बीच तीस मार्च 2022 को पत्नी शारदा देवी ने सदा के लिए मेरा साथ छोड़ मौत को गले लगा लिया। आज मैने पत्नी की प्रतिमा का अनावरण करा उसे सच्ची श्रद्धांजलि दी है। आज वह हम सब के लिए प्रेरणा है। मौके पर पुत्र अशोक चमार, अरुण कुमार, शेखर कुमार, शशि भूषण कुमार, पुत्री गुड़िया के अलावा प्रो मो रिजवान, लव किशोर निषाद, ध्रुव कुशवाहा, शिवदेनी प्रसाद, रामबहादुर भगत, विश्वनाथ राम सहित अन्य ग्रामीण व गणमान्य मौजूद थे।

# वृक्ष धरती पर जीवन का है आधार, वृक्ष लगाएं जीवन बचाएं : अनुमंडल पदाधिकारी

## गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा 20वें साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 200वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद के आवासीय परिसर में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा सपरिवार उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का सस्वर पाठ कर किया गया। पौधों का पूजन कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है। वे न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने, के साथ ही जल



संरक्षण, मिट्टी को उपजाऊ बनाने और जैव विविधता को बनाए रखने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज, बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का समाधान वृक्षारोपण से संभव है। इसलिए, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने यह भी कहा कि गायत्री परिवार के 200वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का सौभाग्य उन्हें मिला इसके लिए हम गायत्री परिवार के आभारी हैं और मानव- जीवों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम से जुड़कर हम पूरे परिवार अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने अनवरत वृक्षारोपण अभियान में लगे प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी के आवासीय परिसर में कुल 51 फलदार पौधा गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों की ओर से लगाया गया। इस दौरान गायत्री परिवार कि ओर से अनुमंडल पदाधिकारी सहित उनके परिवार को मंत्र चादर एवं युग साहित्य देकर सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर रितु कुमारी, रविरंजन सिन्हा, नेहा कुमारी, अरविंद प्रसाद सिंह, वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, कौशल कुमार, सहायक ट्रस्टी श्याम नारायण कुमार, अखिलेश कुमार, जिला संयोजक हरीजी,विनोद कुमार, कुमार श्रीकांत, प्रवीण कुमार, भारती जी, राकेश कुमार, अवनीश कुमार, शंकर कुमार, चिंटू कुमार, परमेन्द्र कुमार, अजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार, नीतीश कुमार, मंटू, रामजी, ब्रजकिशोर सिन्हा, अभिषेक कुमार, अंजेश कुमार एवं अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित नाजिर शशि कुमार भी उपस्थित थे।

# फर्जी आयुर्वेदिक नेटवर्किंग कंपनी पर छापेमारी, 568 नाबालिगों और युवाओं को कराया गया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** 29 मार्च को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एसएसबी 47वीं बटालियन पनटोका, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर (पूर्वी चंपारण) और रक्सौल थाना की संयुक्त कार्रवाई में डीबीआर ओ विन मेकर नामक फर्जी आयुर्वेदिक नेटवर्किंग कंपनी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर 568 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिनमें 79 नाबालिग और 4 लड़कियां शामिल थीं। सभी नाबालिगों को जिला बाल कल्याण समिति के निर्देश पर बाल गृह मोतिहारी और बेतिया में अस्थायी रूप से रखा गया। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शिवाक्षी दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर बच्चों से बातचीत की और खुलासा हुआ कि उन्हें अजनबियों से बात करने से रोका जाता था, माइंडवॉश कर प्रोडक्ट सेलिंग के नाम पर झूठे सपने दिखाए जाते थे और उनके मोबाइल संपर्कों को कंपनी से जोड़ने का दबाव बनाया जाता था। छापेमारी में फर्जी कंपनी से जुड़े दस्तावेज जब्त कर कोईरिया टोला स्थित मुख्य कार्यालय को अंचलाधिकारी द्वारा सील किया गया, जबकि नवादा, बेगूसराय और रोहतास जिले के रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। फरार मुख्य संचालक एनामूल हक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूर्वी चंपारण के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई है। रक्सौल थाना प्रभारी राजीव नंदन सिन्हा द्वारा गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों और संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। छापेमारी अभियान में एसएसबी 47वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार कृष्णा, असिस्टेंट कमांडेंट नेहा सिंह, सचिन कुमार, रजत मिश्रा और 100 जवान, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम से असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर प्रदीप कार्जी, हेड कांस्टेबल अरविंद द्विवेदी, मिक्की कुमारी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर से जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, अभिषेक कुमार, उमेश कुमार श्रीवास्तव, श्रम पदाधिकारी (सुगौली) दिवाकर प्रसाद, श्रम पदाधिकारी (आदापुर) राजीव कुमार और रक्सौल थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# गोडसर में 30 लाख की लागत से बना विवाह भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड स्थित गोडसर गांव में 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित विवाह भवन का उद्घाटन किया गया। अरिस्टो कंपनी के एमडी उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू ने इस भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोला बाबू ने बताया कि गांवों में पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के विस्तार के लिए कंपनी ने ग्रामीण विकास की योजना बनाई है, जिसके तहत हर गांव में चापाकल लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। गिरते जल स्तर को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी कंपनी सक्रिय है। कई स्कूलों



में स्मार्ट क्लास की सुविधा दी गई है साथ ही गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने की योजना भी उनकी कंपनी की ओर से बनाई गई है ताकि जिले के मेघावी छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई निरंतरता के साथ जारी रख सकें।

बताया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की जा रही है। घोसी और मोदनगंज क्षेत्र में यह सेवा पहले ही शुरू हो चुकी है, और जल्द ही इसे सभी प्रखंडों में लागू किया जाएगा। उन्होंने माना कि गांवों के विकास से देश और राज्य का विकास संभव होगा।

इस अवसर पर भोला बाबू ने कहा कि उनके बड़े भाई महेंद्र प्रसाद का सपना था कि गांवों का समुचित विकास हो।

# शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे बड़ा साधन : निदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** शहर के बेलबनवा स्थित चंद्रा पैरामेडिकल एजुकेशन कॉलेज के सभागार में महाविद्यालय के यूनिवर्सिटी टॉपर विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद- सह- सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. वीएन पांडे थे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. चंद्र सुभाष ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉध चंद्र सुभाष ने कहा कि सच्ची लगन, कठिन परिश्रम और दृढ इच्छाशक्ति हो तो सफलता एक दिन जरूर कदम चूमती है, ऐसा ही कारनामा दिखाया है महाविद्यालय के छात्रों ने। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी कला है, जिसकी सराहना चहुओर होती है और इसके दम पर वे जीवन के हर मुकाम पर कामयाबी हासिल करते है वही प्राचार्य प्रो. आरके दुबे ने कहा कि संस्थान ने विद्यार्थियों में विश्वास दिखाया और उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हेना चंद्रा ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे बड़ा साधन है। आज हमारे विद्यार्थियों ने जिस मेहनत और लगन का परिचय दिया है, वह न केवल उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतीक है, बल्कि पूरे देश की प्रगति में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम भी है। पैरामेडिकल शिक्षा का उद्देश्य केवल पेशेवर दक्षता हासिल करना नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य और सेवा की भावना को मजबूत करना भी है। मुझे गर्व है कि हमारे छात्र इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह महाविद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और विद्यार्थियों को और अधिक अवसर उपलब्ध कराएगा। वही प्रो. वीएन पांडे ने नई शिक्षा नीति के तहत बी.वॉक आदि कोर्सेज की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन पहल है, जिससे विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त होगी। इस दौरान बीपीटी के एचओडी डॉ. विकास कुमार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# ज्ञान ज्योति स्कूल के छात्रों ने बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए नवाचार मॉडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के पुरनहिया स्थित ज्ञान ज्योति विद्यालय में रविवार को बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक प्रेमचंद्र प्रसाद, प्राचार्य सुभजीत बनर्जी और बृजकिशोर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के होनहार छात्रों ने अपनी विज्ञान, बुद्धि और तर्कशक्ति के आधार पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडलों का प्रदर्शन किया। छात्रों की परियोजनाओं ने अभिभावकों, अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 70 से अधिक



वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। इनमें हृदय का कार्यकारी मॉडल, उत्सर्जन तंत्र, हाइड्रोलिक पुल, अपशिष्ट जल प्रबंधन, स्वचालित रोबोट, अग्नि सूचक यंत्र, लाइटिंग कंडक्टर और विद्युत चालित घंटी जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों के प्रोटोटाइप शामिल थे। अतिथियों और अभिभावकों ने छात्रों के इन नवाचारों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में रवि प्रकाश गुप्ता, प्रतीक कुमार, अरुंधति बनर्जी, कमलेश जायसवाल, अक्षय ओझा, मनोज कुमार, रीना श्रीवास्तव और कमल किशोर सिंह सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास को विज्ञान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

# चैत्र शुक्ल नववर्ष समारोहपूर्वक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** चैत शुक्ल प्रतिपदा 2082 के अवसर पर सृष्टि संवत का 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 126 वर्ष पूरा हुआ। साथ ही आर्य समाज के 151वें स्थापना दिवस पर अभेदानंद आश्रम, आर्य समाज मंदिर, बारो में भव्य नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया।

**समाज के योगदानकर्ताओं का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी शिवजी आर्य एवं फुलेना आर्य, योग शिक्षक धर्मेंद्र आर्य एवं निभा आर्या, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार गुप्ता एवं डॉ. रंजना सिन्हा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, स्थानीय तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - बारो, अमरपुर और राजवाड़ा के नौ इंटर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को समाजसेवी मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा एवं रंजीत कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

**देवयज्ञ और वैदिक परंपरा पर हुआ प्रवचन**

समारोह की शुरुआत देवयज्ञ से हुई, जिसके मुख्य यजमान डॉ. अशोक गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. रंजना सिन्हा बने। हरियाणा, करनाल से पधारे स्वामी दयानंद 'विदेह' ने नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही परमात्मा ने अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा ऋषियों को समस्त ज्ञान-विज्ञान का मूलरूप में संदेश क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद के रूप में दिया था।

उन्होंने बताया कि इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने लंका पर विजय प्राप्त कर वैदिक धर्म की ध्वजा फहराई थी। महर्षि वाल्मीकि रामायण के अनुसार, आज के दिन ही कलि संवत, विक्रम संवत, शक संवत एवं युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ होता है। इसी पावन दिन, महर्षि दयानंद सरस्वती ने सत्य वेद धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु आर्य समाज की स्थापना की थी।

**बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति**

इस भव्य आयोजन में जिला प्रधान शिवजी आर्य, आचार्य अरुण प्रकाश आर्य, आचार्य राघवेंद्र आर्य, आचार्य भूपेंद्र आर्य, रवींद्रनाथ आर्य, संतोष आर्य, डॉ. सुधीर पासवान, रामदेव आर्य, सुधीर आर्य, रजनीश आर्य, राजन आर्य, राजेंद्र आर्य, अधिवक्ता मनोज कुमार, श्याम आर्य, राम प्रवेश आर्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आर्य समाज मंदिर समिति एवं स्थानीय समाजसेवियों की अहम भूमिका रही।

## आरएसएस ने धूमधाम से मनाया नव वर्ष विक्रम संवत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवादा जिला इकाई द्वारा धूमधाम से हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 मनाया गया। यह कार्यक्रम गांधी इंटर विद्यालय के मैदान में प्रातः 6:30 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं आद्य सर संचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी को प्रणाम निवेदित करते हुए भगवा ध्वज का ध्वजारोहण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सबसे पहले सामूहिक गीत, व्यक्तिगत गीत ,एवं अमृत वचन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नालंदा विभाग के विभाग कार्यवाह गिरधर कृष्ण मुरारी जी का संबोधन हुआ।



उन्होंने अपने संबोधन में डॉक्टर हेडगेवार जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जन्मजात देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार के मन में भारत के हिंदू संस्कृति के पतन एवं भारत की गुलामी पर नजर डाला तो पता चला की विघटन हुए हिंदुओं के कारण ही भारतीय संस्कृति का पतन हुआ। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए तथा भारत को परम वैभव पर पहुंचने के लिए आज से 100 वर्ष पूर्व 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना कुछ कार्यकर्ताओं को लेकर नागपुर में शुरू किया जो कि आज विश्व का सबसे बड़ा अनुशासन संगठन बनकर तैयार है एवं इतने वर्षों के बाद भी संघ का जो उद्देश्य है राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लाखों कार्यकर्ता देश में ही नहीं विदेशों में भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष जब सौवीं वर्षगांठ संघ का होने वाला है इस पर संघ की शाखाएं की गति दोगुनी हो गई है एवं कार्यकर्ता समर्पित भाव से राष्ट्रीय कार्य में लगे हुए हैं। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद पूर्ण गणेश में एवं वाद्य यंत्रों के साथ ताल में ताल मिलाकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं का भव्य पथ संचलन शहर के सड़कों पर निकला जिसमें ताल में ताल मिलाकर हर वर्ग आयु के स्वयंसेवक बड़े ही आकर्षक और अनुशासित दिखे। यह संचलन गांधी इंटर विद्यालय से होकर भगत सिंह चौक होते हुए प्रजातंत्र द्वार, लाल चौक होते हुए पुरानी बाजार और गांधी इंटर विद्यालय के मैदान में समाप्त हुआ। समाप्ति के बाद फल प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। लोग एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की मंगल कामना करते हुए दिखे। इस कार्यक्रम में सैकड़ो स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें जिला कार्यवाह उदय शंकर, सह विभाग कार्यवाह प्रदीप कुमार, जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानंद प्रसाद गुप्ता, जिला व्यवस्था प्रमुख नवीन कुमार, डॉक्टर मनोज कुमार, शैलेश कुमार, उमाशंकर लाल, पंकज नारायण, नवल सिंह आदि लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया।

## एक नजर

### दो चोर गिरफ्तार

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र के बथौली निवासी जुबेर आलम की पत्नी सुरैया प्रवीण ने थाना में आवेदन देकर चोरी की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सुनील शर्मा के पुत्र छोटू कुमार एवं मो. मुश्ताक खान के पुत्र मो. अफजल खान उर्फ रिजवी ने रात करीब 12 बजे उनके घर की मोटर चोरी कर दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा खोला, लेकिन तब तक दोनों चोर मोटर लेकर भाग चुके थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार को हो गया। इसी के साथ विक्रम संवत 2082 की भी शुरुआत हुई। बखरी प्रखंड के डरहा एवं चैती दुर्गा सलौना मंदिर में कलश स्थापना और पूजा-पाठ आरंभ हुए। श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है और भक्तों ने नारियल, चुनरी, मिट्टी के बर्तन व माता के श्रृंगार का सामान खरीदा। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ का आयोजन हुआ।

### गरीबों को सुविधाओं से वंचित कर रही सरकार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले नेता एवं खेग्रामस जिला सचिव चंद्रदेव वर्मा और अध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल ने सरकार पर गरीबों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राशन, रोजगार, वासभूमि एवं आवास योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार की नीति के कारण हजारों गरीबों के नाम राशन कार्ड से विलोपित कर दिए गए हैं। ई-केवाईसी पूरा न होने पर 31 मार्च के बाद राशन बंद करने की चेतावनी दी गई है, जो गरीबों के साथ अन्याय है।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत पीरनगर से दो वारंटियों फुलेन पासवान एवं अनिकेत उर्फ बौआ पासवान को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। दोनों आरोपियों पर थाना कांड संख्या-49/21 के तहत मारपीट और जानलेवा हमले का मामला दर्ज था।

### ईद को लेकर फ्लैग मार्च

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। एसडीएम सन्नी कुमार सौरव के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में एसडीपीओ कुंदन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर आनंद कुमार, सीओ सूरज कुमार समेत कई अधिकारी एवं पुलिस बल शामिल थे। फ्लैग मार्च के दौरान संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

### छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दनई गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय मे मार्गदर्शन स्टडी क्लासेज कोटवारा के द्वारा प्रखंड विभिन्न शैक्षणिक संस्थान से छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्देशक कुमार प्रदीप ने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 400 छात्र छात्राओ ने भाग लिया। जिसमे पोगर, सिहुली, कजपा, बराही, लट्ठा, पौथु, अमरपुरा, कोटवारा, दनई, कडसारा, पराव बिगहा, भदवा, रफीगंज के निजी संस्थानो एवं सरकारी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने ने कहा कि प्रखंड के छात्रो का बौद्धिक विकास एवं सफलता के लिए प्रखंड के कई विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के छटा, सातवां, अष्टम, नौवा, दसवाँ, 11वी एवं 12 वी कक्षा के छात्र-छात्राओं का प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें मैथ, सोशल विज्ञान, विज्ञान, हिंदी, इंग्लिश ग्रामर, रीजनिंग विषय का परीक्षा लिया गया। इस प्रतियोगिता के भेधावी छात्र-छात्रा को पुरस्कृत किये जायेगे। छात्रों को डेढ़ घंटे का समय दिया गया। इसमें शामिल शिक्षक भारत सिंह भारती, पंकज कुमार, विनोद कुमार ,सोनू कुमार सिंह, आसिफ, शिव शंकर कुमार, सौरव कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, आनंद कुमार, रुपेश कुमार, शिक्षिका रानी कुमारी, प्रीति कुमारी, आरती कुमारी, तारा कुमारी, संजीत कुमारी शामिल हुए।

### कलश यात्रा के साथ नवरात्रि शुरू

**नारदीगंज (नवादा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में वासंतिक नवरात्रा को लेकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ कलश यात्रा रविवार को निकाली गई। प्रखंड के सहजपुरा व ओड़ो गांव स्थित मां काली,वनगंगा व हरनारायणपुर गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। इसके अलावा अन्य गांवों स्थित मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं व पूजा समिति के लोगों ने जलयात्रा निकाली।जलयात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया।इस दौरान काफी संख्या में सहजपुरा गांव के बच्चू सिंह,विजय सिंह,सुधीर सिंह समेत अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने पंचाने नदी से जलभराई कर पूजा स्थलों पर कलश को स्थापित किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। जय माता दी के जयघोष से माहौल गुंजायमान होता रहा। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों में भी कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ दुर्गा सप्तशती का विधिवत पाठ शरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख,समृद्धि,अरोग्यता की कामना किया। मौके पर ओड़ो गांव में भी ब्राह्मण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धा व उत्साह के साथ कलश स्थापना हुआ,और सामुहिक रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हुआ।इस दौरान श्रद्धालु राघवेन्द्र कुमार मित्र, विनय कुमार मिश्र ,दिनकर मिश्र समेत अन्य श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशती का पाठ करने में मौजूद रहे।

# नौ इंटर टॉपर्स को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** बरौनी ग्रामीण क्षेत्र में नौ इंटर टॉपर्स को सम्मानित किया गया। एसपीएनएस उच्च माध्यमिक विद्यालय बारो से प्रथम टॉपर राजदेवपुर टोला निवासी विनोद कुमार मल्लिक के पुत्र ओम कुमार मल्लिक (455 अंक), द्वितीय टॉपर गढ़हरा वार्ड-14 निवासी शिक्षक सुमन कुमार के पुत्र दिव्यांशु प्रियम (427 अंक) एवं तृतीय टॉपर निपनियां निवासी रणजीत सिंह की पुत्री ममता कुमारी (425 अंक) को सम्मानित किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपुर से प्रथम टॉपर भुवनेश्वर कुमार के पुत्र अभिनव कुमार (418 अंक), द्वितीय टॉपर मंटू कुमार राय के पुत्र अंकुश कुमार (409 अंक) एवं तृतीय टॉपर कैलाश साह के पुत्र सचिन कुमार (406 अंक) को सम्मानित किया गया। बीएसएस प्लस टू स्कूल राजवाड़ा के प्रथम टॉपर गाछी टोला निवासी विजय कुमार के पुत्र शिवम कुमार, द्वितीय टॉपर दिलीप कुमार पांडे की पुत्री प्रगति भारती एवं तृतीय टॉपर अलख निरंजन राय के पुत्र जीवेश कुमार को भी सम्मानित किया गया।

### आयुष राज ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**बरौनी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा 29 मार्च को मैट्रिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा में जानकी कुमारी उच्च विद्यालय, बरौनी वार्ड-2 निवासी अमर कुमार दास के पुत्र आयुष राज ने 458 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं पूरे बेगूसराय जिले का नाम रोशन किया। आयुष के पिता अमर कुमार दास पान की दुकान चलाते हैं और माता सरिता देवी गृहिणी हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि आयुष शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है और उसकी मेहनत का परिणाम यह शानदार सफलता है। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया और भविष्य में आईएएस बनने की इच्छा व्यक्त की।

## विधानसभा में सीटों को लेकर कानू विकास संघ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** कानू विकास संघ की जिला स्तरीय बैठक बरौनी प्रखंड के असुरारी में विकास साह के दरवाजे पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कानू संघ के कप्तान बूटन साह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में आगामी विधानसभा चुनाव में कानू जाति के उम्मीदवार को प्राथमिकता देने की बात कही। संघ के प्रभारी सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार में अति पिछड़ा वर्ग में कानू जाति की आबादी करीब 30 लाख है, इसलिए विधानसभा में 7 से 8 सीटें मिलनी चाहिए। बैठक में बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में अधिकार रैली आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, मझौल स्थित शहीद नित्यानंद साह की प्रतिमा के अनावरण हेतु पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आमंत्रित करने पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

# इबादत और शांति की दुआ के साथ रमजान का पाक महीना संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** रमजान, जो इस्लाम धर्म में सबसे पाक महीना माना जाता है वह 2 मार्च से शुरू हुआ और 28 मार्च को अलविदा जुमा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बरौनी प्रखंड की तमाम मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के लिए भारी भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद तमाम रोजेदारों ने इबादत की और शांति की दुआएं मांगी।

**रमजान का विशेष महत्व**

मुस्लिम विद्वानों के अनुसार, रमजान का महीना रोजेदारों के लिए बेहद अहम होता है। इस महीने में मुस्लिम भाई-बहन विशेष रूप से रोजा रखते हैं, रात में ईशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ते हैं और पूरे महीने अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं। महिलाएं घरों में रहकर इबादत करती हैं। इस दौरान ऐसा माना जाता है कि जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। रोजेदार सुबह सेहरी करते हैं, दिनभर उपवास रखते हैं और शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं।

**ईद की तैयारियां जोरों पर**

रमजान के पाक महीने के समापन के बाद ईद का चांद दिखाई देने पर अगले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है। यदि 30 रोजे पूरे होते हैं, तो उसके बाद ईद पूरे जश्न के साथ मनाई जाती है। इस खास मौके पर मुस्लिम भाई-बहन नए वस्त्र धारण कर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और शांति एवं समृद्धि की दुआएं मांगते हैं। बरौनी सहित आसपास के इलाकों में ईद की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बाजारों में खरीदारी को लेकर रौनक बनी हुई है और रोजेदार ईद की नमाज अदा करने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## प्रेम का पैगाम लेकर स्वयंसेवक कश्मीर रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दनियावां (पटना)।** दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर से जुड़े प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने स्वयंसेवकों के जत्था को फाउंडेशन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्कृति हमारी शान है। भारत में हर तीन किलोमीटर पर पानी और वाणी बदल जाता है। यहाँ हिन्दू, मुश्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी, वौद्ध,वहाई, युहीदी , जैनी सब एक साथ प्रेम शांति और भाईचारे के साथ रहते है। सभी धर्मों की नींव एक है। जन्म के समय हर बच्चा दैविक और दैहिक तथा जैविक रूप से समान होता है। जाति और धर्म मनुष्य ने बनाया है धर्म व्यक्ति अपनी सुविधा और आस्था के आधार पर बदलता रहता है। उन्हीने जातिवादी और धार्मिक उन्माद फैलाने बालो को आतंकी से भी खतरनाक बताया। सत्तालोलुप नेता महज कुछ वोट के लिए जातिवाद और धार्मिक उन्माद का सहारा लेता है यह दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने युवाओं जात पात एवं धर्म के भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया है। वहीं जत्था के दलनायक देवानंद ने बताया कि कश्मीर में हमलोग एक दूसरे के रहन सहन, खान पान और संस्कृति सभ्यता से अवगत होंगे। वही एक दूसरे के लोक कलाओं को भी जानने का अवसर मिलेगा। जत्था में गोपी कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, रविकांत शर्मा, रेहाना खातून समेत दर्जनों युवा शामिल है। शुभकामना व्यक्त करने बालो में लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैंक के सचिव शिशुपाल कुमार, फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रवि प्रकाश, सुनील कुमार, विकाश कुमार, सन्नी कुमार शामिल है।

## बैठक में विभिन्न रणनीतियों पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** रविवार को प्रभात क्लब करमा-करमी, तिवारी बिगहा, रफीगंज के बैनर तले चरवाहा विद्यालय के समीप संजय श्याम के आवास पर समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजाराम प्रसाद उप कोषाध्यक्ष ने किया और संचालन क्लब के संयोजक संजय श्याम ने किया। बैठक में बताया गया कि बीते दिनों 23 मार्च को फुटबॉल मैच और 26 मार्च को शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 94 वां संयुक्त शहादत दिवस समारोह सफल रहा। वक्ताओं ने कहा कि समीक्षात्मक बैठक एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें कार्यक्रम की प्रगति और प्रभावशीलता की समीक्षा की गई। इस बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा करने का अवसर मिला। बैठक में चुनौतियों की पहचान की गई और उनके समाधान के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई और क्लब आगे भी प्रोग्रेसिव कार्यक्रम करेगा। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र सिंह, नगर पंचायत रफीगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ योगेंद्र यादव, हरेंद्र कुमार, पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, राजनंदन यादव, डी.के यादव, डॉ बबलू यादव, ललन ठाकुर, राज किशोर भारती, रंजीत कुमार, उमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन 'अष्टावक्र' और 'मेरा कुछ सामान' की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन कलर व्हील दरभंगा द्वारा प्रस्तुत 'अष्टावक्र' नाटक ने दर्शकों को भावुक कर दिया। निर्देशक श्याम कुमार सहनी के निर्देशन में मंचित यह नाटक दलित-पीड़ित जीवन की संवेदनशील कहानी को उजागर करता है। नाटक में अष्टावक्र नामक विकलांग युवक की संघर्षपूर्ण जिंदगी और उसकी मां के निधन के बाद उसके अकेलेपन को मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया गया। मुख्य पात्रों में ईशा (मां), संदीप कुमार (अष्टावक्र), सौरभ कुमार (कुल्फीवाला), मनोज कुमार और विकास कुमार (डॉक्टर) ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। इसके बाद अभिरंग फाउंडेशन, मुंबई द्वारा लेखक रविकांत मिश्रा की रचना 'मेरा कुछ सामान' की प्रस्तुति दी गई। फिल्म अभिनेता संजय पांडेय के निर्देशन में यह नाटक पति-पत्नी के संबंधों पर आधारित था, जिसमें संजय पांडेय और उनकी पत्नी दीपा पांडेय ने जबरदस्त अभिनय किया। साथ ही, मनोज टाइगर और राजन कानू की चुटीली अदायगी ने दर्शकों को खूब हंसाया। नाटक ने यह संदेश दिया कि रिश्तों को समझने और निभाने का धैर्य आज के दौर में कम होता जा रहा है।

**अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह धनकु, कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, जन संस्कृति मंच के दीपक सिंह, निओ कार्बन के राजकुमार सिंह राजू और अरुण प्रकाश उपस्थित रहे। इसके अलावा, मिथिलांचल कला मंच, बीहट द्वारा निर्देशक अशोक कुमार पासवान के नेतृत्व में भिखारी ठाकुर कृत 'बारहमासा संगीत' की प्रस्तुति की गई। कलाकारों में निशु, कशिश, रुपाली सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, आकाश गंगा के कलाकार आनंद कुमार, बलिराम बिहारी, राजू कुमार, संतोष, अंकित, लालू बिहारी, अंजली, निधि, साक्षी और संस्कृति ने गीत और नृत्य से समा बांध दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर ज्योति, सचिव गणेश गौरव, मनीष कुमार, अंकित कुमार, रूपेश कुमार, शिव, राधे और जितेंद्र ने अतिथियों का सम्मान किया। मंच अभिकल्पना मनीष शिर्के, प्रकाश परिकल्पना महेश विश्वकर्मा, पार्श्व संगीत अनीश सिंह और वेशभूषा विद्या विष्णु ने संभाली। कार्यक्रम ने स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के नाट्य कलाकारों को एक मंच पर लाकर कला के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

# इम्पल्स वैली स्कूल का मनाया गया वार्षिकोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के मई रोड़ स्थित रतनखाप में इंपल्स वैली स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा के प्रदेश महासचिव सह पूर्व विधान सभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद सह पैक्स अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ संजय सिंह यादव, हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा कुमारी वर्मा, पूर्व मुखिया सह राजद नेता शाहजादा शाही, चरकावा पंचायत के उपमुखिया रमेश यादव, पंचायत समिति मंटू शर्मा, कुमार शर्मा मंच का संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मंच का संचालन



इंपल्स वैली के प्रधानाचार्य नवजीत कुमार एवं संजीत कुमार ने किया। आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा संगीत, नृत्य, वार्तालाप, विज्ञान प्रदर्शनी, डांस, संगीत एवं नाटक के माध्यम से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इम्प्लस वैली स्कूल के संचालक विरंजन कुमार अकेला एवं शंभू कुमार, मेंटर कुमारी अंकिता एवं पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2023 से 10 गरीब-असहाय बच्चों को शिक्षा का पुरा खर्च इम्पल्स वैली स्कूल दे रही है, जिसमें 5 बच्चों को स्कूल ड्रेस ,किताब एवं अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध करा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए इंपल्स वैली स्कूल अगले 5 वर्षों में 50 बच्चों की मुफ्त में शिक्षा मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है एवं इम्पल्स वैली स्कूल के विकलांग छात्र इंद्रजीत कुमार का स्नातक तक का पूरा खर्चा उठाने का जिम्मा लिया। लोजपा नेता प्रमोद सिंह ने मैट्रिक के टॉपर छात्र महराजगंज के कार्तिक कुमार को अंगवस्त्र एवं 5100 रूपया नगद देकर सम्मानित किया और कहा आगे की पढाई के लिये भी सहयोग करेगे। प्रमोद सिंह ने कहा कि देश को अब टेक्नोलॉजी शिक्षा की जरूरत है। टेक्नोलॉजी पढाई से देश का नाम ऊंचा होगा और भारत विश्व का गुरू बनेगा। महिलाये सशक्त होगी तब ही घर आगे बढेगा।इस मौके पर इंपल्स वैली नृत्य शिक्षक दीपक कुमार, रितेश कुमार, रवि कुमार, विकास कुमार, विजय शर्मा, संजीत कुमार, पूर्व शिक्षक नवीन सर, के साथ अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका छात्र छात्रा एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## हिसुआ आर्य समाज के नये भवन का दो दिवसीय उद्घाटन व वैदिक अनुष्ठान आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** सोमवार को हिसुआ आर्य समाज मंदिर के नवनिर्मित नये भवन का दो दिवसीय उद्घाटन सह वैदिक अनुष्ठान की शुरूआत होगी. उद्घाटन और अनुष्ठान की तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रधान कवि उदय भारती और मंत्री जयनारायण प्रसाद ने बताया कि सोमवार की सुबह वैदिक रीति से हवन-यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी. दिन को दो बजे से शोभा यात्रा निकलेगी. ढोल-बाजे, झांकी, महर्षि दयानंद सहित महापुरूषों के तस्वीर की प्रदर्शनी, स्कूली बच्चों और श्रद्धालु महिलाओं के साथ यात्रा निकलेगी. वैदिक विद्वान आचार्य बिरेंद्र शास्त्री, आर्योपदेशक कवि आचार्य संजय सत्यार्थी, भजनोपदेशक पं भानु प्रकाश आर्य विद्वान के रूप में उपस्थित रहेंगे. मुख्य अतिथि के रूप में बच्चु लाल आर्य, अशोक आर्य और राकेश कुमार आर्य रहेंगे. इसके अलावा नवादा जिला के आर्य सभा सहित सभी आर्य समाज मंदिर के प्रधान और मंत्री आदि साक्षी के रूप में उपस्थित होंगे. 31 मार्च को यज्ञ, भजन, प्रवचन और शोभा यात्रा के बाद दूसरे दिन पहली अप्रैल को भी यज्ञ, भजन और प्रवचन का कार्यक्रम होगा. दोनों दिन संध्या में भजन, प्रवचन होगा. समापन पर अतिथियों को सम्मान और विदाई का कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गयी है. विदित हो कि जीर्ण-शीर्ण की हालत में पहुंचे एक सौ एक साल पुराने आर्य समाज भवन को तोड़कर नये भव्य भवन का निर्माण किया गया है. बडे यज्ञशाला और प्रांगण का निर्माण किया गया है. आयोजन में समिति कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश बरनवाल, उपाध्यक्ष अजय गोस्वामी, उपमंत्री मनोज शर्मा, रोहित कुमार पंकज, जयंत लाल, इंदर लाल, लल्लू प्रसाद, हर्ष भारती, मुन्ना कुश, राजा बाबू, मुन्ना कुमार आदि लगे हुए हैं।

# ओईनी को ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से समुचित महत्व मिलेगा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओईनी (समस्तीपुर)।** स्थानीय ओईनी डीह स्थित चैती दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में 1251 कन्याओं व श्रद्धालुओं एवं विविध झांकियों से सजी भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ साधना और शक्त्योपासना का नौ दिवसीय महानुष्ठान बासंती नवरात्र आरंभ हो गया। इस दौरान आसपास के गांव से एकत्र कन्याओं व श्रद्धालुओं का जत्था ओईनी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर एवं विभिन्न जगहों से रवाना होकर प्रखंड के बिरौली स्थित नारायणी (बूढी गंडक) तट पर पहुंचा।



जहां पंडित शंकर झा के निर्देशन व मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने जलारोहण कर कलश धारण किया। तदुपरान्त जय माता दी के उद्घोष व स्तुतियों के बीच बिरौली, ठहरा, गोपालपुर, गंगापुर, ओईनी, ओईनी बाजार होते हुए कलश यात्री कन्याएं व श्रद्धालू पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां उनका पद प्रच्छालन के साथ श्रद्धा पूर्वक स्वागत किया गया। इस क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी भी कलश यात्रा में शामिल हुए। सर्वप्रथम पूजा समिति के अध्यक्ष धनन्जय कुंमार झा ने उनका मिथिला की परंपरा के अनुसार तिलक लगा कर एवं पाग, शॉल आदि से स्वागत किया। दुर्गास्थान पहुचने के उपरांत उन्होंने कलश यात्रियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मेरे क्षेत्र में ओईनी महाकवि विद्यापति की स्मृतियों से जुडी है। मैं इसकी एतिहासिकता को प्रतिष्ठित व प्रतिस्थापित करने के लिए हर मुमकिन प्रयास करूंगा। इस क्रम में उन्होंने शीघ्र ही एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेता कौशल मिश्र, अशोक पासवान, पप्पू कुमार, सरपंच प्रतिनिधि अरुण शर्मा, पूजा समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार झा, उदय कुमार चौधरी, राकेश ठाकुर, धीरेन्द्र मोहन कात्यायन, रवि कुमार विकास, चंदन झा, रवि प्रकाश, कुमार रौशन, सन्त सुमन, पांचू पासवान, सुधांशु कुमार मुशी, श्याम कुमार, सहित हजारों श्रद्धालू मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** शनिवार की देर शाम उपहारा थाना क्षेत्र के बैदराबाद-शिवगंज पथ के बैजलपुर मोड़ के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से लूना सवार वृद्ध की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी प्रहलाद शर्मा उम्र 60 वर्ष अपने लूना से उपहारा बाजार करके लौट रहे थे, जैसे ही वे बैजलपुर मोड़ के समीप पहुंचे की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनेश कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचें और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है, वहीं मौके से ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ संकुल प्रमुख सह जम्होर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य परशुराम ओझा, पूर्व जिला परिषद सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, राज किशोर पाठक, विजय गुप्ता, मुन्ना पांडेय, विजय मिश्र, आशुतोष कुमार और मुखिया संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। मंच की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रमोद मिश्र ने की, जबकि संचालन आद्याचरण सनातन ने किया। आगंतुक अतिथियों को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिवम, अधिराज, अंजली, तान्या, मिनाक्षी, आरोही, रागिनी, उत्सव, अंशी, मांझी कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा, विभिन्न झांकियों और



एकांकियों की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी। इस अवसर पर परशुराम ओझा और विजय कुमार मिश्र ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता बबलू सिंह, राजकुमार सिंह, मनोज यादव, विमलेश पासवान, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, उमापत मिश्र, शिक्षक नरेंद्र पाठक, राधेश्याम साव, कृतिराज, अनुराग रंजन, गंगेश गुंजन, मंजू देवी, पिकी, अंजली कुमारी, बिंदू कुमारी, शिवानी, नीरज, उपेंद्र, सुनील कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नाला निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** रविवार को गोह थाना क्षेत्र के सिंघाड़ी गांव में कलवट(नाला) निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना घटी है। जिसमें दोनों पक्षों से कुल छह लोग घायल हुए हैं। घटना के सबंध में बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रामनिवास पासवान के घर के समीप कलवट (नाला) निर्माण किया जा रहा था, जिसका रामनिवास पासवान ने विरोध किया तो गांव के ही ऋषि राज सहित अन्य कई युवकों ने पहले तो रामनिवास पासवान से तू तू-मैं मैं शुरू हुआ जो बाद में ईंट पथर व जमकर दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगा, इसी बीच किसी ने झगड़े की सूचना 112 पुलिस को दी बताया जाता है



कि सब इंस्पेक्टर दिलीप कुमार मंडल बीच बचाव करने गए जहां उनकी सर में चोट में लगने से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है, हालांकि मौके पर गोह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत करा दिया है। वहीं इस मारपीट की घटना में प्रथम पक्ष से रामनिवास पासवान, उनकी पत्नी देवंती देवी, पुत्र रौशन कुमार, नरेंद्र पासवान के 20 वर्षीय पुत्री खुश्बू कुमारी, गौरी पासवान के पुत्र भरत कुमार व दूसरे पक्ष से संतोष कुमार के पुत्र ऋषि राज भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को गोह पीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां से रामनिवास पासवान व उनकी पत्नी देवंती देवी को बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इधर थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हंसमुख और जिंदादिल इंसान थे प्रो. वाइके झा : प्रो प्रेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बासुदेव पुर स्थित संस्कृत विकास संस्थान शक्ति स्थल पर संस्थान के संस्थापक निदेशक तथा समन्वय पत्रिका के संपादक समस्तीपुर जिला के वरिष्ठ पत्रकार स्मृति शेष प्रो वाई के झा के द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् से संबद्ध मिथिला शिक्षा मंच के संयोजक तथा संस्थान के कार्यक्रम संयोजक प्रो पीके झा प्रेम ने कहा कि आज भी प्रो झा बरबस अपने हंसमुख स्वभाव और मृदुल व्यवहार के लिए याद आ जाते हैं। यही उनकी कमाई हैं। अभाव में भी अपने साहित्य सृजन के स्वभाव से नहीं डिगे, यही पहचान उनके रही। आज उनके परिजन उनके ही राहों पर चल रहे हैं, यही परम्परा का पालन हैं। इस अवसर पर उनके अति सानिध्य में रहने वाले मित्र बन्धु सहित परिवार के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जो नहीं आ सके वो संदेश भेज कर श्रद्धांजलि अर्पित किया हैं। प्रो झा को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व प्रधानाचार्य विनय बाबू, प्रो महेश प्रसाद सिंह, डॉ परमानन्द लाभ, डॉ धनाकर ठाकुर, डॉ कृष्ण मुरारी झा, सुमित सुमन, विजय मिश्र, डॉ संजय कुमार राजा, ई मनोहर सिंह, आतिश कुमार झा, अनामिका झा, हर्ष कुमार, पवन कुमार राय, रंजन प्रसाद, डॉ ईश्वर करुण आदि शामिल हैं।

## भाई राजू सहनी ने सभी अग्निपीड़ित परिवारों को भेजी सहायता सामग्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/उजियारपुर।** जिले के दलसिंहसराय प्रखंड स्थित हरिशंकरपुर गांव में अगलगी की घटना के शिकार हुए परिवारों के बीच जिले के चर्चित समाजसेवी उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर कमला निवासी, युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने, रविवार 30 मार्च को मुलाकात किया तथा उनका हालचाल जाना। और अग्नि पीड़ित सभी छह परिवारों के बीच राशन, बर्तन, वस्त्र, खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामान वितरण किया। घटना के संबंध में अग्निपिड़ित परिवार की महिला राधा देवी ने बताया कि उनके घर के बगल से 11 हजार वोल्ट बिजली का तार गुजरा है। जिसमें हुई शॉर्ट सर्किट से उनलोगों के घरों में आग लग गयी। जिसकी सुचना मिलने के बाद भाई राजू



सहनी की टीम ने करीब 60-70 हजार रूपए मुल्य का जरूरत का सारा सामान दिया है। भाई राजू ने फोन पर लोगों का हाल जाना और उन्हें आगे भी हर जरूरत में साथ रहने का भरोसा दिलाया। श्री सहनी ने संवाददता को बताया कि उन्हें खबर के माध्यम से इस घटना की सुचना मिली, जिसके अनुसार अगलगी की घटना में, राधा देवी, विभा देवी, जुली देवी, मिंटू देवी, शिवकुमारी देवी व खुशबु कुमारी के घर सारे सामान सहित जल कर खाक हो गये। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने, अपने टीम के लोगों को, तत्काल मदद उपलब्ध कराया है। आने वाले दिनों में भी वह उस परिवार के साथ हैं, और उनलोगों की सहायता आगे भी की जाती रहेगी। मौके पर भगवानपुर कमला पंचायत के सरपंच पति जयराम सहनी, श्रीराम सहनी, रामश्रेष्ठ सहनी, सुजित कुमार, चन्दन सहनी, अधिवक्ता चंद्रकांत सिंह, राजेश कुमार सिंह, ललित कुमार सिंह, वरुण कुमार राय, सियाराम राय, रंजीत प्रसाद, सुखलाल सहनी, नकुल सहनी, मदन सहनी, बटोरन सहनी सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय समाजसेवी राजू सहनी के टीम सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय नववर्ष पर विहंगम योग ने बारुन में निकाली स्वर्वेद शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर रविवार को ब्रह्मविद्या विहंगम योग संस्थान, झूंसी के आदेशानुसार विहंगम योग संत समाज, बारुण के तत्वावधान में विश्व के अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ स्वर्वेद के संग स्वर्वेद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नेतृत्व आश्रम के वैदिक पुरोहित एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आचार्य मयंक शास्त्री ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहसंयोजक डॉ. श्याम नारायण प्रसाद एवं संचालन प्रखंड प्रभारी सुनील संगम ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ मनोज कुमार अग्रवाल, थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव, विधायक प्रतिनिधि डॉ. चंदन कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह यादव, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आर.के. सिंह एवं पूर्व बैंक





प्रबंधक शिवपूजन सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने अपने-अपने हाथों से अंकित श्वेत ध्वज लहराते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ किया। आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि स्वर्वेद शोभायात्रा बारुण केशव मोड़ स्थित कृष्णा कोचिंग सेंटर परिसर से प्रारंभ होकर बारुण अस्पताल मोड़, बाजार, थाना मोड़, मोहनगंज होते हुए नागेश्वरपुर गांव में वंदना, आरती एवं शांति-पाठ के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सैकड़ों भक्तों ने अङ्क अंकित श्वेत ध्वजा लहराई और स्वर्वेद को सिर पर धारण कर जयघोष एवं महिमा गान करते हुए नगर भ्रमण किया। स्वर्वेद की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक सद्ग्रंथ है, जिसके अभ्यास से मानव जीवन आध्यात्मिकमय हो जाता है। उन्होंने कहा, विश्व में सुख और शांति की स्थापना तभी होगी जब लोग स्वर्वेद के सिद्धांतों को आत्मसात कर जीवन में अपनाएंगे। बताया गया कि इस दिन केवल बारुण या औरंगाबाद ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में एक ही समय पर स्वर्वेद शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही, स्वर्वेद महामंदिर धाम पर संत प्रवर सुपुज्य श्री विज्ञान देव जी महाराज के सान्निध्य में भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के समापन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मानवाधिकार जिला उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, केदार चौधरी, एसआई मनोज सिन्हा, उमाशंकर विश्वकर्मा, दिनेश सोनी, रामेश्वर सौंडिक, गुलजार यादव, निर्मला यादव, नीरा सोनी, नरेंद्र चौधरी, नंदकिशोर चौधरी, अधिवक्ता राजेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, राजन कुमार, राजद नेता युगल यादव, शिक्षक पंकज कुमार, राजेश चौधरी, पार्षद रामशकल गुप्ता, आर्य यात्विक, दिव्याशु प्रियांशु, विश्वास, शिवम मिश्रा, सुप्रिया कुमारी, देवंती देवी, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने तिवारी बिगहा निवासी सचिन कुमार को शराब के नशे में हंगामा करने और गाली-गलौज करने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने लाया और ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आरोपित नशे की हालत में हल्ला-हंगामा और गाली-गलौज कर रहा था, जिस कारण उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि सचिन कुमार पहले भी शराब पीने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस ने एसआई ध्रुव कुमार के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




## दावते इफ्तार में शरीक हुए मंत्री व अन्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** माह ए पाक रमजान सवाब का महीना है। हर शख्स के लिए मोहब्बत, गरीबों व मजलूमों के लिए दया दिखाने का, खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांगने का और दुआ व सवाब बटोरने का महीना है। आईए हम अपने तमाम मुल्क वासियों के लिए अमन, चैन, सुकून और समृद्धि के लिए दुआ करें। इन्हीं शब्दों के साथ शनिवार को रमजान के मुकद्दस मौके पर जदयू नेता पूर्व डिप्टी मेयर शरीक रहमान लवली के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, अश्वमेघ देवी, डॉ. दुर्गेश राय, एनडीसी सह अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, डॉ रिजवान, अनिल सिंह, बनारसी ठाकुर, रजीउल इस्लाम भाई, अंजनी कुशवाहा, आर कौशलेंद्र, आदिल खान, मोतवल्ली मखदमू जलाल पीर साहब मजार शरीफ से शब्बीर फरीदी साहेब, प्रकाश कुमार, मनव्वर मुखिया, शर्फु भाई, इमाम भाई, मजहर इमाम मुन्नू बाबू ,अफरोज भाई, अब्दुल रकीब, अमानुल इस्लाम पीला भाई, आतिफ वासफी, समाज सेवी एजाजुल हक नन्हे सहित कई गण्यमान लोग शरीक हुए। तमाम मेहमानों का इस्तेकबाल फैजल मंसूर ने किया। इस अवसर पर लवली ने कहा कि रमजान हमें अमन, भाईचारगी, परस्पर प्रेम और सौहार्द बांटने का पैगाम देता है।

## बिहार पेंशनर समाज की हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के हाईस्कूल मोड़ के समीप लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल पुस्तकालय के सभाकक्ष में बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक जगदानंद लाल कर्ण व संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा पेंशनर समाज के राज्य स्तरीय सम्मेलन में जनहित में पेंशनरों की समस्याओं को उठाया गया है। उन्होंने नया सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। कहा संगठन मजबूती के लिए सदस्यों की संख्या बढ़ाना होगा। पेंशनर समाज के प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने विस्तार से पेंशनरों की समस्याओं को रखा।

## बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अभिभावकों के सहयोग की भूमिका अहम : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रविवार को होली मिशन हाई स्कूल के काशीपुर, मोहनपुर, सतमलपुर एवं दलसिंहसराय सहित सभी शाखाओं में खासी चहल पहल थी। पूरा परिसर बच्चों की किलकारी व अभिभावको की सौम्य मौजूदगी से गुलजार था। अवसर था पैरेंट टीचर मीट का। बताते चलें कि रविवार को होली मिशन की सभी शाखाओं में शैक्षिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय द्वारा सुबह 9 बजे से अपराहन 1 बजे तक पीटीएम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रेप-1 से नवम वर्ग एवं 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावाक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षक-शिक्षिकाओं से अपने



पाल्यों के संबंध में विस्तृत शैक्षिक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वर्ग शिक्षक-शिक्षिकाओ द्वारा अभिभावकों को बच्चों के परीक्षा परिणाम के साथ-साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न आयोजनों की जानकारी प्राप्त करने में गहरी अभिरूचि दिखाई। परीक्षा में सम्मिलित कुल छात्र-छात्राओं के 80 प्रतिशत अभिभावक अपनी उपस्थिति दर्शाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी जागरुकता का प्रमाण दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अमृत रंजन उप प्राचार्य अपराजिता पांडे ने अभिभावकों से मिलकर बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में उनकी सहभागिता की अनिवार्यता पर बल दिया। ज्ञातव्य हो कि उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धर्मांश रंजन ने स्वयं प्रत्येक कक्ष में जाकर सभी गतिविधियों का अवलोकन किया एवं अभिभावकगण के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## शक्ति उपासना का नौ दिवसीय महानुष्ठान चैती दुर्गा पूजा आरंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रविवार को जिले भर में दर्जनाधिक पूजा स्थलों पर विधिवत कलश स्थापना के साथ साधना और शक्तयोपासना का नौ दिवसीय महानुष्ठान बासंती नवरात्र चैती दुर्गापूजा आरंभ हो गया। इस क्रम में समस्तीपुर के दूधपूरा, पूसा प्रखण्ड के गढिया चौक, सहित कई दुर्गास्थान पर कलश स्थापना के पहले कलश शोभा यात्रा निकाली गई। दूधपूरा दुर्गा स्थान के लिए सैकड़ों कन्याओं ने शहर के बूढी गंडक तट से विधिवत जलारोहण व कलश धारण किया और जय माता दी के उद्घोष व देवी स्तुतियों के बीच पूजा स्थल पर पहुंचे। वहीं गढिया चौक दुर्गा स्थान के लिए बडी संख्या में कन्यायें दुर्गास्थान पर एकत्र हुई, वहां से प्रखण्ड के बिरौली स्थित बूढी गंडक तट से जलारोहण व कलश धारण कर जय माता दी के नारे लगाती पूजा स्थल पर पहुंची। जहां उक्त कलश क े जल से कलश स्थापना किया गया। इस दौरान पूरा इलाका जय माता दी के उद्घोष और दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से गुंजायमान रहा। इसी क्रम में जिले के पूसा प्रखण्ड स्थित महाकवि विद्यापति की कर्मस्थली ओईनी डीह स्थित चैती दुर्गा स्थान में पूजा समिति के अध्यक्ष धनन्जय कुमार झा, के नेतृत्व में तथा पंडित शंकर झा के निर्देशन में यह महानुष्ठान आरंभ हुआ। इस अवसर पर पंडित झा ने बताया कि आज पहले दिन माता के प्रथम स्वरूप शैल पुत्री की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उदय कुमार चैधरी, राकेश ठाकुर, कुमार विकास, चंदन झा, सन्त सुमन, पांचू पासवान, सुधांशु कुमार मुशी जी, श्याम कुमार, आशीष कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीण युवा पूजा के सफल संचालन में जुटे दिखे।

## नन्हे मासूम ने रोजा रख मांगी खुशहाली व अमन-चैन की दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के नगर पंचायत मुसरीघरारी निवासी दस वर्षीय मो. सफवान अहमद ने मुस्लिम का पवित्र पर्व ईद के अवसर पर रमजान के पवित्र माह में पूरे महीना का रोजा रखकर एक नई मिसाल कायम किया है। इस बाबत नन्हे रोजेदार के पिता सह शिक्षक मो0 शमशेर आलम ने बताया कि विगत वर्ष के पवित्र रमजान माह में परिवार के अन्य सदस्यों को रोजा रखते देख यह भी पूरा रोजा रखने की इच्छा जाहिर किया। इस पर पहले तो उसके परिवार के लोगों ने एतराज किया, परंतु बाद में बच्चे के जिद के आगे परिवार के सभी लोग राजी होना पडा। इस प्रकार उक्त बालक ने पूरे



महीने तक नियम और श्रद्धापूर्वक रोजा रखा बाकायदा उसने पांचो वक्त की नमाज भी अदा की और अल्लाह ताला से पूरी दुनिया के लिए खुशहाली व अमन चैन की दुआ मांगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक में फेल होने पर लड़की ने की खुदकुशी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैट्रिक में फेल होने पर लड़की ने पंखे के फंदे से लटककर जान दे दी। इनरवा थाना क्षेत्र के पिराडी गांव में शनिवार की शाम में स्व. कन्हैया प्रसाद की पुत्री मुस्कान कुमारी (16) पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक पिड़ारी हाईस्कूल की छात्रा बतायी जाती है। बताया जाता है कि फेल होने के सदमे में वह आत्महत्या की है। परिजन आनन- फानन में इलाज के लिए बेतिया ले गये।जहां उसकी मौत हो गई। जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की मां प्रभावती दवी एंव परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### मस्जिदवा गांव में मिला सात फीट का अजगर

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वन विभाग की टीम ने रविवार की सुबह मस्जिदवा गांव के रूपा महतो के ग्वास से सात फीट के अजगर सर्प को रेस्क्यू किया गया । इसकी जानकारी देते हुए फॉरेस्टर रौशन कुमार ने बताया कि मस्जिदवा गांव से फोन आया कि रूपा महतो के ग्वास में एक सात फीट का अजगर सुबह में कही से आ गया है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम गई और अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि अजगर का वजन 17 किलो व लम्बाई सात फीट है। रेस्क्यू टीम में एसबीओ राहुल कुमार, टाइगर टैकर सनोज कुमार और जीतेन्द्र राम के सहयोग से अजगर को रेस्क्यू किया गया।

### नप की कारगुजारी से वार्ड वासी परेशान

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या पांच के ठाकुर बारी टोला के लोग नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के कार गुजारी के कारण खासे परेशानी का दंश झेल रहे हैं। मालूम हो कि ठाकुर बारी टोला के लोगों का कहना है कि नगर परिषद के द्वारा कूड़ा कचरा को नदी के किनारे फेक दिया जाता है और उसमें आग लगा दिया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर गंध युक्त धुआ फैल जाता है, जिसके कारण महामारी होने की आसंका से क्षेत्र बासी खासे चिंतित है लोगों का कहना है कि नगर परिषद के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर कचरा संग्रह किया जाता है उस कचरे को एजेसी के वस्ती से सटे क्षेत्र में फेक दिया जाता है। जिससे आसपास के लोगों का गुस्सा भी जायज है। इस संबंध में नगर परिषद के सभा पति गीता देवी ने कहा कि बस्ती से सटे क्षेत्रों में कचरा फेकने की शिकायत मिलने पर कारवाई किया जायेगा।

### चम्पारण के लाल ने पीयू चुनाव में लहराया परचम



**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ 2025 के चुनाव में चंपारण के छात्र नेता सुधांशु राठौर ने पटना विश्वविद्यालय के साइंस संकाय से पीजी कौंसिल मेंबर के पद पर 70 प्लस वोट से जीत हासिल कर चम्पारण व प्रखंड गौनाहा का शान बढ़ाया है । दूरभाष पर सुधांसु राठौर ने बताया की पटना साइंस कॉलेज में पढ़ाई करने का मौका मिला और इसी क्रम में पीजी कौंसलर के पद पर चुनाव लड़ने का मौका मिला और छात्र व छात्राओं के सहयोग से जीत हाशिल हुईद्यउन्होंने बताया कि जीतना मेरे सपने साकार होने जैसा है द्यबता दे कि सुधांशु कुमार राठौर छोटे से गांव बलुआ जो कि गौनाहा प्रखंड के बेलवा पंचायत के अंतर्गत आता हैद्यउनके जीत से परिवार सहित पंचायत में खुशी की लहर है।

### अंकुश राज ने बिहार में लाया 12वां स्थान

477 अंक लेकर क्षेत्र का नाम किया रौशन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शनिवार की दोपहर जारी कर दी गई है। इस बार परीक्षा में बेहतर अंक को लेकर छात्र छात्राएं एवं दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे है। वही प्रखंड अंतर्गत परोरहा गांव के अंकुश राज ने 477 अंक के साथ बिहार में 12 वी स्थान लाकर अपने माता पिता समेत गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाया है। अंकुश के इस कामयाबी पर उसके परिजनों में काफी खुशी का माहौल है। उसके दादा अदालत यादव, दादी सुनरपति देवी, चाचा बिरेन्द्र यादव ने मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अंकुश ने अपने रिजल्ट का श्रेय परिजनों के साथ गुरु सह मार्गदर्शक विकाश मिश्र को दिया है। अंकुश ने बताया कि पढ़ाई के दौरान मेरे गुरु विकाश मिश्रा का अहम योगदान रहा है। आज उनके मार्गदर्शन के बदौलत हमे बिहार में 12 वी रैंक प्राप्त हुआ है। अंकुश आगे चलकर आईएएस बनना चाहता है। वही उसके पिता उपेन्द्र कुमार यादव पटना में दरोगा के पद पर कार्यरत है। अंकुश के शिक्षक सह मार्गदर्शक विकास मिश्रा ने बताया कि तीन बहनों से छोटा अंकुश शुरू से मेधावी छात्र रहा है। पढ़ाई को लेकर काफी मेहनती है। वही अंकुश की इस कामयाबी पर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष दिलीप मिश्र, मुखिया प्रभात बैठा ने शुभकामनाएं दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रीराम चौक यज्ञ स्थल से निकाली कलश यात्रा

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चैनपुर बाजार में रामनवमी के अवसर पर रविवार को श्रीराम चौक यज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा गाजे बाजे, हाथी घोड़े के साथ यज्ञस्थल से निकलकर बाजार एवं नगर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर दाहा नदी के घाट पर पहुंची जहां आचार्य लक्ष्मीनिधि मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराई गई।जलभरी के बाद पुनः इसी रास्ते श्रधालु जल लिए यज्ञ स्थल तक पहुंचे।जलभरी के दौरान श्रद्धालुओं ने नौ दिन तक चलने वाली इस नवरात्रि पूजा में कलश स्थापना का संकल्प लिया। वही सिसवन प्रखंड के जई छपरा गांव स्थित काली मंदिर पर होने वाले नवरात्र को लेकर कलश यात्रा निकाली गई जिस में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इधर सिसवन प्रखंड क्षेत्र के उबधी बखरी गांव में संकट मोचन मंदिर के तृतीय वार्षिक उत्सव को ले आयोजित श्री मारुति नंदन महायज्ञ के लिये रविवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गई।यज्ञ मंडप में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु कलश ले बखरी आनंद बाग मठ के सामने दाहा नदी घाट पहुँचे व मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की व तब यज्ञ मंडप पहुँचे जंहा आचार्यों ने पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश कराया।

### अधिकारियों ने लिया मनरेगा खेल मैदान निर्माण का जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा के द्वारा चल रहे खेल परिसर निर्माण कार्य का अधिकारियो ने जायजा लिया है। इस दौरान मनरेगा के कार्यपालक अभियंता सुरेश कुमार चैधरी, कार्यक्रम पदाधिकारी शील भूषण ने दो पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवक्ता व निर्माण सामग्री जा जायजा लिया है। इस दौरान अधिकारियो ने जेई एवं पीआरएस को आवश्यक निर्देश भी दिया। अधिकारियों ने सबसे पहले प्रखंड के कुंडीलपुर पंचायत के वार्ड चार बरगजवा में चल रहे खेल मैदान निर्माण कार्य का जायजा लिया। इसके बाद वे राजपुर तुमकड़िया पंचायत के वार्ड 11 के राजपुर बरईटोला में पहुंचे और वहां निर्माण कार्य की सामग्री व गुणवत्ता का जायजा लिया। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी शील भूषण ने बताया कि कार्यपालक अभियंता ने दो पंचायतों में मनरेगा खेल परिसर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान मनरेगा जेई ज्ञानेंद्र पांडेय, राजपुर तुमकड़िया मुखिया संतोष कुमार साह, मुखिया प्रतिनिधि अभय कुमार सिंह, पीआरएस मणिकांत, अंकुर नारायण, अरविंद चैरसिया आदि उपस्थित रहे।

# निरीक्षी न्यायाधीश ने किया प्रस्तावित जेल भूमि का निरीक्षण

## बेतिया हजारी मैदान में बनेगा न्यायालय का नया भवन



**बेतिया/नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पुलिस लाईन के आसपास के हजारी के मैदान में एक हिस्से में व्यवहार न्यायालय का अतिआधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण न्यायिक भवन एवं आवासीय कालोनी का निर्माण कराया जायेगा। इन संभावनाओं को देखते हुए रविवार को पश्चिम चम्पारण के निरीक्षी जज और पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रभात कुमार सिंह ने डीएम दिनेश कुमार राय, बेतिया एसपी डॉ शौर्य सुमन और अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। रविवार को निरीक्षी जज, डीएम, एसपी और अन्य अधिकारियों के साथ बेतिया स्थित राज के हजारी पहुंचे।

उन्होंने बेतिया राज की जमीन का निरीक्षण किया और डीएम से उसके विषय में जानकारी ली। इस भूमि को बेतिया कोर्ट के एक्सटेंशन के लिए देखा परखा गया। निरीक्षी न्यायाधीश ने बेतिया राज के खाली पड़े कई भूखंडों का जायजा लिया। उन्होंने भविष्य की योजनाओं एवं आवश्यकता पड़ने पर पुनः नई जमीन की खोज नही करनी पड़े इन सभी संभावनाओं को देखते हुए ही जमीन का चयन करने की आवश्यकता बताई। इसके बाद न्यायमूर्ति श्री सिंह के साथ अधिकारियों का दल नरकटियागंज चला गया। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड के केहुनिया रोआरी पंचायत के मौजा रोआरी में जेल भवन के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करने रविवार को पटना हाई कोर्ट के निरीक्षी न्यायाधीश प्रभात कुमार सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित जेल भवन के लिए चिन्हित भूमि का जायजा लिया। भूमि का जायजा लेने के क्रम में उन्होंने जिला जज आनंद नंदन सिंह, डीएम दिनेश कुमार राय, एडीएम राजीव कुमार सिंह को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। वहीं आवासीय भवन के लिए भूमि चिन्हित करने को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिया। एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मौजा रोआरी में जेल के लिए करीब 12 एकड़ भूमि प्रस्तावित है। जहां जेल बनेगा। इसको लेकर आगे की प्रक्रिया चल रही है। वहीं आवासीय भवन के लिए मुरलीडीह में तीन एकड़ भूमि चिन्हित है। हालाकि वरीय पदाधिकारियों ने शहर के समीप हीं सरकारी भूमि को प्राथमिकता देते हुए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया है। वही विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजीव वर्मा ने निरीक्षी न्यायाधीश को एक मांग पत्र भी सौपा है। मौके पर बेतिया परिवार न्यायालय के जज राजीव रंजन कुमार, अपर जिला जज प्रमोद कुमार यादव, नरकटियागंज व्यवहार न्यायालय के अवर न्यायाधीश सुकुल राम, मुंसिफ संजीव कुमार, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, नाजिर संजीव कुमार तिवारी, नाजिर अजय कुमार झा, विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, सचिव लक्ष्मण प्रसाद समेत कई उपस्थित रहे।

### विद्या भारती के कार्यकारिणी सदस्य बने डॉ शरद



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ शरद चौधरी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली विश्व की सबसे बड़ी गैर सरकारी शैक्षणिक संगठन विद्या भारती की उत्तर पूर्व क्षेत्रीय इकाई विद्या भारती बिहार के कार्यकारिणी सदस्य बनाएं गए. विद्या भारती पूरे देश सरस्वती विद्या मंदिर व सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से हजारों विद्यालयों का संचालन करती है. उत्तर पूर्व क्षेत्र, जिसमें बिहार और झारखंड राज्य आते हैं. इस क्षेत्र में लगभग छः सौ विद्या भारती विद्यालय संचालित किए जाते हैं.डॉ शरद चौधरी को विद्या भारती विद्यालयों को संचालित करने वाली सर्वोच्च इकाई विद्या भारती बिहार के कार्यकारिणी सदस्य बनाएं जाने सीवान नगर के कई राष्ट्रवादी कार्यकताओं ने डॉ शरद चौधरी को बधाई दी है.

# फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर 8.17 लाख गबन का आरोप

## शाखा प्रबंधक ने पांच कर्मियों के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के जगदीशपुर में संचालित स्पंदना स्फूर्ती फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी के पांच कर्मियों के विरुद्ध 8.17 लाख रुपये गबन करने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जगदीशपुर थाने में कंपनी के शाखा प्रबंधक सारण जिला के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के विक्रमपुर वार्ड सात निवासी मुन्ना कुमार प्रसाद ने 8 लाख 17 हजार 555 रुपये गबन कर लेने का आरोप लगाते हुए शाखा में कार्यरत पांच कर्मियों को नामजद किया है। सदर एसडीपीओ टू रजनीशकांत प्रियदर्शी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्राथमिकी में कंपनी के जगदीशपुर शाखा के ऋण अधिकारियों को आरोपित किया गया है। इसमें पूर्वी चंपारण के मेहसी थाना अंतर्गत बखरी नजीर निवासी मुकेश कुमार, पिपरा कोठी थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी मुकुल कुमार, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के रामपुर नरसिंह निवासी दिलीप कुमार, मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के राजेपुर निवासी रोहित कुमार व चनपटिया थाना क्षेत्र के मोतीटोला वार्ड नौ निवासी दशरथ कुमार यादव का नाम शामिल है। मुकेश कुमार पर तीन लाख 57 हजार रुपये, रोहित कुमार पर 68 हजार 187 रुपये, मुकुल कुमार पर 63 हजार 660 रुपये, दशरथ कुमार यादव पर 50 हजार 680 रुपये, दिलीप कुमार पर दो लाख 18 हजार 28 रुपये गबन करने का आरोप है। शाखा प्रबंधक मुन्ना कुमार प्रसाद ने प्राथमिकी में पुलिस से बताया है कि रिजर्व बैंक से पंजीकृत स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी ग्रामीण महिलाओं को समूह में छोटे-छोटे व्यवसाय करने के लिए ऋण देती है और मासिक किस्त के अनुसार पैसा कलेक्शन करती है। कंपनी के नामजद पांचों ऋण अधिकारियों ने मिलकर नौ फरवरी 2024 से अब तक महिला ग्राहकों को बहला फुसलाकर, ज्यादा ऋण प्रदान करने का लालच देकर और झूठ बोलकर एडवांस कलेक्शन कर लिया। सुनियोजित साजिश के तहत ऋण के किस्त का आठ लाख 17 हजार 555 रुपये गबन कर लिया। कंपनी के इंटरनल ऑडिट के दौरान इसकी जानकारी हुई। गबन की जानकारी होने पर पांचों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई। लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार का जवाब नहीं देने पर उन्हें कंपनी के सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

### आरोप पत्र समर्पित नहीं करने को लेकर एसपी से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस द्वारा 34 माह बाद भी न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित नही करने के मामले में नगर के चीनी मिल रोड निवासी राकेश कुमार झा ने एसपी से शिकायत की है। एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि अनुसंधानकर्ता द्वारा न्यायलय में आरोप पत्र सुपुर्द नही किया जा रहा है। इसके चलते दूसरे पक्ष के द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। उसने एसपी से मामले में कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब हो कि मई 2022 में बेतिया जाने के दौरान कोइरगावा चैक पर उसकी बाइक रोक मारपीट की गई थी।जख्मी हालत में राजेश को जीएमसीएच रेफर किया गया था और फर्द बयान के आधार पर शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।अनुसंधान में भी मामला सत्य पाया गया था।किंतु पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# विकसित राष्ट्र बनाना है तो राष्ट्रवादी विचार धारा का करना होगा प्रचार-प्रसार : रामलाल सिंह

## राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार की रणनीति पर मंथन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार की संध्या में डॉक्टर्स कॉलोनी में कृष्णचंद्र गांधी मीडिया शोध और प्रशिक्षण संस्थान की एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रचार प्रसार की रणनीति पर विचार मंथन किया गया. बैठक में विद्या भारती के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह शामिल हुए.

बैठक का संचालन संस्थान के समन्वयक नवीन सिंह परमार ने किया. शनिवार की संध्या में नगर के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित डॉक्टर शरद चौधरी के निवास स्थान पर कृष्णचंद्र गांधी मीडिया शोध और प्रशिक्षण संस्थान की बैठक में सबसे पहले संस्थान के पदाधिकारियों ने आपसी परिचय किया.संस्थान की उपलब्धियों और विकास यात्रा पर समन्वयक नवीन सिंह परमार ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला.मुख्य अतिथि विद्या भारती के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह का स्वागत किया गया. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान देना होगा.सभी के समर्पित और सकारात्मक योगदान के बल पर ही हम अपने राष्ट्र के विकास की मजबूत बुनियाद को स्थापित कर सकते हैं. संस्कार और संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव ही हमारे व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान कर सकती है.सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, ह्वस्वह्न आधारित व्यवस्था का आग्रह और नागरिक कर्तव्य के प्रति अनुराग ही हमारे राष्ट्र को विकास के पथ पर ले जा सकता है. उन्होंने उम्मीद जताया कि कृष्णचंद्र गांधी मीडिया शोध और प्रशिक्षण संस्थान राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहेगा.इस बैठक में संस्थान द्वारा भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया और महेंद्र कुमार स्मृति पुस्तकालय के गठन का निर्णय भी किया गया. समय समय पर वैचारिक संगोष्ठियों और सेमिनार के आयोजन, निरंतर ई पत्रिका के प्रकाशन, आदि के संबंध में निर्णय लिए गए. सीवान नगर के महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में स्थित कृष्णचंद्र गांधी मीडिया शोध और प्रशिक्षण संस्थान के कार्यालय की बुनियादी संरचना के विकास पर भी विचार विमर्श किया गया.

मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर शरद चौधरी ने विद्या भारती के प्रदेश सचिव की बैठक में उपस्थिति पर आभार जताया और संगठन के लक्ष्यों के प्रति प्रयासरत रहने का संकल्प जताया.इस अवसर पर विद्या भारती के विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, कृष्णचंद्र गांधी मीडिया शोध और प्रशिक्षण संस्थान के संरक्षक रमेश कुमार सिंह, मार्गदर्शक मंडल के सदस्य डॉक्टर गणेश दत्त पाठक, उपाध्यक्ष दीनबंधु सिंह और अनुराधा गुप्ता, सचिव इंदल कुमार सिंह, सदस्य नीतू सिंह , जादूगर विजय, डॉ अमित कुमार, सौरभ सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, अमित कुमार वर्मा, डॉ सुधीर कुमार सिंह,केशव कुमार आदि उपस्थित रहे.

# नव वर्ष के अवसर पर संस्कार भारती के दैनंदिनी का हुआ विमोचन

## रेनुआ श्री राम जानकी मंदिर में हुआ नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कला व साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती सीवान इकाई द्वारा रविवार को रेनुआ श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थित श्री वैष्णव प्रताप वैदिक गुरुकुल सेवा संस्थान में नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनवासी कल्याण केंद्र के पूर्व अध्यक्ष राय वीरेंद्र राय,आचार्य रणविजय प्रताप तिवारी,विद्या भारती उत्तर बिहार के संगठन सदस्य डॉ शरद चौधरी,डॉ राजन कल्याण सिंह,रूपेश कुमार,जादूगर विजय,राम प्रेम शंकर,चंदन कुमार एवं वार्ड पार्षद सचिन कुमार सिंह किरानी द्वारा संयुक्त रूप से संस्कार भारती के दैनंदनी का विमोचन किया गया.जादूगर विजय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को हिन्दी नव वर्ष की शुभकामनाएं देते अंग वस्त्रम से सम्मानित करते हुए संस्कार भारती की दैनंदनी को भेंट किया.गुरुकुल के छात्रों ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को चंदन का टीका लगाया.डॉक्टर राजन कल्याण सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के सहयोग से लगभग एक साल से मंदिर परिसर स्थित श्री वैष्णव प्रताप वैदिक गुरुकुल सेवा संस्थान में गरीब बच्चों को निःशुल्क वैदिक शिक्षा दी जाती है.बच्चों को वैदिक शिक्षा देने वाले उत्तर प्रदेश बलिया के आचार्य रणविजय प्रताप तिवारी ने बताया कि बच्चों को कर्मकांड,व्याकरण,ज्योतिष एवं संस्कृत में वातार्लाप करने की शिक्षा दी जाती है.उन्होंने बताया कि गांव में किसी को पूजा पाठ की जरूरत होती है तो हम सभी लोग उसमें भाग लेकर पूजा पाठ को सम्पन्न कराते हैं.इस अवसर पर डॉ राकेश तिवारी,राजेश पाठक, प्रेमकांत यादव,अनिल सिंह,अश्विनी कुमार,सुनील कुमार,शैलेश सिंह,रूपेश सिंह,मुगल सिंह सहित गांव के लोग शामिल हुए.कार्यक्रम के अंत में नव वर्ष के अवसर पर समरसता भोज का भी आयोजन किया गया.

### एमएमपीएस का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी मुख्यालय स्थित मॉडर्न मिशन पब्लिक स्कूल द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा एक से नौवी तक के क्लास टॉपर बच्चों को साइकिल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करते हुये विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार राय ने यह भी घोषणा किया कि अगले सत्र में क्लास टॉपर बच्चों को साईकिल की जगह लैपटॉप दिया जायेगा। उनके इस घोषणा के बाद मौजूद अभिभवकों ने ताली बजाकर उनके इस प्रस्ताव का स्वागत किया। जिन छात्र छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया उनमें कक्षा नौ प्रीति साहनी,कक्षा आठ इशिका कुमारी,कक्षा सात संजीवनी बर्णवाल,कक्षा छः प्रिया साहनी व सृष्टि सिंह,कक्षा दो अनामिका सिंह सहित कई अन्य शामिल है। सभी बच्चों को उनके वर्ग शिक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा प्रबन्ध निदेशक द्वारा साइकिल प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल अजय कुमार राय ने मंच संचालन करते हुये सभी बच्चों के सुनहरे भविष्य की मंगलकामनाएं दी।

# मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट प्राप्त कर कोचिंग संस्थान के छात्रों ने लहराया परचम





**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र और छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिजनों की मान, सम्मान बढ़ाते हुए शिक्षण संस्थानों में परचम लहराया है। इस संदर्भ में जिले के एस. के. कोचिंग क्लासेज सियाड़ी मठिया के छात्र और छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रतिभा और शानदार सफलता पर शिक्षण संस्थान में एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक सुनील कुमार पर्वत ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी है। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सुरज कुमार को 455, दिलनवाज हुसैन को 450, सिल्पी कुमारी को 429, अंकित कुमार यादव को 420,आंचल कुमारी को 393, प्रिया कुमारी को 391 मार्क्स प्राप्त हुए हैं। वहीं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय हबीबनगर की छात्रा सिमरन कुमारी को 454 मार्क्स प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर श्री पर्वत ने अपने संबोधन में कहा कि "यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्र और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं कोचिंग संस्थान के प्राचार्य कृपा सागर पर्वत ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "हमारे संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है उनके परिणामों ने हमारे प्रयासों को सफल साबित किया है।" सम्मानित समारोह में संस्थान के शिक्षकों में बसंत कुमार पर्वत, अरुण कुमार शर्मा, ज्योति कुमारी, रिजवान अंसारी, आशीष तिवारी ने भी छात्रों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल की कामनाएं की है।

# ग्रामीण छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद: विकास राठौर

## छात्र-युवाओं को खेलकूद व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हरसंभव मदद करने की बात कही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**एकमा (सारण)।** आज के दौर में जब अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं ऑनलाइन हो रही हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए भी कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य हो गई है।

ग्रामीण क्षेत्र के छात्र एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, बीपीएससी, यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तो ऑफलाइन करते हैं, लेकिन परीक्षा ऑनलाइन होने के कारण कंप्यूटर ज्ञान के अभाव में वे सफलता से वंचित रह जाते हैं। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से जीबी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का रसूलपुर में उद्घाटन किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आ रही कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर ने रविवार को रसूलपुर स्थित चैनपुर रोड में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर जीबी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया। उन्होंने इंस्टिट्यूट के निदेशक रवि कुमार की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने में उनकी भूमिका प्रशंसनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों व युवाओं को खेलकूद व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के निदेशक रवि कुमार, सह-निदेशक पुनीत त्रिपाठी, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, प्रशिक्षक राहुल कुमार, धूमल दुबे, सोनू तिवारी, तारकेश्वर कुमार, मुरली प्रसाद, बबलू शर्मा, मनोज शर्मा, शुभम शर्मा आदि अन्य लोग मौजूद थे।

### नीतीश कुमार सिंह ने 435 नंबर ला किया पंचायत और परिवार का नाम रौशन

**महाराजगंज/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज प्रखंड के भीखा बांध ब्रिती टोला निवासी देवेंद्र कुमार सिंह के पुत्र नीतीश कुमार सिंह ने दसवीं की परीक्षा में 435 नंबर ला कर अपने पंचायत और परिवार का नाम रौशन किया एवं अन्य छात्र जुली कुमारी 373 गायत्री कुमारी 367 नंबर प्रिंस कुमार 337 नंबर लाकर अपने परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल बना है वहीं छात्र छात्रा एवं अभिभावक, बीडी पब्लिक स्कूल तिवारी एकेडमी के निर्देशक ईलुबाबा मंटुस सर जी को बता रहे हैं तिवारी एकेडमी से 40 छात्र- छात्रा प्रथम श्रेणी से पास हुए है और 15 द्वितीय श्रेणी से छात्र-छात्रा पास हुए हैं.

# बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग में पन्द्रह घर जलकर खाक

## अंचलाधिकारी ने अग्नि पीड़ितों को दिया प्लास्टिक कीट



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बखरिया महादलित बस्ती वार्ड नं 2 में बिजली की शॉट सर्किट से लगी आग में 15 परिवारों का आशियाना जलकर राख हो गया।आग इतना भयावक था कि एक घर से शुरू हुआ और देखते देखते 15 घरों को जलाकर खाक कर दिया।इस आगलगी में लव मांझी, रवि मांझी, अनिल मांझी, दुखी मांझी, रामदेव मांझी, भगेलु मांझी, भिखारी मांझी, सुखाड़ी मांझी, मनु मांझी, सूरज मांझी, लोरिक मांझी, बिजली मांझी, किशोरी मांझी, श्याम बिहारी मांझी एवं कैलाश मांझी का घर जलकर खाक हो गया।जिसमें दो बाइक सहित मवेशी भी अग्नि की भेंट चढ़ गई।जिसे 15 परिवारों को आसमान के निचे रहने को मजबूर हो गए।सूचना पर पहुंची अग्नि शमन की टीम तबतक 15 लोगों का घर जलकर राख हो गया।इस आगलगी में कपड़ा बर्तन, फर्नीचर मवेशी, बाइक सहित दस लाखों की अधिक की मूल्यों की समान जलकर खाक हो गया।अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने घटना स्थल पहुचकर अग्नि पीड़ितों के बीच प्लास्टिक किट का वितरण किया।उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मचारी को भेजकर क्षति का आकलन करा लिया गया है।जल्द ही अग्नि पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध करा दी जायेगी।

# डायबिटीज के उपचार तथा नियंत्रण पर दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन संपन्न

## सम्मेलन में उभर कर आए तथ्यों से डायबिटीज पर नियंत्रण में मिलेगा सहयोग : डॉ बी.के. सिंह






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडीज ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के बिहार चैप्टर का राज्यस्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन रविवार को औरंगाबाद के एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के ऑडिटोरियम में संपन्न हो गया । इस सेमिनार में बिहार और देशभर के करीब 300 से अधिक डायबिटीज विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के समापन समारोह में संस्था की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बिहार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ सुप्रियो मुखर्जी ने कहा है कि डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए चिकित्सकों, समाजसेवियों और सरकार को विशेष रूप से प्रयास करना होगा। डॉ. मुखर्जी ने आरएसएसडीआई के बिहार चैप्टर के राज्य स्तरीय सम्मेलन के समापन समारोह में कहा कि संयमित खान- पान और नियमित जीवन शैली को अपना कर डायबिटीज पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके लिए डॉक्टरों की निगरानी में मरीज को स्वयं की जीवन शैली पर विशेष रूप से ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज को नियंत्रित करने और इसके उपचार के लिए चिकित्सा क्षेत्र में भी शोध को बढ़ाने की जरूरत है तथा इससे कैसे मुक्ति पाई जा सकती है, इस पर भी चिकित्सकों को विशेष अनुसंधान प्रयोग करने की आवश्यकता है। राज्य और केंद्र सरकारों को भी डायबिटीज पर शोध को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने की जरूरत है। इस अवसर पर आयोजन सचिव एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी के सिंह ने कहा कि इस दिशा में चिकित्सकों की प्रतिष्ठित संस्था आरएसएसडीआई को भी बढ़-चढ़ कर कार्य करना चाहिए और इस पर नियंत्रण तथा बचाव के लिए जागरूकता अभियान को तेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन से कई महत्वपूर्ण तथ्य और निष्कर्ष निकलकर सामने आए हैं जो आने वाले दिनों में डायबिटीज पर नियंत्रण में सहायक सिद्ध होंगे। निर्वाचित अध्यक्ष डॉ शैवाल गुप्ता ने कहा कि यह बिहार के लिये गर्व की बात है कि डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी की जागरूकता एवं उसके तकनीकी, चिकित्सकीय पक्ष पर मंथन करने के लिये राज्यस्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। उपाध्यक्ष डॉ सुभाष कुमार ने कहा कि इस सेमिनार में चिकित्सकों के विचार विमर्श एवं सुझावों से जो तथ्य सामने आए हैं वह निश्चित ही जनस्वास्थ्य के लिए लाभदायक होंगे। सचिव डॉ विजय कुमार ने डायबिटीज की रोकथाम, दवा और इंसुलिन की मात्रा घटाने के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि डायबिटीज वालों के खून में शुगर ज्यादा होती है जिससे कीटाणु बढ़ जाते हैं। इससे शरीर का सुरक्षा तंत्र कमजोर हो जाता है और वह अन्य रोगों से लड़ने की क्षमता घटा देता है। डायबिटीज के उपचार में भोजन और जीवन शैली में तालमेल बढ़ाने की जरूरत है। गौरतलब है कि कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में आरएसएसडीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनुज माहेश्वरी, डॉ ए एन रॉय, डॉ एस. बी. प्रसाद, डॉ. रवि रंजन, डॉ. शोभा रानी, डॉ ओमप्रकाश, डॉ अजय कुमार, डॉ सुप्रियो मुखर्जी, डॉ विजय कुमार, डॉ आनंद शंकर, डॉ मनीष प्रसाद, डॉ. वैभव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# आज ही के दिन हुआ था दाउदनगर अनुमंडल का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



दाउदनगर अनुमंडल के गठन (स्थापना) के अवसर पर 31 मार्च 1991 को आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद 'नवबिहार टाइम्स' पढ़ते हुए (प्रथम चित्र में)।

औरंगाबाद। वर्ष 1973 में औरंगाबाद जिले के गठन के बाद से जिले में एक ही अनुमंडल था और प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी इसे विभाजित किया जाना जरूरी समझा जा रहा था। इस पूरे आंदोलन का नेतृत्व वरिष्ठ समाजवादी नेता रामविलास सिंह कर रहे थे जिन्होंने ओबरा विधानसभा क्षेत्र का कई बार प्रतिनिधित्व किया। 1991 में वे बिहार के राजस्व, भूमि सुधार, उत्पाद, मद्य निषेध, राहत एवं पुनर्वास मंत्री बने थे। कांग्रेस के दबदबे को हटाकर लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बने थे और जन नायक के रूप में तेजी से स्थापित हुए थे। 1990 में हुए सत्ता परिवर्तन ने दाउदनगर अनुमंडल के गठन के मार्ग को प्रशस्त कर दिया था और रामविलास बाबू का व्यक्तिगत राजनीतिक कद इसमें काफी सहायक साबित हुआ था। दाउदनगर अनुमंडल के गठन में तत्कालीन सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की भी मुख्य भूमिका थी। तब सम्पूर्ण औरंगाबाद जिला एक संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद के तहत आता था और लूटन बाबू उसके सांसद थे। दाउदनगर भी उन्हीं के निर्वाचन क्षेत्र के तहत था और उन्होंने भी इस नये अनुमंडल के गठन के लिए तत्कालीन राज्य सरकार पर दबाव बनाया था। वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर याद करते हैं 31 मार्च 1991 का वह दिन जब दाउदनगर को औपचारिक रूप से अनुमंडल बनाए जाने की घोषणा करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव दाउदनगर आ रहे थे। मुख्य कार्यक्रम दाउदनगर के टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया था और वही के एक भवन को अनुमंडल कार्यालय के रूप में निश्चित किया गया था। जिस वक्त इस अनुमंडल के गठन का नोटिफिकेशन पढ़ा जा रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव इसकी घोषणा कर रहे थे, उस वक्त बिहार के वरिष्ठ पत्रकार संपादक कमल किशोर उन चंद लोगों में से एक हैं जिन्होंने दाउदनगर अनुमंडल के सृजन की पूरी प्रक्रिया, संघर्ष और इसे फलीभूत होते अपनी आंखों से देखा था। कमल किशोर प्रेस दीर्घा में मौजूद थे और इस ऐतिहासिक क्षण के चश्मदीद गवाह रहे हैं।

# हरि ओम कॉमर्स के विद्यार्थियों द्वारा विश्वकल्याणार्थ हवन-पूजन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विक्रम संवत 2082 एवं नूतन शैक्षणिक सत्रारंभ के पावन अवसर पर हरि ओम कॉमर्स के विद्यार्थियों ने 10 वर्षीय आचार्य पं. शशांक मिश्रा जी के निर्देशन में विश्वकल्याणार्थ हवन-पूजन का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने भारतीय संस्कृति एवं विज्ञान के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।अपने संबोधन में उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति में जीवन जीने की शैली एवं सामाजिक तथा पारिवारिक आचरण के लिए जो भी मर्यादाएँ निर्धारित की गई हैं, वे पूर्णतः वैज्ञानिक हैं। हमें अध्यात्म एवं विज्ञान के बीच के संबंध को समझना चाहिए और तदनुसार व्यावहारिक जीवन जीना चाहिए। यह धारणा गलत है कि आध्यात्मिक व्यक्ति योद्धा नहीं हो सकता। वास्तव में, अध्यात्म और शौर्य का समन्वय स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मानसिक दृष्टि से व्यक्ति को दुर्बल, कायर, समझौतावादी या परावलंबी बनाना अध्यात्म की प्रवृत्ति नहीं है बल्कि, अध्यात्म से संकल्प शक्ति तीव्र होती है और मानसिक एवं आत्मबल में आश्चर्यजनक वृद्धि होती है। संस्थान की वरिष्ठ छात्रा एवं मेंटर रानी कुमारी सिंह ने कहा कि हरि ओम कॉमर्स में विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है, बल्कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय गतिविधियों में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। इससे उनकी संकल्प शक्ति मजबूत होती है और वे प्रत्येक क्षेत्र में श्रेष्ठ उपलब्धियां प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। यह आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जो भविष्य में उनके व्यक्तित्व एवं समाज सेवा की भावना को सशक्त बनाएगा।

परसा पंचायत एवं शिवाजीनगर प्रखंड के सभी जनता मालिकों, पदाधिकारीगण एवं मीडिया बंधु को ईद एवं चैती छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज कुमार
पंचायत समिति सदस्य
ग्राम- खरसाम, पंचायती राज परसा
प्रखण्ड- शिवाजीनगर, जिला- समस्तीपुर

ईद एवं नवरात्रि की हार्दिक बधाई
औरंजेब अंसारी
भावी प्रत्याशी
हसपुरा उत्तरी जिला परिषद
क्षेत्र संख्या 03 (औरंगाबाद)

ईद एवं चैती छठ की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वनाथ पासवान
पूर्व विधायक, वारिसनगर
चंदन कुमारी
मुखिया- बंधार पंचायत
शिवाजीनगर प्रखंड (समस्तीपुर)

ईद, छठ पूजा एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई
मुमताज अहम जुगनू
प्रदेश महासिचव
जदयू (बिहार)
ईद की दिली मुबारकबाद
नाजनी प्रवीण
नगर पार्षद, वार्ड सं. 22
औरंगाबाद (बिहार)

ईद, छठ पूजा एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई
ऑप्टिकल जोन चश्मा दुकान
ईद की दिली मुबारकबाद
नजर एवं धूप के चश्में कम्प्यूटर द्वारा जांच करके बनाया जाता है।
पता : एम.जी.रोड, औरंगाबाद (बिहार)

ईद की दिली मुबारकबाद
मो. शादाब जेया
प्रधान शिक्षक
उर्दू प्राथमिक विद्यालय, रहमतगंज
मसौढ़ी (पटना)

एकमा विधानसभा क्षेत्र वासियों को चैत नवरात्रि, ईद, चैती छठ एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विकास सिंह राठौर
राष्ट्रीय एथलीट
ग्राम: योगियां प्रखंड-एकमा (सारण)।
तनुजा सिंह
जिलाध्यक्षा, जिला सेपकटाकरा एसोसिएशन, छपरा (सारण)

हिन्दू नववर्ष एवं ईद की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मो. मतिउर्रहमान रुमी
M.B.B.S. (DAR); D.O. (PAT); F.I.A.M.S. (IND)
आंख, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
आधुनिक मशीनों द्वारा आंख में लेंस लगाया जाता है।
महाराजगंज रोड, औरंगाबाद (बिहार)
ईद की दिली मुबारकबाद

ईद, चैती छठ एवं रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
AIM PUBLIC SCHOOL
KISHUNPUR, TOLA SEKHBIGHA (CHHAKANBAG), AURANGABAD
नामांकन निः शुल्क
मो. परवेज आलम
निदेशक

समस्त बिहार वासियों को ईद, चैती छठ एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई
Zeba Steel
Tikari Road, Aurangabad (Bihar)
ईद की दिली मुबारकबाद
Md. Aslam
M.- 9431263872

ईद, चैती छठ एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई
जफर इमाम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
दाउदनगर (औरंगाबाद)

